जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



ARBiT




**The Evolution of Stardom** — SRK took the mic and spoke to his fans outside the stadium, "You made me who I am," the crowd erupted. Fans had travelled across the globe to see him, proving that even in a digital world, real-life devotion still exists

**World's Best Hiking Trails**

**A Historic Discovery in Norway**

# पूर्व सेबी चीफ माधवी बुच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश

## विशेष एसीबी अदालत ने कहा कि वह स्वयं जांच की निगरानी करेगी

■ **न्यायाधीश शशिकांत एकनाथ राव बांगड ने आदेश में लिखा कि बुच व 5 अन्य के खिलाफ नियमों में चूक व मिलीभगत के प्रथम दृष्टया सबूत मिले हैं, इसलिये एक निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।**

मुंबई, 02 मार्च। मुंबई की एसीबी अदालत ने पूर्व सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और 5 अन्य के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और नियामक उल्लंघनों के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरी (एसीबी) वर्ली को आदेश दिया कि वह माधबी पुरी बुच, ऑल टाइम मेंबर्स अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण, कमलेश चंद्र वर्श्नेय, बीएसई के सीईओ सुंदररमन राममूर्ति और पूर्व चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें।

विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश, शशिकांत एकनाथराव बांगड़ ने पारित आदेश में कहा, '' इन व्यक्तियों के खिलाफ नियमों में चूक और मिलीभगत के प्रथम दृष्टया सबूत मिले हैं, इसलिए इसमें एक निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।''अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगी। 30 दिनों के भीतर मामले की स्थिति रिपोर्ट मांगी है।

अदालत के आदेश में यह भी जिक्र किया गया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ जो आरोप लगे हैं वह संज्ञानीय अपराध की प्रकृति के हैं, जिसके लिए जांच की आवश्यकता है।

कोर्ट ने कहा, ''कानून प्रवर्तन (एजेंसियों) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है।''

इस केस के शिकायतकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ कथित जांच की मांग की थी। शिकायतकर्ता एक मीडिया रिपोर्टर हैं और उन्होंने कहा है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, नियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल हैं।

आरोप में कहा गया है कि एक कंपनी थी, 1992 के सेबी अधिनियम और उसके तहत नियमों और विनियमों के अनुपालन के बिना स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग की गई थी। आरोप में कहा गया है कि इस लिस्टिंग में नियामक एजेंसियां, खास तौर से सेबी की सक्रिय मिलीभगत रही है।

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपनी वैधानिक जिम्मेदारी निभाने में नाकामयाब रहे हैं। आरोप लगाया गया है कि सेबी ने बाजार में हेरफेर को शह दी और एक ऐसी कंपनी को लिस्टिंग की इजाजत दी जो तय मानदंडों को पूरा नहीं करती थी।

शिकायतकर्ता ने कहा कि पुलिस स्टेशन और संबंधित नियामक निकायों से कई बार संपर्क करने के बावजूद, उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## केन्द्रीय मंत्री खडसे की पुत्री से मेले में छेड़छाड़

जलगांव, 02 मार्च। एक चौंकाने वाली घटना में महाराष्ट्र के जलगांव में रविवार को अज्ञात लोगों ने केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह घटना उस समय हुई,जब खडसे की बेटी अपने दोस्तों के साथ शहर के मुक्ताईनगर इलाके में एक यात्रा (मेला) में गयी थी, जहां अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ की। सुरक्षा गार्डों के प्रयासों के बावजूद अपराधी मौके से भाग निकले।

घटना के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला कार्यकर्ताओं और लड़कियों के साथ आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए

■ **सुरक्षा गार्डों के प्रयास के बावजूद अपराधी मौके से भाग गये।**

अज्ञात अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने पहुंची।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे ने घटना की निंदा की और इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं केवल मुक्ताईनगर में नहीं बल्कि पूरे राज्य में हो रही हैं। उन्होंने कहा, जब मेरी पोती ने मुझे इस बारे में बताया तो मैंने उसे खुद जाकर शिकायत करने को कहा। ऐसी घटनाओं में लड़कियां शिकायत दर्ज कराने से डरती हैं, इसलिए मैंने उसे भेजा। जब पुलिस ने इन अपराधियों को रोका तो उन्होंने पुलिस के साथ भी मारपीट की।

# किसानों को 5 रुपये में बिजली का स्थायी कनेक्शन मिलेगा

## मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ने कहा कि यह योजना पहले मध्य क्षेत्र में लागू की जायेगी

■ **मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि तीन साल में राज्य में 30 लाख सोलर पंप दिये जायेंगे।**

भोपाल, 02 मार्च। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को किसानों को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश के किसानों को 5 रुपये में बिजली का स्थायी कनेक्शन मिलेगा। योजना मध्य क्षेत्र में सबसे पहले लागू की जाएगी। इसके बाद पश्चिम क्षेत्र में इसका विस्तार होगा। मुख्यमंत्री राजधानी भोपाल में आयोजित किसान सम्मान आभार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार इस बजट में किसानों को सोलर पंप के माध्यम से बिजली के झंझट से मुक्त करने की प्लानिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि अगले तीन साल में 30 लाख सोलर पंप दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी उत्पादन करने वाले किसानों से सरकार बिजली भी खरीदेगी। अभी खेतों के लिए स्थायी बिजली का कनेक्शन लेने के लिए किसानों को मोटी रकम देने पड़ती है। मध्य प्रदेश में खेती के लिए किसानों को स्थायी और अस्थाई कनेक्शन मिलता है। स्थायी कनेक्शन लेने वाले के लिए किसानों को कम से कम 7500 रुपये देने पड़ते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, मध्य प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है और यहां किसानों की ही सरकार है। किसानों की बिजली आवश्यकता को पूरा करने के लिए उन्हें मात्र 5 रुपये में बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। कंपनी दर कंपनी, इसको अलग क्षेत्रों से होते हुए पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को इसके लिए व्यवस्था करने और तत्काल लागू करने के लिए निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2003 तक प्रदेश में गेहूं खरीदी का सरकारी दाम मात्र 447 रुपये था, जिसे बढ़ाकर हमने 2600 रुपए तक पहुंचाया है। धान उपार्जन करने वाले किसानों को भी इसी सत्र से उनकी फसल का दाम 4000 रुपये क्विंटल मिलने लगेगा। जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के माध्यम से कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है। दूध पर बोनस देकर किसानों की आमदनी बढ़ाने की मंशा सरकार की है। प्रदेश की सभी निकायों में गौशाला बनाई जाएंगी। इसके लिए दिए जाने वाले खर्च को भी दोगुना किया जा रहा है। उन्नत कृषि के लिए अच्छे बीच लाए जाएंगे।

# ट्रम्प के साथ विवाद पर ज़ैलैंस्की से सार्वजनिक माफी चाहता है अमेरिका

## मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ज़ैलैंस्की के रवैये से अमेरिकी राष्ट्रपति अपमानित महसूस कर रहे हैं

■ **अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों की वार्ता में हुई गहमा-गहमी के बाद ट्रम्प ने ज़ैलैंस्की पर आरोप लगाया कि वे रुस के साथ शांति वार्ता में सहयोग नहीं कर रहे। दूसरी और ज़ैलैंस्की ने कहा कि यूक्रेन को रुस के साथ शांति वार्ता में सहयोग करने के लिये मजबूर नहीं किया जा सकता।**

मॉस्को, 2 मार्च। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प का प्रशासन वाइट हाउस में एक बैठक के दौरान हुए विवाद के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ैलैंस्की से सार्वजनिक माफी चाहता है। ब्लूमबर्ग ने एक अज्ञात यूरोपीय अधिकारी के हवाले से यह खबर दी है।

ज्ञातव्य है कि वॉशिंगटन में शुक्रवार को ट्रम्प और ज़ैलैंस्की के बीच मुलाकात हुई थी जो बाद में तकरार में बदल गई। ''फॉक्स'' न्यूज के अनुसार बैठक में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी, जिसमें ट्रम्प ने ज़ैलैंस्की पर आरोप लगाया था कि वह रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस पर यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा था कि यूक्रेन को रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया, ट्रम्प ने गरमा-गरम बहस के बाद ज़ैलैंस्की को ''बाहर निकाल दिया''। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ज़ैलैंस्की के रवैये से अपमानित महसूस किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच दुर्लभ पृथ्वी धातुओं पर एक समझौते पर हस्ताक्षर रद्द कर दिया गया।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रुबियो ने 'सीएनएन' के साथ एक साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति से ट्रम्प के साथ अपनी बैठक के बाद माफी मांगने का आग्रह किया है। विदेश मंत्री ने कहा, ज़ैलैंस्की को अपने व्यवहार के लिए माफी मांगनी चाहिए, जिसने बैठक को ''फियास्को'' में बदल दिया। ट्रम्प यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता को बढ़ावा देना चाहते हैं, लेकिन ज़ेलेंस्की के व्यवहार ने इस प्रयास को पटरी से उतार दिया है।

## प्र.मंत्री मोदी ने रमज़ान महीने की शुरुआत पर शुभकामनायें दी

नयी दिल्ली, 02 मार्च। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रमजान का महीना शुरू होने पर लोगों को शुभकामनायें देते हुये इस अवसर समाज में शांति और सद्भाव की कामना की है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रमज़ान का पवित्र माह शुरू हो रहा है, उम्मीद है कि यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लेकर आयेगा। यह पवित्र महीना आत्मचिंतन, कृतज्ञता और आस्था का प्रतीक है, साथ ही यह हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है।

■ **उन्होंने कहा कि यह पवित्र महीना आत्मचिन्तन, कृतज्ञता और आस्था का प्रतीक है।**

# परिसीमन पर स्टालिन की बैठक में अन्नाद्रमुक शामिल होगी

## पांच मार्च को चेन्नई में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का भाजपा व एनटीके बहिष्कार करेंगे

■ **तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन से जनसंख्या वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा उनके राज्य को दंडित किया जा रहा है।**

चेन्नई, 2 मार्च। केंद्र सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रस्तावित परिसीमन पर चर्चा के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा 05 मार्च को आहूत सर्वदलीय बैठक में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) शामिल होंगे , जबकि भाजपा और नाम तमिझार काची (एनटीके) इसका बहिष्कार करेंगे।

सर्वदलीय बैठक बुलाने का निर्णय कुछ दिन पहले राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया था और इसकी घोषणा स्टालिन ने की थी, जिन्होंने कहा था कि जनसंख्या के आधार पर केंद्र द्वारा प्रस्तावित परिसीमन की कसरत से तमिलनाडु में लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी।

उन्होंने जनसंख्या डेटा पर आधारित इस कसरत पर आपत्ति जताई क्योंकि तमिलनाडु को आठ सीटों का नुकसान होगा, जिससे उसकी कुल सीटें 39 से घटकर 31 हो जाएंगी, जबकि उत्तरी राज्यों को अधिक संख्या में सीटें मिलने वाली हैं और दक्षिणी राज्य बुरी तरह प्रभावित होंगे।

स्टालिन ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के लिए उन्हें केंद्र द्वारा दंडित किया जा रहा है।

इस प्रमुख मुद्दे पर भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए स्टालिन ने कहा कि पांच मार्च को एक सर्वदलीय बैठक होगी और इसके लिए भारत के चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त कुल 40 राजनीतिक दलों को निमंत्रण भेजा गया है।

अन्नाद्रमुक और पीएमके जैसे कई विपक्षी दलों ने बैठक में भाग लेने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की है, जबकि, भाजपा और एनटीके ने इसका बहिष्कार करने का फैसला किया है।

# मणिपुर में जनता ने स्वेच्छा से 42 हथियार सौंपे

■ **सुरक्षा बलों ने पहाड़ी श्रृखलाओं में 15 एकड़ में उगाई जा रही अवैध अफीम की फसल भी नष्ट की।**

इंफाल, 02 मार्च। मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान जनता ने स्वेच्छा से इंफाल पश्चिम, चुराचांदपुर, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर और तामेंगलोंग जिला पुलिस के समक्ष कुल 42 विभिन्न प्रकार के हथियार, विभिन्न गोला-बारूद, युद्ध सामग्री और अन्य वस्तुएं सौंप दीं। पुलिस ने रविवार को कहा कि हथियारों में 303 राइफल, डीबीबीएल, एसबीबीएल, ग्रेनेड, 32 पिस्तौल (देशी), पोम्पी बंदूक, वॉकी टॉकी, इंसास राइफल मैगजीन, 7.62 मिमी घातक राइफल शामिल हैं।

इसके अलावा, इम्फाल पश्चिम जिले के लमशांग-पीएस के तहत सैरेमखुल क्षेत्र से एक 5.56 मिमी इंसास एलएमजी, एक मैगजीन के साथ 5.56 मिमी गोला-बारूद के 20 राउंड, एक एके -56 राइफल सहित अन्य हथियार बरामद किए गए। सुरक्षा बलों और वन प्रभाग, तेंगनौपाल के एसडीएम की उपस्थिति में खुदेई लाइफाम की पहाड़ी श्रृंखलाओं में अवैध अफीम को नष्ट किया गया। साथ ही, तेंगनौपाल पुलिस थाना क्षेत्र में, 15 एकड़ में अवैध रूप से उगाई गई अफीम की फसल को भी नष्ट किया गया। इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले की पहाड़ियों में स्थित दो अवैध बंकरों को भी ध्वस्त कर दिया। मणिपुर पर्वत श्रृंखला के कांगपोकपी और इंफाल पूर्वी जिलों के समीपवर्ती क्षेत्रों में तीन अन्य अवैध बंकरों को ध्वस्त कर दिया गया।

## 'थकी हुई नीतीश सरकार जनता के हित में निर्णय नहीं ले पा रही'

पटना, 2 मार्च। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार में इच्छा शक्ति हो तो बेहतर प्लान के साथ सब के हित में काम हो सकता है लेकिन नीतीश सरकार एक थकी हुई सरकार है, जो जनता के हित में निर्णय नहीं ले पा रही है। यादव ने रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार सरकार कैसे काम कर रही है, यह नीति आयोग की रिपोर्ट से ही स्पष्ट होता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार शिक्षा, चिकित्सा, कृषि के क्षेत्र में बिहार फिसड्डी है। पलायन और शिक्षा की बदहाली से लोग काफी परेशान हैं लेकिन इस दिशा में सरकार के स्तर से कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि बिहार में भ्रष्टाचार, अपराध, गरीबी और बेरोजगारी से आम लोग तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री कुछ करने की बजाय हमेशा अपना पुराना टेप रिकॉर्डर बजाते रहते हैं और वर्ष 2005 के पहले की बातें ही बार-बार दोहराते हैं। यादव ने विधानसभा में सोमवार को पेश होने वाले बजट में राज्य की सभी महिलाओं के लिए प्रति माह 2500 रुपये की मदद देने तथा वृद्धावस्था, दिव्यांगता और विधवा पेंशन की राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किए जाने की घोषणा करने की मांग की।

■ **तेजस्वी यादव ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार शिक्षा, चिकित्सा, कृषि के क्षेत्र में बिहार फिसड्डी है।**

# 'मेरे जिन्दा रहने तक पार्टी में कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा'

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया

■ **मायावती ने पहले आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकाला था। अब उन्होंने आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी को नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया है।**

■ **उन्होंने कहा, 'मेरे लिये पार्टी व मूवमेंट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे व अन्य रिश्ते नाते आदि बाद में हैं।**

लखन, 02 मार्च। उत्तर प्रदेश में कभी राज करने वाली बसपा में आज घमासान चल रहा है। रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला सुनाया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है। वहीं उन्होंने आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को बड़ी जिम्मेदारी दी। दोनों को नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा, अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। इस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेन्ट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं।

मायावती ने कहा कि आनन्द कुमार के बारे में मैं यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि वर्तमान में बदले हुए हालात में, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में अब इन्होंने अपने बच्चों का रिश्ता भी गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला लिया है ताकि अशोक सिद्धार्थ की तरह अब आगे कभी भी अपनी पार्टी को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान आदि ना हो सके।

मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ, जो आकाश आनन्द के ससुर भी है, को अब पार्टी व मूवमेन्ट के हित में पार्टी से निकाल कर बाहर किया है जिसने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का घिनौना कार्य किया है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है।

मायावती ने कहा, जहां तक इस मामले में आकाश आनन्द का सवाल है तो आपको यह मालूम है कि अशोक सिद्धार्थ की लड़की के साथ इनकी शादी हुई है। आकाश आनन्द को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है। जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इसका ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार है, जिसने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ आकाश आनन्द के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है।

उन्होंने पार्टी के लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा, जब तक मैं जिन्दा रहूंगी तो तब तक मैं अपनीआखिरी सांस तक भी अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पार्टी को आगे बढ़ाने का हर सम्भव पूरा-पूरा प्रयास करती रहूंगी।

## सड़क दुर्घटना में 3 मजदूर मरे 8 घायल

मुरादाबाद, 02 मार्च। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में नेशनल हाईवे-09 पर रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक तरफ खड़े हुए खराब कैंटर में दूसरे वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें चालक व दो महिलाओं सहित 11 मजदूर कुचल गए। हादसे में तीन की मौत हो गयी एवं आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आधिकारिक पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज तड़के चार बजे एक कैंटर वाहन दिल्ली से, लखीमपुर-खीरी जिले के दस मजदूरों को लेकर लखीमपुर-खीरी जा रहा था। मुरादाबाद कटघर थाना क्षेत्र स्थित कल्याणपुरा के समीप नेशनल हाईवे-09 पर पहुंचने पर कैंटर रास्ते में अचानक ख़राब हो गया। वाहन में सवार तीन लोग कैंटर को पीछे की ओर धकेल रहे थे कि पीछे से एक अन्य वाहन ने टक्कर मार दी, और तीनों मजदूर कैंटर के नीचे दबकर मर गए। इनके अलावा कैंटर में सवार चालक सहित आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी मजदूर दिल्ली से मजदूरी कर अपने घर वापस लखीमपुर-खीरी जा रहे थे। कैंटर में टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से भाग गया।

■ **खड़े हुए कैंटर से एक अज्ञात वाहन की भीषण टक्कर में तीन मजदूर कैंटर के नीचे दब गये।**

## विचार बिन्दु

दूसरे का अपराध सहन कर अपराधी पर उपकार करना, यह क्षमा का गुण पृथ्वी से सीखना और पृथ्वी पर सदा परोपकार रत रहने वाले पर्वत और वृक्षों से परोपकार की दक्षता लेना। –कृष्ण

# भारत के 42.6 प्रतिशत स्नातक ही रोज़गार पाने की योग्यता रखते हैं।

बेरोज़गारी भारत की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। आज़ादी के बाद हुए सारे विकास के बावज़ूद यह समस्या कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। एक बात यह और हुई है कि स्वाधीन देश में शिक्षा का बहुत विस्तार हुआ है और उसी के साथ शिक्षा के प्रति आम जन का रुझान भी बढ़ा है, परिणामतः पहले से कहीं बहुत ज़्यादा लोग शिक्षा प्राप्त करने लगे हैं। लेकिन इस उपलब्धि का एक सह परिणाम यह भी हुआ है कि जिन्होंने शिक्षा प्राप्त की है वे इस बात को लेकर असंतुष्ट हैं कि उन्हें अपनी अर्जित शिक्षा के अनुरूप रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। आए दिन हमारे अख़बारों में ये ख़बरें छपती हैं कि अमुक बहुत छोटी नौकरी के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर, यहां तक कि पी.एच.डी. की उपधि प्राप्त युवाओं ने भी आवेदन किया है। इधर रोज़गार के परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव यह आया है कि देश में जहां बहुत लम्बे समय तक सरकार सबसे बड़ी रोज़गार देने वाली इकाई थी, अब आहिस्ता–आहिस्ता उसने अपनी यह भूमिका बदल ली है। कल तक जो बहुत सारे काम सरकारें किया करती थीं वे काम अब निजी क्षेत्र करने लगा है, परिणामतः सरकारी नौकरियां बढ़ने की बजाय कम होती जा रही हैं। सरकार में नौकरी के लिए चयन की एक सुनिश्चित प्रक्रिया होती थी, उससे हटकर निजी क्षेत्र अलग तरह से अपने कर्मचारियों का चयन करता है।

हाल में एक अमरीकी कंसलटेंसीफ़र्ममर्सर/मेटल की एक रिपोर्ट आई है, जिसका शीर्षक है 'इण्डियाज़ ग्रेजुएट्स स्किल इण्डेक्स–205'। कंसलटेंसीफ़र्म ने भारत के दो हज़ार सात सौ से ज़्यादा अकादमिक परिसरों और दस लाख से ज़्यादा विद्यार्थियों का गहन अध्ययन करके यह जानने का प्रयास किया कि भारत के युवाओं की प्रतिभा का परिदृश्य कैसे बदल रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के केवल 42.6 प्रतिशत स्नातक ही रोज़गार पाने की योग्यता रखते हैं। इसी के साथ यह भी कि वर्ष 2023 में यह संख्या थोड़ी ज़्यादा, 44.3 प्रतिशत थी। अर्थात रोज़गार पाने की योग्यता रखने वाले स्नातकों की संख्या में कमी आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि रोज़गार देने वाले अपने भावी कर्मचारियों से जो उम्मीदें रखते हैं, और उन युवाओं के पास वर्तमान में जो दक्षताएं हैं उनके बीच गहरी खाई है। रोज़गार देने वाले चाहते हैं कि जो उनके पास रोज़गार लेने आते हैं उनके पास एआई और डेटा एनेलिटिक्स की दक्षता हो, जबकि जो रोज़गार चाहते हैं, उनमें से कम के पास ही यह दक्षता होती है।

आगे कोई चर्चा करने से पहले इस रिपोर्ट में जिन 42.6 प्रतिशत युवाओं को रोज़गार पाने के काबिल बताया गया है, उनके बारे में भी कुछ विचार कर लिया जाए। इन दिनों लोकप्रिय टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' अपनी रजत जयंती के अवसर पर '25' शीर्षक से एक ख़ास शृंखला चला रहा है जिसमें लगभग पच्चीस वर्ष की आयु के युवा भाग ले रहे हैं। इस शृंखला में आने वाला हर युवा अपनी सजगता, सूचना संपन्नता, अभिव्यक्ति क्षमता, सोच की परिपक्वता, दृष्टि के विस्तार आदि से हमें चमत्कृत कर रहा है। भारत के युवा की एक तस्वीर यह भी है जो हमें आह्लादित करती है। लेकिन थोड़ा गहराई में जाकर देखते हैं तो पाते हैं कि इस शृंखला में आने वाले अधिकांश युवा आईआईटी या आईआईएम जैसे उत्कृष्ट संस्थानों में अध्ययनरत हैं। यह बात कोई रहस्य नहीं है कि हर बरस लगभग पंद्रह लाख युवा आईआईटी के लिए प्रयत्न करते हैं और उनमें से केवल पंद्रह हज़ार कामयाब होते हैं। कहा जा सकता है कि केबीसी में इन दिनों जो युवा अपनी काबिलियत से हमें चमत्कृत कर रहे हैं वे हमारी युवा जनसंख्या के उत्कृष्टतम हैं। लेकिन ऐसे संस्थान देश में कितने हैं, और उनमें पढ़ने का अवसर कितनों को मिल पाता है! शेष संस्थान हमारे विश्वविद्यालय और छोटे कस्बों और अब तो गांवों के भी महाविद्यालय हैं उनका यथार्थ क्या है! जब औसत की बात की जाती है इन बेहतरीन संस्थानों के युवाओं की वजह से औसत 42.6 तक जा पहुंचता है, लेकिन ज़मीनी यथार्थ बहुत अलहदा और हताश करने वाला है। सच तो यह है कि जैसे हमारे समाज में ग़रीब और अमीर के बीच बहुत बड़ी खाई हौ और वह खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है वैसे ही उत्कृष्ट संस्थानों में शिक्षा पा रहे युवाओं और सामान्य संस्थानों में पढ़ रहे युवाओं की दक्षता के बीच भी बहुत बड़ी खाई है और दुर्भाग्य से वह खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है।

**अगर हमारे संस्थानों में अध्ययनरत कुल युवाओं के आधे से भी कम ही नौकरी पाने की योग्यता रखते हैं, तो यह बात हमारे लिए गहरी चिंता का कारण बननी चाहिए। देश की इतनी बड़ी आबादी की क्षमताओं को हम बर्बाद कर रहे हैं। अगर ये नौकरी नहीं पा सकेंगे तो क्या करेंगे? इनमें जो हताशा और कुंठा पैदा होगी उसकी परिणति क्या होगी?**

सोचिये, ऐसे शिक्षण संस्थानों में जिनके पास न पर्याप्त शिक्षक हैं, न पुस्तकालय हैं, न अपने भवन हैं, पढ़ रहे विद्यार्थियों का स्तर कैसा हो सकता है। जो विद्यार्थी हमारे देश के अधिसंख्य शिक्षण संस्थानों में नामांकित हैं, उन्हें हम किस तरह की दक्षता प्रदान कर रहे हैं? कुछ बरस ऐसे संस्थानों में गुज़ारने के बाद बेशक उनके हाथ में एक डिग्री होती है, लेकिन दक्षता शायद ही कोई होती हो। अब ऐसे दक्षताविहीन युवा को कोई भी व्यवसायी क्यों अपने यहां नौकरी देगा? यह आकस्मिक नहीं है कि हमारे आम महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से निकलने वाले स्नातक एक सामान्य–सा आवेदन पत्र भी लिखने की योग्यता नहीं रखते हैं। एक तरफ रोज़गार परिदृश्य बहुत तेज़ी से बदलता जा रहा है। कम्प्यूटर और एआई हर जगह अपने पांव पसार रहे हैं, हमारे ये युवा इस सबसे एकदम अनजान हैं। मैंने अपने जीवन का बहुत बड़ा भाग ऐसे ही संस्थानों और युवाओं के साथ बिताया है इसलिए मैं उनके यथार्थ से भली भांति परिचित हूं। बीते बरसों में स्थितियां और ज़्यादा ख़राब हुई हैं। हमारे नेताओं ने वोटों की फसल काटने के लिए अंधाधुंध विश्वविद्यालय और कॉलेज तो खोल दिये, लेकिन इस बात की परवाह नहीं की कि वे कॉलेज युवाओं को विकास करने का माहौल भी उपलब्ध कराएं। सारे देश के हालात एक जैसे हैं। इस रिपोर्ट में भी बताया गया है कि टियर–1 के संस्थान सबसे उम्दा हैं जहां के 48 प्रतिशत से अधिक स्नातक नौकरी पाने की योग्यता रखते हैं, इनसे थोड़ा पीछे हैं टियर–2 के संस्थान जहां के 46.1 प्रतिशत और टियर–3 के 43.4 प्रतिशत युवा नौकरी पाने की काबिलियत रखते हैं। अगर हमारे संस्थानों में अध्ययनरत कुल युवाओं के आधे से भी कम ही नौकरी पाने की योग्यता रखते हैं, तो यह बात हमारे लिए गहरी चिंता का कारण बननी चाहिए। देश की इतनी बड़ी आबादी की क्षमताओं को हम बर्बाद कर रहे हैं। अगर ये नौकरी नहीं पा सकेंगे तो क्या करेंगे? इनमें जो हताशा और कुंठा पैदा होगी उसकी परिणति क्या होगी?

जब भी दुनिया के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों की कोई सूची ज़ारी होती है, हम उसमें भारतीय संस्थानों का नाम देखने को तरस जाते हैं। शीर्ष और उसके पास होना तो दूर हमारे संस्थानों के नाम बहुत नीचे होते हैं। हमारा नेतृत्व इस बात से न तो व्यथित होता है और इस परिदृश्य के बदलाव के लिए सक्रिय होता है। वह अपनी लफ्फाज़ी और खोखली एवं आधारहीन बातों में ही परम सुखी और संतुष्ट है। लेकिन बतौर नागरिक यह हम सबकी चिंता का विषय होना चाहिए कि इस स्थिति को कैसे बदला जाए। कैसे हमारे शैक्षिक संस्थान साधन सम्पन्न हों और कैसे उनकी शिक्षा का स्वरूप ऐसा बने कि वहां से निकलने वाले स्नातक बाज़ार और रोज़गार की मांगों की अपेक्षाओं पर खरे उतर सकें। अगर वर्तमान की चिंताजनक स्थिति लम्बे समय तक बनी रही तो हमें एक अंधकारमय भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# बायोलॉजिकल क्लॉक के संकेत से नियमित कर सकते हैं शारीरिक गतिविधियां



**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

बदलती जीवनशैली और आधुनिकता की दौड़ में हम बायोलॉजिकल क्लॉक के संकेतों को समझना ही भूल गए है। बायोलॉजिकल क्लॉक यानी कि सर्केड्डियन रिदम को समझना इतना मुश्किल भी नहीं है अपितु यह कहा जाए कि बायोलोजिकल क्लॉक के संकेतों से हम वाकिफ होने के बावजूद उन्हें महत्व नहीं देते और इसी का कारण है कि हम तेजी से मोटापा, डायबिटिज, लिवरं, डिप्रेशन, अनिद्रा और यहां तक की मानसिक बीमारियों की चपेट में आसानी और तेजी से आते जा रहे हैं। यह भले ही आमआदमी के लिए आश्चर्यजनक हो पर जिस तरह से हमारी दिनचर्या घडी के हिसाब से चलती है ठीक उसी तरह से हमारे शरीर में प्रकृति द्वारा पहले से ही घड़ी बनाई होती है। बॉडी क्लॉक या सर्केड़ियन रिदम के संकेतों को हम समझने लगे तो स्वास्थ्य से संबंधित बहुत सी समस्याओं से आसानी से समय रहते बव सकते हैं। प्रकृति ने बॉडी क्लॉक में माध्यम से हमें पल पल में संकेत देती रहती है। सोते–जागते उसके संकेत हमें मिलने के बावजूद हम उन्हें जाने अनजाने उन संकेतों को समझने में भूल कर बैठते हैं। जिस तरह से हमारी दिनचर्या घड़ी के हिसाब से चलती है ठीक उसी तरह से हमारी दिनचर्या को जाने अनजाने में बॉडी लॉक नियंत्रित करने में प्रमुख भूमिका निभाती है। सोना–जागना, खाना–पीना, यहां तक कि शरीर का तापमान और शारीरिक गतिविधियों को बॉडी क्लॉक प्रभावित करती है। बायोलोजिकल क्लॉक यानी कि बॉडी क्लॉक हमारी मनोदशा को भी प्रभावित करती है। दरअसल हमारे शरीर को बायोलोजिकल आवश्यकताओं की जानकारी होती है। कब सोना है कब जागना है, कब खाना है कितना खाना है आदि आदि के संकेत स्पष्ट रुप से हमारी बॉडी देती है। होता यह है कि हम उस और ध्यान नहीं देते हैं और उसी के कारण अनेक बीमारियों की जकड़न में आ जाते हैं। यह कोई कपोल कल्पना ना होकर इसके महत्व को इसी से समझा जा सकता है कि 2017 में अमेरिका के तीन वैज्ञानिकों को उनके बॉडी क्लॉक के अध्ययन और निष्कर्ष पर नोबल पुरस्कार मिल चुका है।

यदि हम हमारी परंपरागत दिनचर्या को देखे तो साफ हो जाता है कि बॉडी क्लॉक के बारे में पूरी तरह से समझा जा सकता है। हमारी परंपरागत अधिकांश गतिविधियां बॉडी क्लॉक के अनुसार होती रही है। सुबह सूर्योदय से पहले उठने से लेकर रात को सोने तक की सभी गतिविधियां बॉडी क्लॉक के अनुसार निर्धारित रही है। माना जाता है कि शरीर का सबसे कम तापमान प्रातः 4 से 4.30 के लगभग रहता है। इसी तरह से प्रातः वर्कआउट के स्थान पर योग पर जोर रहता था। सुबह के पूजा पाठ में योग का अपना महत्व रहता था। प्राणायाम, ध्यान, मुद्राओं का प्रदर्षन आदि योग के ही अंग रहे हैं और सुबह के समय इसको प्राथमिकता दी जाती रही है। सुबह के समय कार्टिसोल का अधिक स्त्राव व अन्य कारणों से हार्ट अटैक की अधिक संभावनाएं रहती है। इसी तरह से बॉडी क्लॉक की माने तो प्रातः 10 बजे के आसपास का समय सबसे अधिक एक्टिव होता है तो तीन बजे से पांच बजे के आसपास का समय विचार विमर्श आदि के लिए उपयुक्त माना जाता रहा है। सायं 7 बजे के आसपास शरीर का तापमान अधिक होता है ऐसे में शांत रहना चाहिए। शाम 6 साढ़े 6 बजे ब्लडप्रेशर अधिक होता है ऐसे में दिल के मरीजों को इस समय सतर्क रहना चाहिए। इसी तरह से रात 9 बजे नींद का प्रभाव आरंभ हो जाता है। माना जाता है रात 2 बजे गहरी नींद का समय होता है। शाम 5 साढ़े 5 बजे एक्सरसाइज के लिए उपयुक्त समय माना जाता है। समझने की कोशिश की जाए तो यह गोधूली बेला का समय होता है इसलिए भले ही इसे पोंगा पंथी माना जाए पर सूर्यास्त के समय को टालने पर जोर दिया जाता रहा है। इस समय में कुछ आगे पीछे हो सकता है पर यह साफ है कि बॉडी क्लॉक बड़े ही सिस्टेमेटिक तरीके से काम करते हुए संकेत देती है जिसे समझना और उसके अनुसार दिनचर्या को नियमित करने से बहुत सी शारीरिक मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है।

हांलाकि बॉडी क्लॉक की रिदम व्यक्ति में अलग अलग हो सकती है। इसके साथ ही दिनचर्या के अनुसार उसमें बदलाव होता रहता है। हमारे सोने जागने और खाने पीने के समय आदि को बॉडी क्लॉक सर्वाधिक प्रभावित करती है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है तो नींद नहीं आना, डिप्रेशन, याददाश्त खोना, टेंशन, मानसिक समस्याएं, यहां तक आज की सबसे गंभीर बीमारी टाइप 2 डायबिटीज और मोटापा, दिल की बीमारी और कैंसर तक को बॉडी क्लॉक के इशारों को नहीं समझने को माना जाता है। जिनकी दिनचर्या नियमित नहीं होती है उन्हें ही इन समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। शिफ्ट में काम करने वाले, किसी भी कारण से समय पर खाने–पीने या सोने–जागने आदि की चर्या नियमित नहीं होती उन्हें यह बीमारियां अधिक प्रभावित करती है।

पिछले दिनों साइंस पत्रिका में एक शोध प्रकाशित हुआ है। पेनसिल्वानिया के वैज्ञानिकों के इस अध्ययन के अनुसार शिफ्ट में काम करने वाले या सफर में रहने वालों की दिनचर्या के प्रभावित होने के परिणाम हमारे सामने होते हैं। इसी तरह से नींद पूरी और समय पर नहीं लेने से मानसिक बीमारियों की जकड़ में आ जाते हैं। मोटापा, मधुमेह, अनिद्रा और इससे जुड़ी बीमारियों से प्रभावित हो जाते हैं। बॉडी क्लॉक के अनुसार मस्तिष्क या शरीर से मिलने वाले संकेतों पर ध्यान नहीं देने के कारण बीमारियों की जकड़ में आ जाते हैं। संकेत को नहीं समझने के कारण ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल आदि बढ़ने का कारण भी होता है। सामान्यतः बॉडी क्लॉक 22 से 25 घंटे का होता है। यह लोगों में अलग अलग अवधि का हो सकता है। पर खास बात यह है कि यह पूरी दिनचर्या को नियंत्रित करने के संकेत देता है। समय पर नहीं सोना या भूख लगने पर भी नहीं खाना या गतिविधियों को नियमित नहीं करने से समस्याएं होने लगती है। जिस तरह से बुखार होते ही बीमारी का संकेत मिल जाता है ठीक उसी तरह से सर्केडियन रिदम अपने संकेत देती रहती है। शरीर की मांग को यह दर्शा देती है ऐसे में उसी अनुसार बदलाव करने से सुधार संभव हो पाता है। हमें बायोलोजिकल क्लॉक के संकेतों को समझना होगा। थोड़ा गंभीर होने पर हम हमारे शरीर की प्रकृति को भली प्रकार से समझ सकते हैं और उसके अनुसार जीवनचर्या को संचालित कर सकते हैं। यदि हम संकेतों को समझने में सफल हो जाते हैं और उनके अनुसार अपनी जीवनशैली में बदलाव लाते हैं तो कई स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकते हैं।

**–डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# बैमौसम बरसात से कच्ची ईंट खराब होने से ईंट भट्टा मालिक व श्रमिक चिंतित

**हलैना** (निस)। गंजे ने सिर का कराया मुडन तभी पड गए ओले, ऐसी कहावत तब सटीक साबित हुई जब एनसीआर नियम के तहत एक मार्च को भट्ठे पर ईंट पकाई को आंच डाली गई और इलाके के सभी भट्टे की चिमनी से धुआं निकलने लगा। जिसको देख भट्टे मालिक व श्रमिक बहुत खुश थे। इसी दिन देर शाम को तेज हवा के साथ बरसात और ओले पड़ गए।

जिससे भारी संख्या में ईंट नष्ट हो गई। भट्ठे मालिक पहले से ही एनसीआर के नियम से दु:खी थे और अब ये बरसात से हुए भट्टे नुकसान से अधिक हो गए। इन्हे देवताओं के राजा इन्द्र के प्रकोप का सामना करना पड रहा है जो बार बार बरसात कर रहा है। ईंट भट्टों पर 15 से 20 प्रतिशत तक कच्ची ईंट तबाह हो चुकी है और ईंट थपाई स्थल पर बरसात का पानी भर गया। जिससे कच्ची ईंट थपाई कार्य कई दिन तक बन्द रहेगा तथा थपाई करने वाले मजदूर बेरोजगार रहेंगे। बरसात से कच्ची ईंट के नुकसान और काम प्रभावित होने के साथ–साथ थपाई, भराई व निकासी के मजदूरों का बिना कार्य की ऐवज में खर्चा देना आदि को लेकर ईंट भट्टा मालिक व अन्य लोग चिन्तित है।



**हलैना में ईंट भट्ठे पर बरसात होने से बड़ी मात्रा में ईंट की सामग्री खराब होने से मजदूर व मालिक चिंतित हो गए।**

ईंट भट्टा मालिक संघ के पूर्व अध्यक्ष सन्तोष चौधरी, चंचल जिन्दल व अनिल सैनी ने बताया कि भरतपुर–डीग जिले के एनसीआर क्षेत्र में शामिल होने से उद्योग आए दिन बन्द हो रहे है। सबसे ज्यादा ईंट भट्टा कारोबार पर पड रहा है। दिल्ली व आगरा के ताज महल को प्रदूषण से बचाने के लिए 28 फरवरी तक ईंट भट्टा की आंच डालना और ईंट पकाई के कार्य पर पूर्ण रूप से रोक लगी हुई है नदबई, वैर, भुसावर, नगर उपखण्ड क्षेत्र में 200 से अधिक ईंट भट्टे लगे हुए हैं। सभी भट्टों में एक मार्च को आंच डाली गई थी। शनिवार की शाम मौसम खराब हो गया और बरसात हो गई। जिस बरसात के पानी से प्रत्येक भट्टे पर 15 से 20 प्रतिषत कच्ची ईंट तबाह हो गई। ईंट थपाई स्थल पर पानी भर गया और थपाई का काम प्रभावित हो गया। पक्की ईंट निकासी और कच्ची ईंट भराई का कार्य भी रूक गया। सभी मजदूर अब बिना काम के बैठे हुए है। जिन्हे बिना काम कराए खर्चा देना पडेगा। यदि खर्चा नही दिया तो ये गांव व घर चले जाऐंगे और फिर ये काम पर नही आऐंगे। ये हमारा चिन्ता का विषय है। भट्टा मालिक अनिल कुमार व हन्तरा के विजेन्द्र सिंह ने बताया कि भट्टे पर कच्ची ईंट थपाई वाले श्रमिकों की प्रतिदिन उनके द्वारा थपाई की गई कच्ची ईंटे गिनती हो जाती है और उन्हे 500 से 550 रू प्रति हजार देना तय है।

**■ एनसीआर पर पाबंदी हटने पर एक मार्च से ही शुरू हुआ था ईंट बनाने का कार्य**

एक श्रमिक दम्पति प्रतिदिन 2 से 2.5 हजार कच्ची ईंट थाप देता है। उनकी ओर से भले कितना नुकसान हो जाए, उन्हे पैसा देना पडता है। गांव हन्तरा के सन्तोष सिंह ने बताया कि सरकार को भट्टे पर बरसात से होने वाले का मुआवजा देना चाहिए या बीमा करना चाहिए। हर साल नुकसान होता है, सरकार कभी नुकसान पर कर माफ नही करती है। बरसात से कच्ची ईंटों के बचाव को पालीथिन खरीद कर ला रहे है, जिससे कच्ची ईंटों को ढका जा रहा है। उसके बाद भी भारी नुकसान हो जाता है।

# बड़ी झील पर बढ़ता डिस्पोजेबल व कचरा शरीर के लिए घातक

**उदयपुर** । फिशरीज कॉलेज के पूर्व डीन तथा विख्यात मत्स्यकी विशेषज्ञ डॉ वी एस दुर्वे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए झील कार्यकर्ताओं द्वारा बडी झील पर श्रद्धांजलि स्वरूप स्वच्छता श्रमदान व शरीर संरक्षण संवाद आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभिनव स्कूल के एन सी सी कैडेट्स ने झील किनारे डिस्पोजेबल कचरे को हटाया। डॉ दुर्वे के झील संरक्षण कार्यों व शोध परियोजनाओं में योगदान का स्मरण किया । श्रमदान बाद आयोजित संवाद में डॉ अनिल मेहता ने कहा कि बडी झील महाशीर संरक्षण क्षेत्र है। लेकिन, झील पर भारी मात्रा में प्लास्टिक के चम्मच, प्लेट्स व अन्य पॉलीथिन कचरे का विसर्जन हो रहा है। इस सिंगल यूज प्लास्टिक के कण महाशीर मछली की भोजन श्रृंखला में प्रवेश कर उनके पाचन तंत्र व तंत्रिका तंत्र पर विषैला प्रभाव डालेंगे । महाशीर मछलियों का प्रजनन भी बाधित होगा।

तेज शंकर पालीवाल ने कहा कि माइक्रोप्लास्टिक कण सम्पूर्ण जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बहुत बडा खतरा है। झील किनारों तक लोग बेरोकटोक पहुंच झील को गंदा कर रहे हैं । वाहनों की धुलाई भी झील में हो रही है। झील सफाई की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है। नंद किशोर शर्मा ने कहा कि बडी झील एक मात्र ऐसी झील है जो अब तक प्रदूषण से अछूती रही । बडी झील सज्जन गढ इकोसेंसिटिव जोन में आती है । लेकिन, इसमें प्रदूषणकारी गतिविधियां बढ रही है। कुशल रावल ने कहा कि झील परिधि के 100 मीटर परिधि क्षेत्र को तुरंत प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित कर देना चाहिए। झील किनारे लगने वाली खाने पीने की स्टॉल, ठेलों पर कठोर प्रतिबंध लगाना होगा कि वे झील में कचरा विसर्जन नहीं होने दे। दुपद सिंह ने कहा कि झील किनारे घूमने जाने वाले युवाओं व अन्य भ्रमणार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे झील में कचरा, शराब बोतले, सिगरेट के बट विसर्जित नहीं होने दे।

# वैश्य महिला महासम्मेलन ने पक्षियों के चुग्गा के लिए बनवाय चबूतरा

**गंगापुर सिटी** । अंतरराष्ट्र ीय वैश्य महिला महासम्मेलन की तहसील इकाई की अनूठी पहल पर नहर रोड स्थित बाबा कुशलगढ मंदिर के पास पक्षियों के चुग्गा के लिए विशेष चबूतरे का निर्माण कराया गया है। रविवार को इस चबूतरे का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सभापति शिवरतन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विकास दुसाद विशिष्ट अतिथि थे।

सभापति अग्रवाल ने इस पहल को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि यह पुण्य और धर्म का कार्य है। इससे मूक प्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और पक्षियों के संवर्धन को बढावा मिलेगा। महासम्मेलन की अध्यक्ष रेखा अग्रवाल ने बताया कि बाबा श्याम के मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं। वे यहां अनाज भेंट करते हैं, लेकिन यह अनाज पैरों में कुचला जाता था। इसलिए पक्षियों के लिए दाना–पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए चबूतरा बनाया गया है।

इस पर महासम्मेलन ने करीब डेढ लाख रुपए खर्च किए हैं। चबूतरा 25 गुना 15 फीट के आकार का है। इसके चारों ओर जाल लगाकर कवर किया गया है। चबूतरे में प्रवेश के लिए गेट भी लगाया गया है। महासम्मेलन की ओर से यहां पक्षियों के लिए पानी और चुग्गे की व्यवस्था की जाएगी।

श्रद्धालु अब चबूतरे पर अनाज डाल सकेंगे। इससे पक्षियों को आसानी से भोजन मिल सकेगा। यह कार्य न केवल पुण्य का होगा, बल्कि पक्षियों को चुग्गा डालने वालों को आंतरिक सुख भी मिलेगा। महासम्मेलन की पदाधिकारी डॉ. मनोज जैन ने भी महासम्मेलन की ओर से पक्षियों के लिए चबूतरे निर्माण की पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि निश्चित ही यह कार्य पुण्य कार्य है और इस कार्य से पक्षियों को काफी राहत मिलेगी।

अंतरराष्ट्र ीय वैश्य महिला महासम्मेलन की ओर से पक्षियों के चबूतरा निर्माण के लिए जगह उपलब्ध करवाने पर वहां सम्मेलन की महिला पदाधिकारी ने नगर परिषद का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान महासम्मेलन के डॉ. मनोज जैन, सुरेंद्र मित्तल, मनीष जैन, राजेंद्र खारवाल, सुरेश अग्रवाल, शिप्रा गोयल, वर्षा नाटाणी, उर्मिला डांस, सुधा गुप्ता, बबीता डांस के अलावा महासम्मेलन की पदाधिकारी महामंत्री अनीता दुसाद, रेखा जैन, संजना मित्तल, अंजू मालधनी, देवल अग्रवाल मौजूद रहे।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 3 मार्च, 2025**

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, अश्विनी नक्षत्र रात्रि 4:30 तक, शुक्ल योग प्रातः 8:57 तक, वणिज करण प्रातः 7:32 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–मेष, मंगल–मिथुन, बुध–मीन, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज कमार योग सायं 6:30 से रात्रि 4:30 तक है। भद्रा प्रातः 7:32 से सायं 6:03 तक है। आज विनायक चतुरथी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:37 तक, शुभ 9:58 से 11:19 तक, चर 2:02 से 3:23 तक, लाभ–अमृत 3:23 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:53, सूर्यास्त 6:25

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। आज धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा संभव है। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन योजना का क्रियान्वयन होगा।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**तुला**
परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। मन का भय समाप्त होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
घर–परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार होगा। व्यावसायिक योजना बनेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाही कर 50 वाहन मशीनरी जब्त

- विभिन्न स्थानों पर सात एफ.आई.आर. दर्ज
- अधिकारियों को विजिलेंट रहने के निर्देश

**जयपुर।** माइंस विभाग ने राज्य के उदयपुर, जयपुर, भरतपुर, बारां, नागौर, घड़साना, सूरतगढ़ सहित कई स्थानों पर अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए गत तीन-चार दिनों में ही 7 एफआईआर सहित करीब 50 वाहन मशीनरी जब्त कर सबंधित पुलिस थानों के सुपुर्द की है। निदेषक माइंस दीपक तंवर ने बताया कि राज्य सरकार के अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को देखते हुए विशेष टीमों का गठन करके कार्रवाई की जा रही है वहीं फील्ड अधिकारियों को रात्रिकालीन चैकिंग सहित अवैध खनन गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस पीआर आमेटा मुख्यालय स्तर पर मोनेट रिंग कर रहे हैं।

अतिरिक्त निदेशक माइंस मुख्यालय महेश माथुर ने बताया कि उदयपुर टीम ने इस दौरान अवैध खनन का एक, अवैध परिवहन क 17 और अवैध खनिज भण्डारण के प्रकरण दर्ज किये हैं। उदयपुर टीम द्वारा 849 टन से अधिक खनिज जब्त करने के साथ ही 4 लाख 23 हजार की शास्ति लगाई गई है।

एसएमई जयपुर एनएस शक्तावत के नेतृत्व में एमई श्री श्याम कापड़ी की टीम ने अवैध खनन के 3 और अवैध परिवहन के 11 सहित कुल 14 प्रकरणों में 4 जेसीबी आदि वाहन उपकरण, 9 ट्रेक्टर, 9 डंपर आदि अन्य वाहन सहित कुल 22 वाहन मशीनरी जब्त कर संबंधित थानों को सुपुर्द की गई है। 2 लाख 20 हजार रु. का जुर्माना वसूला जा चुका है वहीं 240 टन खनिज जब्त किया गया है।

एसएमई अजमेर जय गुरुबख्सानी के मार्गदर्शन में एमई नागौर श्री जय गोदारा ने खान, राजस्व, पुलिस विभाग से समन्वय बनाते हुए अवैध खनिज परिवहन करते हुए दो डंपर खनिज बजरी, 2 डंपर सिलिका सेण्ड और 3 ट्रेक्टर ट्राली खनिज मेसेनरी स्टोन का अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया गया है। एमई श्री जय गोदारा टीम द्वारा दो एफआईआर पुलिस थाना निम्बी जोधा और एक पुलिस थाना खुनखुना में सहित कुल 5 एफआईआर दर्ज कराई गई है। 52800 रु. की जुर्माना राशि भी वसूली गई है।

बीकानेर जोन में खनिज बजरी के ओवरलोडिंग की शिकायतों को देखते हुए विभाग की सतर्कता टीम द्वारा घडसाना सूरतगढ़ में औचक कार्रवाई करते हुए 16 वाहनों को जब्त किया गया है। यहां 20 टन की लोडिंग दिखा कर 60 से 70 टन का अवैध परिवहन किया जा रहा था। विभाग द्वारा सभी 16 वाहनों को जब्त करने के साथ ही एंपैनल्ड तुलायंत्रों व कम रवन्ना काटकर परिवहन का प्रकरण बनाया गया है। इसके साथ ही सिलिका सेण्ड का निर्गमन बताते हुए बजरी के निर्गमन की शिकायत को देखते हुए सेंपल जांच की जा रही है वहीं परिवहन और जीएसटी विभाग को भी अपने स्तर से जांच कर कार्रवाई के लिए सूचना दी गई है।

एमई भरतपुर केसी गोयल और उनकी टीम ने पहाडी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो एफआईआर दर्ज कराई है। एडीएम कोटा अविनाश कुलदीप की फोरमेन गोविन्द शर्मा की टीम ने बारां के कोटडी सुण्डा गांव में औचक कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी परिवहन में लिप्त दो ट्रेक्टर ट्राली जब्त कर दो लाख 53 हजार से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। दोनों वाहनों को संबंधित थानों के सुपुर्द कर दिया गया है। विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों यथा खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस पीआर आमेटा के नेतृत्व में 6 निरीक्षण दल द्वारा प्रदेश में कहीं भी औचक कार्रवाई की जा रही है।

## स्वर्णकार समाज प्रीमियर लीग 17 मार्च से

**जयपुर।** श्री मेढ़ क्षित्रय स्वर्णकार सभा (रजि.) जयपुर की ओर से आयोजित स्वर्णकार प्रीमियर लीग (एसपीएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 2 मार्च को सम्पन्न हुई। यह आयोजन बन्नी पार्क स्थित द ग्रैंड मेजिस्टिक होटल में किया गया, जहां सभी 12 टीमों के खिलाड़ियों का चयन हुआ। इस दौरान टीमों की जर्सी और ट्रॉफी का भी अनावरण किया गया।

स्वर्णकार प्रीमियर लीग 17 मार्च से 23 मार्च तक ब्रह्मपुरी स्थित चौगान स्टेडियम में खेला जाएगा। आयोजकों के अनुसार, टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी और सभी टीमों को दो-दो लीग मैच खेलने का मौका मिलेगा। सेमीफाइनल 22 मार्च को जबकि फाइनल मैच 23 मार्च को खेला जाएगा।

अध्यक्ष विजेंद्र सोनी जोड़ा ने बताया कि ऑक्शन के लिए पूरे राजस्थान से 322 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाए। जिनमें से 180 खिलाड़ियों का चयन किया गया। ऑक्शन के अवसर पर भाग लेने वाली अलग-अलग टीमों की जर्सी का भी अनावरण किया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मानसरोवर भाग का पथ संचलन सम्पन्न



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मानसरोवर भाग का पथ संचलन रविवार को भव्य रूप से निकला।

- पथ संचलन में सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर कदमताल मिलाई
- अनुशासित रूप से संचालित इस संचलन को देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गये

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मानसरोवर भाग का पथ संचलन रविवार को भव्य रूप से निकला। संचलन अपराह्न 3:45 बजे आदर्श विद्या मंदिर, किरणपथ मानसरोवर से प्रारंभ होकर न्यू सांगानेर रोड, स्वर्ण पथ, मध्य मार्ग, रजत पथ, हीरा पथ, वी.टी. रोड, सिटी पार्क, पटेल मार्ग, विजय पथ, थर्ड मार्केट होते हुए मध्य मार्ग खेल मैदान पर समाप्त हुआ।

पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर कदमताल मिलाई। घोष दंड के निर्देशों पर अनुशासित रूप से संचालित इस संचलन को देखकर नागरिक आश्चर्यचकित रह गए। मार्ग में नागरिकों ने करतल ध्वनि और पुष्पवर्षा के माध्यम से स्वयंसेवकों का स्वागत किया। “जय शिवा सरदार की”, “जय राणा प्रताप”, “भारत माता की जय” जैसे उत्साहपूर्ण जयघोषों से संपूर्ण वातावरण गूंज उठा।

नगरवासियों ने संघ के अनुशासन, समय पालन और आयोजन की भव्यता की सराहना की। संघ के पथ संचलन का मुख्य आकर्षण घोष वादन रहा, जिसमें अनक, प्रणव शंख, नागांग, तुर्य, त्रिभुज आदि पारंपरिक वाद्य यंत्रों का वादन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर प्रांत प्रचारक बाबूलाल उपस्थित रहे। उन्होंने सामाजिक समरसता, सुरक्षा और संबल पर विशेष कार्य करने का आव्हान किया। पथ संचलन के दौरान अनुशासन, एकता और समर्पण का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सेवा, संस्कार और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हुए समाज में एकता और अनुशासन को प्रोत्साहित करना था।

# सूरत के शिवशक्ति मार्केट में आगजनी की घटना दुखद : मदन राठौड़

- ‘सूरत के कपड़ा मार्केट में आगजनी से सबक लेने की आवश्यकता, सभी प्रतिष्ठानों के संचालक सुरक्षा उपकरणों की अवश्य करें जांच’
- ‘गहलोत ने सस्ते मोबाइल खरीदकर महंगी दरों का बिल बनाया, सरकारी खजाने को लूटने का किया था कार्य’

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया बाइट देते हुए सूरत के शिवशक्ति मार्केट में हुई आगजनी की घटना पर दुख प्रकट किया। राठौड़ ने आगजनी से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि आगजनी की इस घटना से आज ना केवल सूरत के व्यापारी बल्कि हम सभी दुखी है। इस मार्केट में सर्वोधिक व्यापारी राजस्थान के चूरू, सीकर, पाली, जालोर, सिरोही, उदयपुर, भीलवाड़ा सहित विभिन्न जिलों से है और इस दुखद हादसे में करीबन 1500 करोड़ से अधिक का नुकसान व्यापारियों को हुआ है। ऐसे में गुजरात सरकार, केंद्र सरकार के साथ राजस्थान सरकार भी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है तथा हमारा प्रयास है कि राजस्थान सरकार से अप्रवासियों को अधिक से अधिक सहयोग प्रदान कराया जाएं। वहीं प्रभावित व्यापारियों के व्यापार के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के लिए भी गुजरात सरकार से चर्चा की जाएगी।

मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी दुख की इस घड़ी में व्यापारियों के साथ खड़े है। मुख्यमंत्री शर्मा सूरत जा रहे है और हादसे के बाद से लगातार गुजरात सरकार के संपर्क में है। उन्होंने इस मामले को लेकर केंद्र सरकार से भी वार्ता की और प्रभावितों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने के लिए प्रयास किए है। इस आगजनी की घटना के बाद राठौड़ ने सुरक्षा उपकरणों की जांच के लिए आमजन से अपील करते हुए कहा कि यह हादसा हम सभी के लिए सबक है। प्रदेश के भी सभी प्रतिष्ठानों, संस्थानों, विभिन्न कार्यालयों के साथ फैक्ट्रियों के संचालकों को सुरक्षा उपकरणों की जांच अवश्य करनी चाहिए। हादसे के बाद उपकरण सही तरीके से नहीं चलने पर बड़ा हादसा हो जाता है, ऐसे में हमें सजगता दिखाने की आवश्यकता है और फायर सेफ्टी से संबंधित उपकरणों की जांच करना आवश्यक है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा मोबाइल वितरण को लेकर दिए गए बयान के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने कम कीमत के मोबाइल खरीदकर उनका महंगी दरों पर बिल उठाया और सरकारी खजाने को लूटने का काम किया था। इतना ही नहीं, गहलोत ने फर्जी बिल तैयार कर सरकारी धन का दुरूपयोग किया। अगर गहलोत सही कीमत पर सही माल खरीदते तो जनता को उसका लाभ मिलता, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। भाजपा सरकार ऐसा काम नहीं करती। भाजपा सरकार जनहित के काम करती है।

# सराफ ने किया सीसीटीवी कैमरों के लोकार्पण

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष द्वारा प्रदत्त राशि 35 लाख रुपये से वार्ड 145 महेश कॉलोनी में लगे 38 सीसीटीवी कैमरो का लोकार्पण किया।पार्षद नरेश शर्मा ने बताया कि आए दिन असामाजिक तत्वों के द्वारा गाड़ियों के शीशे तोड़े जाते हैं कैमरे लग जाने से अपराधों पर अंकुश लगेगा। नटवर कुमावत ने बताया कि विधायक सराफ ने चुनाव में मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता से वादा किया था की आने वाले 5 साल में सभी 26 वार्डों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। 28 कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा चुके हैं।

# पतंजलि भविष्य का विश्व समाधान केंद्र : धर्मेंद्र प्रधान

- पतंजलि विश्वविद्यालय का एक ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रूप में बड़ा विस्तार होगा और यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनेगा : स्वामी रामदेव
- पतंजलि भारतीय हेरिटेज को आगे ले जाने का अभिनव कार्य कर रहा है : आचार्य बालकृष्ण



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देवभूमि हरिद्वार स्थित विश्वप्रसिद्ध पतंजलि विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह ‘अभ्युदय’ आ उद्घाटन किया।

**हरिद्वार/जयपुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने पतंजलि को आने वाले समय का विश्व समाधान केंद्र बताते हुए कहा कि चाहे चिकित्सा का क्षेत्र हो या शिक्षा का, पतंजलि संस्थान का वर्चस्व पूरे विश्व में होगा। आज पतंजलि केवल एक संस्था ही नहीं, बल्कि भारत और भारतीयता के आंदोलन का प्रतिनिधित्व करने वाला एक विचार है। पतंजलि राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका निभा रहा है। उन्होंने योगऋषि स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को योग और आयुर्वेद में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे एक जनांदोलन बताया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री देवभूमि हरिद्वार स्थित विश्वप्रसिद्ध पतंजलि विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह ‘अभ्युदय’ में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव और कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ‘अभिनंदनपत्र सम्मान’ से सम्मानित भी किया गया।

भारत के शिक्षा मंत्री ने पतंजलि विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव ‘अभ्युदय’ को भारत की ज्ञान परम्परा का प्रतीक बताते हुए कहा कि पतंजलि संस्थान ज्ञान की प्राचीन परम्पराओं और आधुनिकता के अभिनव समन्वय से देश की महान सेवा कर रहा है। उन्होंने योग और आयुर्वेद को दुनिया की आवश्यकता बताते हुए स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को भारत की इस महान परंपरा को पुनर्जीवित करने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि जब योग केवल बुजुर्गों और साधु-संतों की बात मानी जाती थी, तब योगऋषि स्वामी रामदेव ने इसे जनांदोलन का रूप देने का काम किया। आज देश का शायद ही कोई गांव या क़स्बा होगा, जहां योग की पहुंच ना हुआ हो। पतंजलि के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि यूनेस्को ने भी योग को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधित्व सूचि में औपचारिक रूप से अंकित किया है। साथ ही, कोविड-19 के समय महामारी से निपटने और कारगर प्रतिरोध उपाय के रूप में भी योग और आयुर्वेद के महत्व का उल्लेख किया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा निति के महत्त्व को बताते हुए कहा कि पतंजलि भारतीय शिक्षा बोर्ड की कमान अपने हाथ में लिए भारतीय शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को उजागर करने में अहम योगदान दे रहा है। इसी कारण आने वाले समय में जब कभी भारत की सभ्यता को पुनर्लेखन की बात होगी, तब पतंजलि जैसे संस्थान का नाम सुनहरे अक्षरों से लिखा जायेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि शिक्षा के लिए पतंजलि विश्वविद्यालय को चुनना भारत को चुनना जैसे ही है। वहीं विकसित भारत की संकल्पना में युवाओं को अपने स्वास्थ्य और व्यक्तित्व निर्माण जैसे कारकों से एक स्वस्थ एवं विकसित भारत के स्वपन को साकार करने की बात कही, जिसमें पतंजलि संस्थान महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने महान व्यक्तित्व एवं चरित्र पूरी दुनिया का गढ़ा है, उसी के बल पर सारा संसार आगे बढ़ रहा है। उसी संकल्प के अनुरूप पतंजलि विश्वविद्यालय आगे बढ़ रहा है और हमारा सपना है कि ऑक्सफ़ोर्ड और कैंब्रिज से भी बड़ा विश्वविद्यालय बने। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय का एक ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रूप में बड़ा विस्तार होगा और यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनेगा, इसी संकल्प को लेकर गतिशीलता के साथ कार्य किया जा रहा है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया हमारे पीछे चलेगी, तब सही मायनों में सनातन धर्म की विश्वविजयी यात्रा होगी।

पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पतंजलि विश्वविद्यालय और इसके सहयोगी संस्थान ‘पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन’ के कार्यकलापों को विस्तार से बताया। इसी के साथ उन्होंने कहा पतंजलि भारतीय हेरिटेज को आगे ले जाने का अभिनव कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पतंजलि विश्वविद्यालय और इसके सहयोगी संस्थान ‘पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन’ द्वारा रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में ‘अभ्युदय’ के अन्तर्गत क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को मेडल भेंट कर पुरस्कृत किया गया। पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहन प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एन.पी. सिंह, पविवि के कुलानुशासिका एवं वार्षिकोत्सव की संयोजिका प्रो. साध्वी देवप्रिया समेत विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल, दूर शिक्षा निदेशक डॉ. सत्येंद्र मित्तल, कुलसचिव आलोक कुमार सिंह, कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव व विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक अधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. अनिल कुमार तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# होटल में काम करने वाले रिसेप्शनिस्ट ने खाया जहर

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना इलाके में होटल में काम करने वाले एक रिसेप्शनिस्ट ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि जहर खाने के चलते वह अपने रूम में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था। जिसे तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एसएमएस अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई ने एक लड़की व उसके घरवालों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है।

जांच अधिकारी एसआई विजयपाल ने बताया कि भीलवाड़ा के हनुमान नगर निवासी मोहम्मद हसन (28) ने सुसाइड किया है। वह पिछले करीब 5 महीने से मालवीय नगर स्थित होटल सिल्वर सेट खालसा पैलेस में रिसेप्शन पर काम कर रहा था। वह होटल में बने वर्कर रुम में ही रहता था। 27 फरवरी को सुबह करीब 9 बजे ड्यूटी ऑफ होने के बाद वह अपने रुम में चला गया। रुम में जाने के बाद उसने जहर खा लिया। करीब एक घंटे बाद साथी वर्कर किसी काम से रूम में पहुंचे। वहां मोहम्मद हसन बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। साथियों ने उसे तुरंत जयपुरिया हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। हालत गंभीर होने पर उसे एसएमएस अस्पताल में रेफर कर दिया गया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मेडिकल सूचना पर मालवीय नगर थाना पुलिस हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई बिन जुबेर ने एक लड़की व उसके घरवालों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया है।


**आम सूचना** हर खास आम को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य नाथूराम बैरवा पुत्र स्व. श्री चौथूराम बैरवा निवासी ग्राम मीणो का बाढ, नायला तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर के स्वामित्व की आराजी पुराना खसरा नम्बर 670 रकबा 3 बीघा 15 बिस्वा हाल नवीन खसरा नम्बर 174 रकबा 0.9500 हैक्टेयर का विक्रय सायर मल वर्मा पुत्र श्री जगन्नाथ वर्मा निवासी 77-ए, जगन्नाथपुरी, तृतीय त्रिवेणी नगर गोपालपुरा बाईपास जयपुर को कर दिया गया तथा उक्त भूमि को मेरे अभिभाष्य ने आज दिवस तक किसी भी व्यक्ति को रहन, विक्रय, बख्शीश तथा हस्तान्तरण इत्यादि नहीं किया गया है। अगर अन्य कोई भी व्यक्ति उक्त आराजीयात से संबंधित दस्तावेजात लाता है जो वह फर्जी व बनावटी होंगे व मेरे अभिभाष्य की ओर शून्य होंगे।
जयपुर (श्रीनाथ तिवाड़ी) एडवोकेट
दिनांक 01.03.2025 मो.नं. 9829005189

**खोया पाया**
प्लॉट/विला नं. एल-066 अंसल सुज्ञान्त सिटी प्रथम स्कीम, ग्राम मॉचवा, जयपुर का मूल आवंटन पत्र (असंल बायर एग्रीमेन्ट) खो गया है मिलने पर सूचित करें-9983091360

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम चंचल बालोठिया से बदलकर चिराग बालोठिया पुत्र हनुमान प्रसाद बालोठिया निवासी रेगरो की कोठी, गंगामाता मंदिर के पास घाटगेट जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे चिराग बालोठिया के नाम से जाना पहचाना जावें।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



## युवक को जान से मारने प्रयास

**सादुलपुर।** राजगढ़ थाने के गांव श्योपुरा निवासी एक व्यक्ति लसेडी गांव निवासी एक युवक के खिलाफ रंजिश के चलते उसको जान से मारने के उदेश्य से उसके ऊपर ट्रैक्टर चढाने का प्रयास कर ट्रेक्टर की टक्कर मारने के आरोप मामला दर्ज करवाया है।

रविवार सुबह 8 बजे मिली जानकारी में राजगढ थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि महावीर पुत्र रामस्वरूप जाट उम्र 53 साल निवासी श्योपुरा पुलिस थाना राजगढ जिला चूरू इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि ०1 मार्च 2०25 को सुबह ०9.3० बजे के लगभग मैं अपने चौक जो घर के आगे है वहां खडा था व साफ सफाई करवा रहा था।

इतने में नीले रंग का फार्मट्रेक ट्रैक्टर लेकर विकास पुत्र जगदीश जाट निवासी लसेडी तह राजगढ जिला चूरू आया व आवाज लगाई कि आज मैं आपको जान से मारूंगा तथा ट्रेक्टर मेरी तरफ करने जान से मारने के उद्देश्य से टक्कर मारी, जिससे मेरे बांए व दाए हाथ पर तथा शरीर के अन्य हिस्से पर चोट मारी।

फिर ट्रैक्टर तेज गति से बैक किया व दोबारा मेरे उपर चढाने की निति से मेरे उपर ट्रैक्टर चढाने का प्रयास किया तो मैंने चौक में पीपल गटे पर चढ कर जान बचाई।

# तारानगर विधानसभा के गांवों में ओलावृष्टि से हुई फसल बर्बादी का जायजा लिया

**सादुलपुर,** (ओमप्रकाश)। राजगढ तहसील एवं तारानगर विधानसभा के गांवो में हुई भारी अतिवृष्टि के बाद पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेंद्र झाझडिया एवं उपखण्ड अधिकारी राजगढ मीनू वर्मा जब राजगढ क्षेत्र के खेतों में नुकसान का जायजा लेने पहुंचे तो एक किसान

- **पदमभूषण देवेन्द्र झाझडिया व एसडीएम ने रोते हुए किसान को बंधाया ढांढस**
- **एसडीएम ने सर्वे कराकर मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया**

6० बीघा जमीन पर बोई गई चने की फसल ओलावृष्टि से बर्बाद होने पर फूट-फूट कर रोने लगे।

जिस पर रविवार सुबह 8 बजे सामने आये वीडियों में काफी देर तक पदमभूषण देवेन्द्र झाझडियां ने फूट-फूट कर रोये किसान को ढाढस बंधवाया। साथ ही उपखण्ड अधिकारी राजगढ मीनू वर्मा ने फसल में हुए भारी नुकसान का सर्वे करवाकर शिघ्र सहायता का आश्वासन दिया, तब जाकर फूट-फूट कर रोये किसान ने रोना बन्द किया।



**ओलावृष्टि से बर्बाद हुई चने की फसल का एसडीएम ने जायजा लिया।**

ज्ञात रहे कि पदमभूषण देवेंद्र झाझडिया जब खेतों में पहुंचे तो किसान राजेंद्र ढाका फूट-फूट कर रोने लगे। ढाका ने बताया कि उन्होंने 6० बीघा में चने की खेती कर रखी थी, जिसमें अब शत-प्रतिशत नुकसान हो गया है। खेती में कुछ भी नहीं बचा है।

जिस पर पदमभूषण देवेंद्र ने बताया कि नुकसान देखने के लिए खेतों में पहुंचे किसानों की फसल देखकर यह हालत हुई कि उनसे खेतों से वापस भी नहीं उठा गया।

ज्ञात रहे देवेंद्र झाझडिया ने शनिवार को तारानगर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले गांव राजगढ तहसील के गांव जयपुरिया खालसा, देवीपुरा, मीठडी, कालोडी सहित विभिन्न गांवों के खेतों में जाकर चने व सरसों की फसल में हुए नुकसान का जायजा लेने शनिवार को खेतों में पहुंचे थे तथा किसानों से बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी। इस मौके पर पदमभूषण देवेन्द्र झाझडिया ने कहा केंद्र और राज्य सरकार के सामने किसानों का पक्ष रखेंगे और यह कोशिश करेंगे कि किसानों के नुकसान की अधिकतम भरपाई हो सके।

उन्होंने बताया कि उन्होंने जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा से भी बातचीत करके किसानों को राहत देने की कार्यवाही शुरू करने के लिए कहा है। इस दौरान मौजूद एसडीम मीनू वर्मा से देवेंद्र झाझडिया ने कहा कि नुकसान के बारे में समुचित कार्यवाही करें और समयबद्ध ढंग से रिपोर्टिंग कर यह सुनिश्चित करें कि किसानों को हुए नुकसान में ज्यादा से ज्यादा मदद केंद्र व राज्य सरकार की ओर से की जा सके।

## मिलावट की आशंका में स्वास्थ्य विभाग ने किया 352 किलोग्राम घी जब्त

### सीएमएचओ ने की कार्यवाही

**उदयपुर, 2 मार्च।** उदयपुर में नकली घी के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बडी कार्यवाही को अंजाम दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक आदित्य के निर्देश पर विभाग की टीम कृषि मंडी स्थित पद्मावती ट्रेडर्स पर पहुंची और यहां पर छापा मारकर घी के सैंपल लेने के साथ ही 350 किलो घी जब्त किया।

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि पद्मावती ट्रेडर्स पर नकली घी बेचा जा रहा है। इस पर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची और घी के सैंपल लेने के बाद जांच के लिए भेजे। जांच के लिए भेजे। विभाग की इस कार्रवाई से नकली घी बेचने वालों में हडकंप मच गया है।

अधिकारियों का कहना है। उदयपुर में नकली घी के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बडी कार्यवाही को अंजाम दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक आदित्य के निर्देश पर विभाग की टीम कृषि मंडी स्थित पद्मावती ट्रेडर्स पर पहुंची और यहां पर छापा मारकर घी के सैंपल लेने के साथ ही 350 किलो घी जब्त किया।

स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि पद्मावती ट्रेडर्स पर नकली घी बेचा जा रहा है।

इस पर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची और घी के सैंपल लेने के बाद जांच के लिए भेजे। जांच के लिए भेजे। विभाग की इस कार्रवाई से नकली घी बेचने वालों में हडकंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यदि घी नकली पाया जाता है तो संबंधित व्यापारियों पर कडी कार्रवाई होगी। सीएमएचओ डॉ आदित्य ने बताया कि शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है। भुवाणा सेलिब्रेशन मॉल के पीछे मैसर्स कैलिस्टो रेस्टोरेन्ट डोम रेस्टोरेन्ट का निरीक्षण किया।

यहां पनीर के सैम्पल लिए गए। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाई गईं। फूड लाइसेंस डिस्प्ले नहीं पाया गया। खाने बनाने में उपयोग होने वाले पानी की जांच रिपोर्ट नहीं मिली। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नोटिस दिया जाएगा।

# अधिवक्ता से डीजे बजाने वाले युवकों ने की मारपीट



**पुष्कर में आई. सी. यू. के बाहर उपस्थित अधिवक्ता।**

**पुष्कर** (निसं.)। बार एसोसिएशन पुष्कर के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम जाखेटिया पर दिनांक 02/03/2025 की पूर्व रात्रि 1.30 बजे शराब के नशे में डीजे गाड़ी के साथ उत्पात मचा रहे युवकों ने प्राणघातक हमला कर दिया जिससे अधिवक्ता जाखेटिया जेएलएन अस्पताल अजमेर में गंभीर अवस्था में उपचाररत है। बार एसोसिएशन पुष्कर के अध्यक्ष कुलदीप पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि देर रात्रि पुष्कर में जयपुर बाईपास पर अधिवक्ता जाखेटिया के निवास स्थान के पास देर रात्रि में डीजे की तेज आवाज पर दस पन्द्रह युवक डीजे वाली पिकअप चला कर शराब के नशे में उत्पात मचा रहे थे जिन्हें रोकने के लिए जाखोटिया व उनके परिवारजन गए तो उनके साथ मारपीट की और कातिलाना हमला कर दिया। हमले में अधिवक्ता जाखेटिया की हालत गंभीर बताई जा रही है। हमलावरों ने जाखेटिया के पुत्र का मोबाइल फोन भी छीन कर ले गए। इस हमले की बार एसोसिएशन पुष्कर के अधिवक्ताओं ने रोष प्रकट कर इस हमले की घोर निंदा की। पुष्कर थाने में दर्ज मुकदमें में हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की अन्यथा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। वही मामले की जानकारी मिलते ही बार एसोसिएशन अजमेर के अध्यक्ष अशोक रावत, बार एसोसिएशन पुष्कर अध्यक्ष कुलदीप पाराशर, सचिव सन्दीप पाराशर, एसके पाराशर, रघु पारीक, मुनेश तिवारी, अनिल उदय, पुष्करनारायण पाराशर, विनोद पाराशर, मुकेश सुनारीवाल, सुरेन्द्र परसोया, भुवनेश पाठक सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण जेएलएन अस्पताल पहुंच गए।

## बीकानेर में स्कॉर्पियो की टक्कर से 4 की मौत

**बीकानेर।** तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने 2 बाइक पर जा रहे 4 युवकों को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में चारों युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो ड्राइवर फरार हो गया। चारों युवक शादी समारोह से लौट रहे थे। मामला नाल थाना इलाके का एनएच-11 (जैसलमेर रोड) पर देर रात 2 बजे का है।

नाल एसएचओ विकास विश्नोई ने बताया- हादसे में नाल बड़ी निवासी ओमप्रकाश (29) पुत्र गंगाराम, राहुल (25) पुत्र चोरूराम, कोजुराम उर्फ श्यामलाल (18) पुत्र बिरजूराम और गोरधन (30) पुत्र चोरु राम की मौत हो गई है। पोस्टमॉर्टम करवाकर चारों के शव परिजन को सौंप दिए।

स्कॉर्पियो ड्राइवर की तलाश की जा रही है। एसएचओ ने बताया- चारों किसी शादी समारोह से काम करके लौट रहे थे। इस दौरान अपने घर नाल गांव जाते हुए स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक ने पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में स्कॉर्पियो और दोनों बाइक बुरी तरह डैमेज हो गईं। यहां तक कि स्कॉर्पियो के पहिए तक निकल गए। चारों का रविवार दोपहर नाल गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

# झुंझुनूं जेल में बंद बदमाश की मुलाकात का वीडियो वायरल

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला जेल में बंद एक बदमाश का वीडियो सामने आया है। वीडियो जेल के अंदर का है, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।

यह वीडियो मुलाकात के दौरान का बताया जा रहा है, जिसमें आरोपी अपने परिचितों से बातचीत करता नजर आ रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जेल के मुलाकात खाने के अंदर मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है, बावजूद इसके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया। इस वीडियो को जिले के कुख्यात क्षेत्रीय गैंग की इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड किया गया, जिसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में आरोपी पूरी बेफिक्री से बातचीत करता दिख रहा है, जिससे यह साफ है कि जेल के अंदर सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा आरोपी एक ऑनर किलिंग के मामले में झुंझुनूं जेल में बंद है। आरोपी क्षेत्रीय गैंग का सदस्य है। इस गैंग का नाम पहले भी कई संगीन वारदातों में आ चुका है, जिनमें हत्या, रंगदारी और फिरौती के मामले शामिल हैं। झुंझुनूं जिले में इस गैंग का प्रभाव लगातार बढ़ ता जा रहा है।

हाल ही में इस गैंग ने चिड़ावा में एक बड़े पेड़ा व्यापारी से एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। जब व्यापारी ने फिरौती देने से इनकार किया तो बदमाशों ने उसकी दुकान पर फायरिंग कर दहशत फैला दी।

इस वारदात के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन इस गैंग का नेटवर्क अब भी सक्रिय बना हुआ है। जेल के मुलाकात खाने तक फोन पहुंचने और वीडियो वायरल होने के बाद जेल प्रशासन पर सवाल उठने लगे हैं। जेल में सुरक्षा के कड़े इंतजाम होने के बावजूद मोबाइल फोन का पहुंचना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। इस पूरे मामले को लेकर जेल प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

झुंझुनूं पुलिस इस गैंग पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। इस गैंग के सदस्य जिले में लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे व्यापारियों और स्थानीय लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। अब जेल प्रशासन यह भी जांच कर रहा है कि वायरल वीडियो के पीछे किसका हाथ है और किसने इसे इंस्टाग्राम पर अपलोड किया। जेल उप अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि वीडियो कब का है, यह कहा नहीं जा सकता। जेल में कैदियां से मिलने आने वाली महिलाओं की सही तरीके तलाशी नहीं हो पा रही है। आरएसी के पास महिला कॉन्स्टेबल नहीं है। ऐसे में मुलाकात खाने में किसी महिला के द्वारा मोबाइल या डिवाइस ले जाकर वीडियो बनाना संभव है। जांच कर रहे है, जो भी दोषी होगा कार्रवाई की जाएगी।

## जुरहरा में सायबर ठगी के आरोप में 17 आरोपी गिरफ्तार

**जुरहरा भरतपुर** (निस)। स्थानीय थाना पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए खेतों में फसल की आड़ में छुपकर ठगी करने के आरोप में 17 जनों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 23 एंड्रॉयड मोबाईल फोन, 34 फर्जी सिम कार्ड, 6 फर्जी ए.टी.एम. कार्ड व सायबर ठगी से अर्जित रकम से खरीदी गई कुल 6 बाइकों को जब्त किया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी सोशल मीडिया पर लडकी की फर्जी आईडी बनाकर अनजान लोगों से सम्पर्क कर उनको विडियो कॉल कर और उनकी नग्न विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।

आरोपी लहंगा, साडी, लेपटॉप, गाय-भैंस, गाडी व नकली सोने जैसी पीतल की ईंटो को सस्ते दामों में बेचने का विज्ञापन डालकर अनजान लोगों से डिलेवरी चार्ज के रूप में रूपये प्राप्त कर सायबर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे।

जुरहरा थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि शनिवार को रैंज स्पेशल टीम, जिला स्पेशल टीम एवं थाना जुरहरा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम समधारा के जंगल में पेड़ों के झुरमुट व खडी फसल की आड में बैठकर सायबर ठगी कर रहे शाहरूख पुत्र आसीन जाति मेव निवासी ग्राम नौगावां थाना जुरहरा, सोहिल पुत्र शेर मौहम्मद जाति मेव निवासी ग्राम जुरहरी थाना जुरहरा, साजिद पुत्र सुलेमान जाति मेव निवासी ग्राम छज्जू खेडा थाना सीकरी, शौकीन पुत्र सल्लू जाति मेव निवासी ग्राम उंचेडा थाना जुरहरा, मुस्तकीम पुत्र कीडू जाति मेव निवासी ग्राम भीलमका थाना कोतवाली डीग, मनीष कुमार पुत्र महेश जाति जाटव निवासी ग्राम दांदेडा थाना जुरहरा, आदिल पुत्र सल्लू जाति मेव निवासी ग्राम उंचेडा थाना जुरहरा, राशिद पुत्र अहमद जाति मेव निवासी ग्राम भंडारा थाना जुरहरा, मुस्तफा पुत्र सम्पत जाति मेव निवासी ग्राम भंडारा थाना जुरहरा, सोहिल पुत्र इदरीश जाति मेव निवासी ग्राम नन्देरा थाना कामां, निसार पुत्र युनुस जाति मेव निवासी ग्राम नन्देरा थाना कामां, कामिल पुत्र जमील जाति मेव निवासी समधारा थाना जुरहरा, साबिर पुत्र सूबे खां जाति मेव निवासी समधारा थाना जुरहरा, शकील पुत्र शौकत जाति मेव निवासी समधारा थाना जुरहरा, साकीब पुत्र रमजान जाति मेव निवासी कावान का बास थाना खोह, हैदर पुत्र याकूब उर्फ नक्चा जाति मेव निवासी गांवडी थाना जुरहरा, हन्नी उर्फ हनीफ पुत्र कासम जाति मेव निवासी गांवडी थाना जुरहरा को गिरफ्तार करते हुए मुल्जिमान के कब्जे से 23 एण्ड्रोईड मोबाइल फोन, 34 फर्जी सिम कार्ड, 6 फर्जी ए.टी.एम. कार्ड, 6 मोटरसाईकिलें व तलाशी में मिले 1170 रूपये जब्त किये गए हैं।

## व्यक्ति का अपहरण कर अश्लील वीडियो बनाया

**बीकानेर।** एक व्यक्ति का अपहरण कर महिला के साथ अश्लील वीडियो बनाकर 25 लाख रुपए मांगने और दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गजनेर में पृथ्वीराज का बेरा निवासी एक व्यक्ति 25 फरवरी को बीकानेर आया था। शाम को 5.30 बजे डूडी पेट्रोल पंप पर खड़ा था। उसके परिचित ओमप्रकाश सोनी ने एक महिला को भेजा जो उसे विश्वकर्मी गेट के पास एक मकान में ले गई।

वहां ओमप्रकाश सोनी और एक अन्य महिला मौजूद थे। इस दौरान व्यक्ति को एक कमरे में बंद किया और डरा-धमकाकर उसके कपड़े उतरवा दिए। एक महिला ने उसके साथ जबरन अश्लील हरकत की जिसका वीडियो बना लिया गया।

शोर मचाने पर पर जान से मारने और दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। रात को ओमप्रकाश खीचड़ भी मौके पर आ गया और चारों ने व्यक्ति को धमकाकर उससे 25 लाख रुपए मांगे। पीड़ित ने असमर्थता जताई तो सात लाख पर सौदा तय हो गया। पीड़ित को रुपए के लिए उसके उसके गांव 860 आरडी ले जाया गया।

वहां पेट्रोल पंप पर अपने करीबी से रुपए मांगे तो उसे शक हो गया। उसने पीड़ित के परिजनों को बुला लिया। मौके पर ओमप्रकाश सोनी, ओमप्रकाश खीचड़ को पकड़ लिया और बज्जू पुलिस को सौंप दिया।

# भीलवाड़ा की बंद पड़ी फैक्ट्री से पिंजरे में कैद हुआ पैंथर



**वन विभाग की टीम ने बंद पड़ी फैक्ट्री से तेंदूआ को पकड़ा।**

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। जिले के गुलाबपुरा थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजस्थान उच्च न्यायालय के अधीन बंद पड़ी फैक्ट्री में गत 17 फरवरी को तेंदूआ होने की जानकारी चौकीदार नानूराम कुमावत को मिली, जिस पर वन विभाग को सूचित किया।

आसींद रेंज के 15 वन विभाग कर्मी ने बंद पड़ी फैक्ट्री में तीन पिंजरे लगाए व सीसीटीवी कैमरे लगाए। तेंदुआ होने की पुख्ता फुटेज प्राप्त होने पर वन विभाग कर्मियों को आज 14 दिन बाद पैंथर के पिंजरे में आने की सफलता मिली।

- **14 दिन तक वन विभाग ने पिंजरे में कुत्ते, मोर ,मुर्गा रखकर पैंथर आने का इंतजार किया।**

14 दिन तक वन विभाग ने पिंजरे में कुत्ते, मोर ,मुर्गा रखकर पैंथर आने का इंतजार किया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार फैक्ट्री के अंदर ही बने पानी के टांके से तेंदुआ पानी पी रहा था, व फैक्ट्री के अंदर गिलहरियों का शिकार कर जीवन यापन कर रहा था।

आज पिंजरे में कैद हुए पैंथर को टाटगढ़, अरावली क्षेत्र के जंगलों में ले जाने के लिए वन विभाग कर्मी रवाना हुए। वन विभाग कर्मियों ने बताया कि पैंथर को बिना ट्रॅकुलाइजर व बिना नुकसान पहुंचा हुए पिंजरे में कैद किया गया है। कैद हुए तेंदुए की उम्र 5 साल बताई है।

## सार-समाचार

### बेरहमी से मारपीट का आरोप

**मसूदा** (निसं.)। मसूदा उप अधीक्षक सज्जन सिंह को ग्राम किराप निवासी प्रकाश खारोल ने एक लिखित शिकायत में बताया कि भीलवाड़ा जिले के फुलिया कला थाने में 6 दिन तक मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से युवक ने न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि भीलवाड़ा जिले के फुलिया कला थाने की पुलिस मेरे थाने में कपड़े उतार कर 6 दिन तक उल्टा लटका कर बेरहमी के साथ पीटा जिसकी वजह से सुनना बंद हो गया और कहा कि रबड़ के पत्ते से पिटाई की इससे उसके कान में चोट आने से सुनना बंद हो गया प्रकाश ने उपाधीक्षक सज्जन सिंह को लिखित शिकायत में बताते हुए कहा कि पुलिस पर ऐसे गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रकाश के भाई शेर पर भीमपुरा निवासी पर एक लड़की को भगाने का आरोप है। पुलिस इसी मामले में परिजनों से पूछताछ के लिए उन्हें थाना लाई थी। प्रकाश ने बताया कि 23 फरवरी की शाम वह अपने घर पर खाना खा रहा था। तभी फुलिया कला थाने के कुछ पुलिसकर्मी आए मारपीट करते हुए उसे गाड़ी में बिठाया और थाने ले जाने लगे। इस दौरान मसूदा थाने का एक पुलिसकर्मी भी साथ था जो रास्ते में उतर गया फूल या कल थाने पहुंचने पर पुलिसकर्मी जगदीश, महावीर, और भारमल ने उसके पैरों में लकड़ी बांधकर उल्टा लटका दिया और बैरहमी से पिटाई की।

प्रकाश ने बताया कि वह रहम की गुहार लगता रहा लेकिन पुलिसकर्मी लगातार बेरहमी से मारपीट करते रहे। 26 फरवरी को पुलिस ने उसके छोटे भाई की गर्भवती बहू किस्मत को भी पकड़ लिया। पुलिस थाने में लाकर उसके साथ भी मारपीट की गई। 28 फरवरी की शाम पुलिसकर्मियों ने उसे 100 देकर छोड़ दिया और धमकाया। तहसीलदार के सामने ले जाकर जबरन कागजातों पर साइन करवा लिए। मोबाइल भी जब्त कर लिया।

थाना अधिकारियों पर भी धमकाने का आरोप : प्रकाश ने बताया कि देर शाम थाना अधिकारी माया बैरवा का फोन आया धमकी दी कि अगर थाने में हुई घटना के बारे में किसी को बताया तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। प्रकाश के गांव पहुंचने के बाद कान में दर्द और सुनाई नहीं देने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने बताया कि कान में चोट लगने से सुनाई नहीं दे रहा है। पीड़ित प्रकाश ने पुलिस उप अधीक्षक सज्जन सिंह से निष्पक्ष जांच करने की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

### 'किसानों को मिले विशेष मुआवजा पैकेज'

**सादुलपुर।** चूरू जिले सहित राजगढ तहसील में शुक्रवार को हुई भयंकर ओलावृष्टि से किसानों की रबी फसल पूर्णतया नष्ट हो गई है। रविवार दोपहर 1 बजे दी जानकारी में सांसद राहुल कस्वां ने सादुलपुर के गांव आच्छापुर, हमीरवास, दन्देऊ मोहनसिंह, नवां एवं भैंसली पहुंचकर नष्ट हुई फसलों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ नायब तहसीलदार, कृषि अधिकारी व पटवारी साथ रहे। सांसद राहुल कस्वां ने मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार, पटवारी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द गिरदावरी कार्य पूर्ण कर नुकसान की रिपोर्ट राज्य सरकार को भिजवाने के लिये कहा है, ताकि किसान भाईयों को इस आपदा से हुई हानि की भरपाई की जा सके। सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि पक्की पकाई फसल में इतना भारी नुकसान है कि फली से दाना निकलकर जमीन पर बिखर चुका है। सर्द रातों की अथक मेहनत से तैयार हुई फसल के चंद पलों में मिट्टी में मिलने से किसानों पर बहुत ज्यादा संकट आ गया है। उन्होने कहा कि किसान पहले से ही बदहाल स्थिति में हैं और अब मौसम की मार से उसके हालात ओर भी खराब हो गए हैं। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि चूरू जिले में किसानों को हुए इस बडे नुकसान की रिपोर्ट तत्काल मंगवाकर विशेष मुआवजा पैकेज जारी किया जाये। सांसद ने ओलावृष्टि से प्रभावित इलाकों के किसानों से भी आग्रह किया कि जब तक गिरदावरी की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक अपने खेत में यथास्थिति बनी रहने दें। साथ ही प्रभावित किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हर स्तर पर मजबूती के साथ आपकी आवाज को बुलंद कर इस नुकसान का मुआवजा दिलाने का हर मुमकिन प्रयास करेंगे। सांसद कस्वा ने बताया कि 1० मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की आवाज प्रमुखता से उठायेंगे।

### एग्जीबिशन ब्रेनवेव 2025 आयोजित

**चूरू।** अद्रसेन नगर स्थित अल्केमी स्कूल (यूरो किड्स) में रविवार को आर्ट्स एंड साइंस एग्जीबिशन ब्रेनवेव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीईओ श्वेता कोचर थी। विशिष्ट अतिथि एसीईओ दुर्गा देवी ढाका थी। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था निदेशक डॉ. रविकांत शर्मा व प्राचार्य अनामिका शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में टीचिंग मेथाडोलॉजी लर्निंग एफ फन को विभिन्न मॉडल्स के द्वारा अभिभावकों को अवगत करवाया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न थीम पर मॉडल बनाए और साइंस में लीफी वंडर्स में प्लांट्स की संरचना को प्रदर्शित किया गया। इसी क्रम में सोशल साइंस में भारत सरकार के बारे में जानकारी दी गई। मैथ में शेप गैलेक्सी में सभी शेप्स के बारे में मॉडल बनाकर एक्सप्लेन किया गया और अंग्रेजी-हिंदी में व्याकरण के टॉपिक पर मॉडल बनाये। नर्सरी के बच्चों ने ट्रांसपोर्टेशन थीम पर कार, बस, एरोप्लेन बनाकर अद्भुत प्रदर्शन किया। एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों ने वॉवेल कॉन्सोनेंट, मात्राओं, एडिसन और सब्ट्रैक्शन को मॉडल्स के द्वारा शानदार तरीके से समझाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करती हुई सीईओ श्वेता कोचर ने कहा कि वर्तमान समाज में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की शिक्षा की महती आवश्यकता है। उन्होंने प्रायोगिक माध्यम से शिक्षण पद्धित को एक सराहनीय पहल बताया। बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा की बच्चे हमारा भविष्य है और इस प्रकार के कार्यक्रमों से उनमें अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता है। संस्था निदेशक डॉ. रविकांत शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, स्टॉफ सदस्य व अभिभावक उपस्थित थे।

### चिंकारा को गोली मारी, 6 आरोपी पकड़े


**बीकानेर।** बज्जू-दंतौर बॉर्डर पर दो गाडियों में सवार होकर पहुंचे शिकारियों ने चिंकारा हिरण को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो शिकारी भाग निकले। पुलिस और ग्रामीणों ने पीछा कर छह लोगों को पकड़ा है जो पंजाब के रहने वाले हैं। सायंकाल जीप और थार गाड़ी में सवार हथियारबंद लोग बज्जू-दंतौर के बॉर्डर एरिया में पहुंचे और वहां एक चिंकारा हिरण को गोली मारकर उसका शिकार किया। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो गाड़ियों में सवार शिकारियों ने मौके से गाड़ियां भगा लीं। मौके से मृत हिरण बरामद कर लिया गया। इस दौरान सूचना मिलने पर बज्जू, कोलायत, रणजीतपुरा थानों के एसएचओ ग्रामीणों के साथ शिकारियों की तलाश में जुट गए। आखिरकार शिकारियों की एक गाड़ी बज्जू इलाके में दूसरी गाड़ी हदां क्षेत्र में पकड़ी गई। दोनों गाड़ियों में तीन-तीन लोग सवार थे जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ये सभी पंजाब के रहने वाले हैं और इनके पास से हथियार भी बरामद हुए हैं। हिरण शिकार पर ग्रामीणों में आक्रोश था। पुलिस जैसे-तैसे आरोपियों को लेकर थानों में पहुंची। उनसे पूछताछ की जा रही है।

### आनलाईन सट्टा खेलने वाला गिरफ्तार, दो मोबाईल जब्त

**उदयपुर।** डीएसटी एवं गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए ऑनलाईन सट्टा खेलने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से दो मोबाईल जब्त किए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह राठौड़ के नेतृत्व में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने र्कावाही करते हुए बलिचा दिक्षण विस्तार योजना रोड़ पर मुकेश पुत्र चन्दूमल निवासी सेटेलाईट हॉस्पीटल के सामने वाली गली सेक्टर 6 हिरणमगरी लोईन्स व नाईटस क्रिकेट टीमों के बीच क्रिकेट मेच पर मोबाईल पर एक वेबसाईट के माध्यम से रूपयों का दांव लगा कर ऑनलाईन सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार कर इसके कब्जे से दो मोबाईल बरामद किए। पूछताछ में उसने स्वयं सट्टा खेलना व लोगों को खेलाना स्वीकार किया।

### 78 विद्यार्थियों का सम्मान

**उदयपुर।** सिटी पेलेस उदयपुर के ऐतिहासिक जनाना महल के लक्ष्मी चौक में महाराणा मेवाड फाउण्डेशन का 41वाँ वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर फाउण्डेशन के प्रबन्ध न्यासी महाराज कुमार साहिब डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड ने परमेश्वराजी महाराज श्री एकलिंगनाथजी एवं फाउण्डेशन के संस्थापक महाराणा भगवत सिंह जी मेवाड को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया और समारोह का विधिवत शुभारंभ किया।




## World Wildlife Day


Nature's untamed wonders are always captivating, from the majestic beasts of the savanna to the tiny creatures in your backyard. The World is full of amazing creatures from every possible medium. From the birds of the air to the majestic whales of the sea, wildlife abounds in the most unusual and unexpected places. Wildlife benefits us in many ways and has since timed out of mind. World Wildlife Day is a day to remind us of our responsibilities to our world and the lifeforms we share it with!

#NORSE CULTURE

# A Historic Discovery in Norway

World's Oldest Runestone May Have Been Signed by a Woman.









Archaeologists have made a groundbreaking discovery that could reshape our understanding of ancient inscriptions, the world's oldest known runestone may have been carved by a woman. Unearthed in Norway, the nearly 2,000-year-old stone features intricate carvings that predate previous findings by several centuries. This remarkable artifact not only pushes back the timeline of runic writing but also raises fascinating questions about gender roles in early Scandinavian societies.

## Challenging Traditional Assumptions

Traditionally, runestones have been attributed to male carvers, warriors, or tribal leaders. However, researchers analyzing the inscriptions suggest that the delicate and precise nature of the carvings could indicate a female hand. If confirmed, this discovery challenges long-standing assumptions about literacy and artistic expression in the ancient Norse world. The possibility that women played a more active role in early written communication could redefine historical narratives about gender dynamics in ancient societies.

## The Svingerud Runestone: A Closer Look

The stone, named the Svingerud Runestone, contains a series of inscriptions that include what appears to be a signature or personal mark. Linguists and historians are still working to decipher the full meaning of the text, but early interpretations suggest that it may have been a dedication or memorial. The inscriptions offer insight into how early Scandinavian communities may have recorded important events or honoured their loved ones.

## Women and Early Literacy

If a woman indeed inscribed this runestone, it would add a new layer of complexity to our understanding of ancient Norse culture, literacy, and social dynamics. Historically, literacy in early Scandinavian societies was believed to be restricted to a select few, mainly men of high social standing. However, this discovery suggests that women may have also had access to and proficiency in writing systems, highlighting their potential role in the creation and preservation of history.

## What's Next for Research?

Further studies and technological analyses will be required to confirm the carver's identity, but for now, this runestone stands as a testament to the possibility that women played a more significant role in early written communication than previously believed. Experts will continue using advanced imaging techniques and linguistic analysis to uncover more details about the text and its origins. As researchers continue to decode its secrets, the Svingerud Runestone may redefine history in more ways than one, shedding light on the literacy, artistry, and societal contributions of women in ancient Scandinavia.



# The Evolution of Stardom







"As stardom evolves, so does the way fans connect with their idols. From handwritten letters and secret fan clubs to social media interactions and live spectacles like IIFA, the relationship between stars and their admirers has transformed, but does greater access mean deeper connection, or has the magic of stardom faded in the digital age?"




Shailaza Singh
*Published Author, Poet and a YouTuber*


In the golden age of cinema, the concept of a 'fan' was quiet yet powerful. In India, the early days of Bollywood saw a unique reverence for stars, where actors like Raj Kapoor and Madhubala were considered larger-than-life figures, often worshipped like deities. Fan clubs were formed in secrecy, love letters were written in blood, and fans waited outside film studios for a mere glimpse of their idols. Across the globe, Hollywood's silent-era stars like Charlie Chaplin and Mary Pickford saw similar levels of devotion, with fans lining up for hours just to watch their films on the big screen. The mystique was real, stars were distant, untouchable, and their aura was built by studios that controlled their image carefully.

## When Did the Word 'Fan' First Appear ?


The word 'fan' is derived from 'fanatic,' which originally had religious connotations, referring to someone with intense, almost obsessive devotion. It was first applied to sports enthusiasts in the late 19th century, and soon found its way into the entertainment industry, where moviegoers, captivated by silent film stars, were labelled 'fans.' One of the earliest recorded uses of 'fan' in a cinematic context was in the 1920s, when Charlie Chaplin and Douglas Fairbanks had massive followings. In India, the first Bollywood 'fans' emerged around the 1930s and 1940s, as the film industry grew, and actors like K.L. Saigal and Devika Rani began gathering loyal admirers.

## What is a Fan? What Do They Do, and Why?


A fan is someone who emotionally invests in a public figure or an art form, deriving joy, inspiration, and identity from it. But what do fans actually do? The answer varies. Some collect memorabilia, write letters, run fan pages, attend live events, create art, and defend their idols fiercely on social media. Others simply admire from afar, holding onto the emotional connection that a film, a performance, or a personality brings into their lives. The reason fans exist is rooted in human nature, the desire to belong, to connect, and to dream. A star represents something larger than life, an aspiration, a guiding light, or simply a presence that brings joy in difficult times. Historically, fans have played a significant role in an artist's career, dictating their success and longevity.

## From Letters to the Digital Age: How Fan Culture Evolved

As media evolved, so did fandom. The advent of radio and magazines brought Bollywood stars closer to their audiences. Handwritten letters turned into fan clubs, radio shows began airing star interviews, and movie magazines like Stardust and Filmfare turned actors into household names. Fans began collecting posters, keeping track of gossip columns, and even making annual visits to Mumbai in the hope of meeting their favourite stars. The 1990s brought a shift, television interviews, Bollywood award shows, and eventually, the rise of the International Indian Film Academy Awards (IIFA) changed the game. IIFA, with its grand international stage, gave fans a new way to see their stars up close. No longer just distant figures on a screen, celebrities now performed in front of thousands, waved to screaming fans at the green carpet, and participated in meet-and-greets that made the dream of proximity real.



## #IIFA



## IIFA and the Era of Global Stardom

The first IIFA in 2000, held in London, was a landmark event in the evolution of Bollywood fandom. For the first time, Indian cinema was celebrated on an international platform, and the event brought Bollywood's biggest names closer to their global audience. From Amitabh Bachchan walking through a sea of fans in London to Shah Rukh Khan being mobbed in Dubai, IIFA became a bridge between Bollywood and its international fanbase. But while IIFA kept the glamour alive, something was shifting, the internet was changing how fans interacted with their idols.

### Social Media and the Death of Mystique

With the rise of Facebook, Twitter, and Instagram, the fan-star relationship transformed entirely. No longer waiting months for a Filmfare interview or a television appearance, fans now had direct access to their favourite celebrities' lives. A simple tweet could be liked by a superstar, an Instagram story could show an actor's behind-the-scenes life, and YouTube vlogs brought the audience into their personal spaces.

### But did this accessibility make stars less magical?

Some argue, yes. Earlier, celebrities were larger-than-life figures, known for their craft rather than their daily routines. Today, fans know what their favourite stars eat for breakfast, where they vacation, and who they date, all through social media. While this has created a deeper connection, it has also removed some of the mystery that made stardom feel unattainable.

## Memorable Fan Moments Over the Years

Some of the most iconic interactions between stars and fans have happened at IIFA over the years.

**Shah Rukh Khan in Toronto (2011):** When SRK took the mic and spoke directly to his fans outside the stadium, saying, "You made me who I am," the crowd erupted. Fans had travelled across the globe to see him, proving that even in a digital world, real-life devotion still exists.

**Amitabh Bachchan's Bangkok Surprise (2008):** Big B, known for valuing his fans, broke protocol to meet a young paraplegic fan, who had travelled miles just to see him. The moment became a testament to the emotional bond between celebrities and their admirers.

**Ranveer Singh's Dance with a Street Performer (2017):** In New York, Ranveer Singh spotted a street performer, dancing to a Bollywood song, outside the IIFA venue. Instead of just waving, he jumped in, danced with the fan, and made it an unforgettable moment.



**The Dark Side of Fandom:** When Devotion Becomes Obsession While fandom is often associated with admiration and celebration, it also has a darker side. When admiration turns into obsession, the consequences can be unsettling, even dangerous. Some fans overstep boundaries, refusing to see their idols as individuals with private lives.

## Does IIFA Still Hold the Same Magic?

In an era where every fan can directly interact with their favourite stars online, does an event like IIFA still hold relevance? The answer is yes, but in a different way.

**A Live Experience Like No Other:** Despite the digital age, nothing beats the excitement of seeing a star live, performing on stage, or winning an award in person. The energy, the grandeur, and the shared excitement of thousands of fans still make IIFA a spectacle to witness.



**The Green Carpet Phenomenon:** Unlike virtual interactions, where responses can be controlled, IIFA's green carpet moments are raw, real, and unpredictable. Fans still travel across cities and countries to get a glimpse of their favourites.

**The Old vs. The New Fans:** For older generations, IIFA is a continuation of tradition, a place where cinema is celebrated as an event. For younger fans, it's a chance to bridge the digital with the real, to turn likes and retweets into real-life experiences.

## Stalker Incidents and Extreme Fan Behaviour

**Shah Rukh Khan's Overzealous Admirers:** SRK has had numerous encounters with obsessive fans, from people camping outside Mannat (his residence) for weeks to a fan sneaking into his house pretending to be a staff member.

**Jodie Foster and the John Hinckley Jr. Case:** The Hollywood actress was unknowingly the subject of a stalker's obsession, leading to an assassination attempt on U.S. President, Ronald Reagan in 1981, just to impress her.

**Salman Khan's Death Threats:** Over the years, the Bollywood superstar has received several threats from self-proclaimed 'die-hard fans,' who either wished to protect or challenge him.

## The Pressure of Fan Expectations

Fandom often places immense pressure on celebrities to maintain an unrealistic image. Many actors have spoken about the stress of constantly living up to expectations.

**Deepika Padukone on Mental Health:** The actress opened up about depression, revealing how the burden of public adoration and expectations made her struggle internally while having to maintain a perfect image.

**Justin Bieber's Public Breakdown:** The pop star has admitted that intense fan scrutiny, social media pressure, and constant paparazzi intrusion contributed to his mental health struggles.

## What Does It Mean to Be a Fan Today?

Today, fandom is both intimate and overwhelming. While social media brings stars closer, it also makes them more vulnerable. The rise of trolling, cancel culture, and over-expectation from fans has put immense pressure on celebrities. The love is stronger than ever, but so is the scrutiny. At its core, being a fan is still about connection, admiration, and inspiration. Fans make stars who they are, and in return, stars give them dreams, joy, and a shared sense of belonging.

**When Stars Ignore or Disrespect Their Fans: A Career Downfall** | While fans elevate a star's success, history has shown that ignoring or disrespecting fans can sometimes lead to a career downfall.

## Hollywood Examples

**Katherine Heigl's Public Fallout:** Once a rising star, Heigl's negative comments about the projects she worked on, and an alleged dismissive attitude towards fans, led to her career decline. Many fans felt alienated, and industry insiders noted how her reputation impacted her opportunities.

**Sean Young's Infamous Moments:** The actress had a promising start in Hollywood but was often criticized for her erratic behaviour, which included negative interactions with fans and industry members, ultimately affecting her career trajectory.

## Bollywood Examples

**Vivek Oberoi vs. Salman Khan Controversy:** After his public spat with Salman Khan, Vivek Oberoi found himself alienated by sections of the Bollywood industry and a significant portion of Salman's fanbase, which impacted his career.

**Govinda's Disappearing Act:** Once a Bollywood megastar, Govinda's inconsistency in attending fan events and his refusal to adapt to changing industry norms caused his career to fade.

**Kangana Ranaut's Fan Disconnect:** While undeniably talented, Kangana Ranaut's frequent controversial statements and criticism of Bollywood have created polarizing opinions among fans, leading to mixed reactions at the box office.

## The Future of Fandom and IIFA

While stardom has changed in the digital age, IIFA remains a powerful bridge between celebrities and their fans. It is more than just an awards show, it is a spectacle where fans and stars meet in a shared space of admiration and excitement. It is a celebration of cinema, but more importantly, a celebration of the emotions that films evoke in audiences worldwide.

Through grand performances, heartfelt speeches, and candid moments, IIFA keeps the magic of fandom alive. It is here that fans still wait for hours, still cheer at every glimpse of their idols, and still experience the thrill of seeing their favourite stars in real life. Even in a world where social media has made celebrities more accessible, the power of a live moment, an eye contact, a genuine connection at IIFA remains unparalleled.

In the end, fandom is not just about watching from afar, it's about feeling a part of something bigger. Whether through a screen or in a stadium, the love for cinema and its stars remains unchanged. And as long as there are stories to tell, IIFA will continue to be the stage where dreams and reality collide.


*rajeshsharma1049@gmail.com*




#AROUND-D-WORLD

# World's Best Hiking Trails



Some of the most beautiful scenery in the world can only be reached by foot.

For some nature lovers, the simplicity of lacing up a pair of hiking boots and heading off into remote country holds a strong appeal. The crisp fresh air, the solitude, and the stillness of the landscape are some of the things that motivate hikers to tackle treks and hiking trails around the globe. Some of the most beautiful scenery in the world can only be reached by foot. And while many of the best treks in the world are multi-day journeys, some are day hikes, that can be tackled by anyone in decent physical condition. For inspiration to help plan your next epic adventure, see our list of the best hikes in the world.



### Inca Trail, Peru

Descending from the Inca Trail into Machu Picchu at sunrise is one of life's great experiences. Not for the faint of heart, the Inca Trail is a 42-kilometer (26-mile) trek that takes you up over two 13,000-feet passes. The trail follows the route that the ancient Incas took over 650 years ago, and much of the original stonework is still in place. Along the way, you'll pass through two tunnels created by the Incas, the ancient ruin of Winay Wayna, and many waterfalls.

### Annapurna Circuit, Nepal

The Annapurna Circuit trail is a 17-day, 205-kilometer, (108-mile) journey through some of the tallest peaks on the planet. The trail starts down in a steamy jungle and ascends well above the tree line. You'll top out at 5,394 meters (17,770 feet) on the Thorong Pass, where the trail is surrounded by a dazzling panorama of mountains, all over 6,096 meters (20,000 feet).

### Milford Track, New Zealand

The Milford Track is a 53-kilometer (33-mile) epic trek on New Zealand's South Island, that takes in some of the finest scenery that the country has to offer. Over five days, you'll pass by innumerable waterfalls, including Sutherland Falls, New Zealand's highest. Cold, clear alpine lakes, beautiful meadows, glaciers, and towering mountain peaks take their turn, amazing you, as you stroll along each day.



### W Circuit, Chile

Located down at the southernmost region of Chile, the W Circuit in Torres Del Paine National Park, is one of the world's most famous hikes. Easily identifiable by the jagged towers of rock and glacial lakes, this rugged and remote region draws hikers from around the world. Improvements in the trail and services over the past few years have made the trail more accessible, you no longer need to carry your own gear. The hike generally takes between four and six days, and the main season is December to February.




### Everest Base Camp, Nepal

Up and down are probably the two best words to describe the Everest Base Camp hike (EBC). This 65-kilometer, one-way trail literally climbs a mountain ridge, then drops down to a river, then climbs another mountain ridge as it makes its way to base camp.

### Samaria Gorge, Greece

The Samaria Gorge hike is the best hike on the island of Crete and one of Crete's top attractions. Starting in pine forests, this one-way hike descends through a narrow valley, eventually ending at the Libyan Sea. The hike is just over 16 kilometres in length, and you'll drop over 1,500 meters.

### Cinque Terre Hike, Italy

Long regarded as one of the most beautiful hikes in Italy, the Cinque Terre hike is an easy day hike between villages perched on the rugged seashore mountains. Strolling along this ancient route with the sparkling blue waters of the Mediterranean Sea below will make you forget about the effort expended.


The best way to walk the Cinque Terre hike is to start at Monterosso and end at Riomaggiore. Take your time and stop for a mid-morning cappuccino and biscotti, follow it up with a bit more walking before you stop for a delightful lunch.

### Kilimanjaro, Tanzania

Kilimanjaro is one of the most iconic sites in all of Africa, and the hike to the top is on many people's bucket list. In fact, around 30,000 people attempt this hike each year. Depending on the route, your chances of completing the trek are pretty good.


The view from the top across the surrounding landscape is spectacular, especially at sunrise when most hikers try to summit. The hike up to the top and back down generally takes about five or six days, depending on your level of fitness and acclimatization rate.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# किशनगढ़ एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिये उड़ान सेवा शुरू

## मंत्री भागीरथ चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर विमान को रवाना किया

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। किशनगढ़ एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिये इंडिगो की नई उड़ान सेवा का विधिवत शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर विमान को रवाना किया। पहले दिन

अहमदाबाद से 54 यात्रियों को लेकर एयरपोर्ट पर पंहुचने पर वाटर कैनन सैल्यूट से स्वागत किया। यहां से

■ **अहमदाबाद से 54 यात्री आने पर वाटर कैनन सैल्यूट से स्वागत किया**

विमान में 41 यात्रियों ने उड़ान भरी। एयरपोर्ट इंचार्ज बी.एल मीणा ने इंडिगो एयरलाइन के कार्यालय का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि यह सेवा न केवल किशनगढ़ के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी बल्कि इसे राष्ट्रीय हवाई यातायात नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएगी। उन्होंने कहा अहमदाबाद के लिये शुरू उड़ान सेवा राज्य की आर्थिक प्रगति और पर्यटन उद्योगों के लिए उत्तम लाभकारी सिद्ध होगी। किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन ने कहा केंद्रीय राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी सहित मार्बल एसोसिएशन काफी समय से अहमदाबाद के लिये फ्लाइट शुरू कराने के लिये निरंतर प्रयासरत रही। अध्यक्ष जैन ने कहा की इस उड़ान सेवा से मार्बल और पावरलूम उद्योग से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सैकड़ो व्यापारियों के अलावा आमजन को बड़ी राहत मिल सकेगी। एसोसिएशन यात्रियों को प्रोत्साहित करने के लिये प्रति यात्री एक हजार रूपये देगी।



**किशनगढ़ एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिये इंडिगो की नई उड़ान सेवा का विधिवत शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने किया।**

## नौ परीक्षार्थी एक साल के लिए डीबार

**झुंझुनूं,** (निसं)। हाल ही में संपन्न हुई आरएएस-2024 प्रारंभिक की परीक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई है। बलवंतपुरा स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर सीनियर सैकंडरी स्कूल में एक परीक्षा कक्ष में नौ परीक्षार्थियों द्वारा पेपर के बहिष्कार के मामले में आरपीएससी ने नौ परीक्षार्थियों को एक साल के लिए आरपीएससी की परीक्षा के लिए डिबार किया है। वहीं प्रक्रियात्मक चूक के लिए स्कूल को आगामी समस्त परीक्षाओं के लिए ब्लेक लिस्ट कर दिया गया है। इसके अलावा परीक्षा के लिए लगाए गए दो पर्यवेक्षकों के खिलाफ 17 सीसीए के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। एडीएम व परीक्षा समन्वयक डॉ. अजय आर्य ने बताया कि पिछले महीने हुई आरएएस-2024 प्रारंभिक परीक्षा को लेकर बलवंतपुरा स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर सीनियर सैकंडरी स्कूल के सेंटर पर नौ परीक्षार्थियों ने यह बोलते हुए परीक्षा का बहिष्कार कर दिया था कि उनके कक्ष में आया 24 पेपरों का पॉली पैकेट खुला हुआ था। जबकि नियमों के अनुसार यह पॉली पैकेट कक्ष में परीक्षार्थियों के सामने ही खोला जाना था। जो कि प्रक्रियात्मक चूक के तहत केंद्राधीक्षक के कक्ष में खुल गया था। आरपीएससी ने जांच की तो सामने आया कि पॉली पैक खुलना एक प्रक्रियात्मक चूक थी। इस पॉली पैक में 24 के 24 पेपर शील्ड थे। इस मामले में सभी परीक्षार्थियों से व्यक्तिगत सुनवाई गई।

# डूंगरपुर के आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय में नेत्र चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**डूंगरपुर।** प्रसिद्ध कथावाचक सामाजिक चिंतक आचार्य कमलेश भाई शास्त्री ने नर सेवा को नारायण सेवा निरूपित करते हुए कहा है कि हम सनातनी प्रत्येक नर में नारायण का रूप देखते हैं। उसी देवत्व स्वरूप का भाव मन में रख कर पीड़ित मानवता की सेवा करते है। यही कारण है कि हमारे लिए सेवा हमारा कर्म ही नहीं बल्कि सबसे बड़ा धर्म भी है।

कमलेश भाई शास्त्री ने यह विचार रविवार को जिले के वागदरी गांव में जागरण जनसेवा मण्डल द्वारा संचालित आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन अवसर पर उपस्थित लाभार्थियों व बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। समाजसेवी संजय लोढ़ा मुंबई ने की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ श्याम अग्रवाल मुंबई थे जबकि समाजसेवी छोटूलाल बाफना अहमदाबाद, विजय रामपाल मुंबई, रमेश रामपाल दिल्ली, डॉ अनिल बनवीर डूंगरपुर, डॉ जुगल शाह मुंबई, डॉ आनंद जयपुरिया मुंबई, डॉ राहुल जैन मुंबई, डॉ निशा बनवीर डूंगरपुर, डॉ दर्शना मुंबई, डॉ रीना एवं माधव अग्रवाल विशिष्ट अतिथि थे।

स्व सुनीता विजय रामपाल मुंबई की पुण्य स्मृति में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 48 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया था। शनिवार को मुंबई के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ श्याम अग्रवाल के नेतृत्व में डॉ जुगल शाह, डॉ आनंद जयपुरिया, डॉ राहुल जैन एवं उनकी टीम ने इन सभी के निःशुल्क ऑपरेशन किए। इनमें से 35 ऑपरेशन फेको पद्धित से तथा 13 ऑपरेशन एसआईसीएस पद्धित से किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुंबई के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ एवं विहिप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ श्याम अग्रवाल ने कहा कि जागरण जनसेवा मण्डल की स्थापना कर पद्मश्री मूलचंद लोढ़ा इस वनवासी अंचल में सबकी सेवा करना और किसी से कुछ ना चाहना के मूलमंत्र के साथ सेवा में जुटे हुए है। जिससे वागदरी गांव सेवा का पुण्य धाम बन गया है, जो शिक्षा, चिकित्सा एवं संस्कार रूपी सेवा का पवित्र त्रिवेणी संगम स्थल है। डॉ अनिल बनवीर ने कहा कि निष्काम भाव से की गई सेवा अवश्य सफल होती है। इसे सेवा मनीषी पद्मश्री मूलचंद लोढ़ा ने अपने सेवा कार्यों से सिद्ध कर दिया है।

आरंभ में जागरण जनसेवा मण्डल के संस्थापक पद्मश्री मूलचंद लोढ़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अतिथि परिचय दिया। आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय के डॉ विपिन डामोर, हितेश मीना, पायल कलासुआ, रेखा परमार, पुष्पा डामोर, विपिन परमार ने अतिथियों का उपरणा, शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर बहुमान किया। जागरण जनसेवा मण्डल के अध्यक्ष डॉ दलजीत यादव ने जागरण जनसेवा मंडल द्वारा संचालित किया जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि संस्था द्वारा संकल्पबद्ध होकर इस वनवासी अंचल में पीड़ित मानवता की सेवा हेतु विभिन्न सेवा प्रकल्पों का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार कसारा ने किया जबकि जागरण जनसेवा मण्डल के कोषाध्यक्ष किरीट पंड्या ने आभार व्यक्त किया।

**डॉ. श्याम अग्रवाल वर्ष में दो बार देंगे निःशुल्क सेवाएं :** वनवासी अंचल में अब तक हजारों लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान करने वाले आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय की सेवा पुस्तिका में आज एक नया अध्याय जुड़ गया। मुंबई के ख्यातनाम नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ श्याम अग्रवाल अपनी पूरी टीम के साथ अब वर्ष में दो बार यहां अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। डॉ श्याम अग्रवाल ने आज वागदरी में हुए नेत्र शिविर में इस आशय की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि जागरण जनसेवा मण्डल द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों से प्रभावित हो कर डॉ श्याम अग्रवाल विगत कई वर्षों से नियमित रूप से प्रति वर्ष अपनी पूरी टीम के साथ स्वयं के खर्चे से वागदरी स्थित आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय आते है और नेत्र रोगियों के निःशुल्क ऑपरेशन करते है।

**भारत की बेटी ने कनाडा से दी सेवा यज्ञ में आहुतिः** भारतीय संस्कृति में पीड़ित मानवता की सेवा को बहुत महत्वपूर्ण कर्म माना गया है। यही कारण है कि सात समंदर पार जाने के बाद भी जो अपनी संस्कृति से जुडे हुए है, वे अपने संस्कार नहीं भूलते।

## मुख्यमंत्री ने उद्यान का भ्रमण किया

**भरतपुर** (निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार को सुबह केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में भ्रमण किया। उन्होंने उद्यान में पक्षी व्यू प्वाइंट तक जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के साथ पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उद्यान में भ्रमण कर रहे देशी-विदेशी पर्यटकों ने मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री शर्मा ने भी पर्यटकों से आत्मीयता से बातचीत कर केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के संबंध में उनके अनुभव जाने। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राष्ट्रीय उद्यान पक्षियों की प्रजाति की विविधता के लिए देश और विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है, इसलिए जिला प्रशासन यहां आने वाले पर्यटकों के लिए संचालित सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री शर्मा ने राष्ट्रीय उद्यान में पक्षी व्यू प्वाइंट पर केवलादेव शिव मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

# खाटूश्यामजी मेले में 30 किलो देशी घी किया सीज

**सीकर,** 2 मार्च। बाबा श्याम के मेले में खाटूश्यामजी आने वाले श्रद्धालुओं को ताजी व शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है।

शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अभियान के तहत जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में रविवार की एफएसओ की दो टीमो ने खाद्य पदार्थों के प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया।

इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह, गोवर्धन ख्यालिया, वीरेंद्र चौधरी, सुरेश शर्मा एवं दूसरे दल के एफएसओ नंदराम मीणा, महमूद अली, रमेश यादव की टीम अलग अलग

■ **बाबा श्याम के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को ताजी सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए चिकित्सा विभाग सक्रिय है**

दुकानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की। टीमों ने खाटूश्यामजी के निधि मिष्ठान भंडार, लक्ष्मीनाथ स्वीट्स, कविता मिष्ठान भंडार, नंद भोजनालय, एमबी 56 भोग, बृजवासी मिष्ठान भंडार, श्रीजी चिड़ावा मिष्ठान भंडार आदि से मावा पेड़ा, केसर पेड़ा, गोंद के लड्डू, बेसन के लड्डू, गेहूं का आटा, रिफाइंड सोयाबीन तेल, बेसन, छेना टोस्ट, बेसन चक्की, चॉकलेट, चेरी रोल, पनीर, डेयरी भोग देशी घी, मधु प्लस देसी घी, किशमिश, चूरमा सादा, पंचमेवा प्रसाद, गुलाब चूरमा एवं बूंदी के लड्डू सहित कुल 26 सैम्पल लिए। साथ ही बृजवासी मिष्ठान भंडार पर मिलावट की आशंका पर 30 लीटर देसी घी सीज किया। वही गुलाब चूरमा, काजू स्ट्रॉबेरी की मिग्रई खाने योग्य नहीं पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट करवाई गई। एमबी 56 भोग की निर्माण इकाई में गंदगी पाए जाने, अनहाइजीनिक कंडीशन में मिग्रई का निर्माण किया जाने पर एफएसएसएआई एक्ट की धारा 32 के तहत सुधार करने का नोटिस दिया गया।

## अवैध खैर की लकड़ी बरामद

**उदयपुर** । राज्य में प्रतिबंधित खेर की लकडी काट चोर करने के मामले में पांच आरोपियों को कलयाणपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, टीडी थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से टीडी खारा फला में एक मगरी के बीच में जंगल से खेर की लडकी काटकर भण्डारण करने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर 12160 किलोग्राम खेर की लकडी जब्त कर वहां मौजूद आरोपी कालु खान, शौकत खान शराफत खान, शाहिद खान , सलामत खान पुत्र हनीफ खान निवासी शाहदल खेड़ा निकुम्भ चित्तौड़गढ को गिरफ्तार किया।

# सुपर थर्मल प्लांट में हुआ हादसा ठेका श्रमिक की हुई दर्दनाक मौत

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाड़ी इलाके के सुपर थर्मल पॉवर प्लांट में उस समय बड़ा हादसा हो गया जब एक ठेका श्रमिक कॉल हैडलिंग प्लांट क्षेत्र मे कन्वेयर बेल्ट में फंस गया और बंकर में गिर गया। जिससे श्रमिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना पाकर कुन्हाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक श्रमिक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम मे रखवाया। वही हादसे के बाद मजदूर यूनियन के पदाधिकारी व श्रमिक थर्मल गेट के बाहर एकत्र हो गये और मृतक श्रमिक के परिवारजनों को उचित मुआवजा देने व परिवार में से एक जने को संविदा पर नौकरी देने की

■ **मुआवजे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन**

मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगें। बाद में थर्मल प्रशासन व ठेकेदार द्वारा उचित मुआवजा व एक जने को संविदा पर नौकरी देने पर बनी सहमति के बाद श्रमिकों ने प्रदर्शन समाप्त किया। राजस्थान विद्युत उत्पादन संघ कोटा थर्मल मजूदर संघ के अध्यक्ष सचिन ने बताया कि ठेका श्रमिक हेमराज की कन्वेयर बेल्ट में फंसने से बंकर मे गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ठेकेदार व थर्मल प्रशासन द्वारा मृतक श्रमिक के परिजनों को उचित मुआवजा देने व मृतक की पत्नी को संविदा पर नौकरी पर रखने की सहमति के बाद प्रदर्शन को समाप्त किया गया। कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज ने बताया कि मृतक अरनिया निवासी हेमराज गोस्वामी है जो कोटा मे सकतपुरा में रहकर ठेकेदार के पास प्लांट में काम करता था। थानाधिकारी ने बताया कि ठेका श्रमिक हेमराज गोस्वामी कन्वेयर बेल्ट की चपेट मे आने से कोयले पीसने वाली मशीन मे गिर गया। जिससे श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## जल संरक्षण की योजना विफल

**डूंगरपुर** । आसपुर पंचायत समिति के पारडाथूर में जल संरक्षण का एक बड़ा मामला सामने आया है। जलठाहण विभाग द्वारा करीब दो साल पहले 15 लाख रुपए की लागत से बनवाया गया एनीकट आज पूरी तरह से बेकार पड़ा है। हनुमान मंदिर के नीचे खेतों में बने इस एनीकट को एक खेत के काश्तकार ने तोड़ दिया। काश्तकार ने एक तरफ का पक्का निर्माण तोडक़र पानी निकाल दिया। लेकिन विभाग ने न तो दोषी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई और न ही एनीकट की मरम्मत करवाई।

निर्माण में भी कई खामियां सामने आई हैं। सरकारी नियमों के अनुसार निर्माण कार्य से जुड़ी जानकारी जैसे कार्य स्वीकृति, लागत, एजेंसी का नाम आदि का बोर्ड लगाना जरूरी है। लेकिन यहां कोई बोर्ड नहीं लगाया गया। इससे ठाामीणों को परियोजना की जानकारी नहीं मिल पाती। वर्तमान में एनीकट में एक बूंद पानी भी नहीं है।

# बीटेक स्टूडेंट की पिछोला झील में डूबने से मौत

**उदयपुर,** (का.स.) । शहर की पिछोला झील में रविवार को एक बीटेक स्टूडेंट की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक संडे को छुट्टी के दिन आउट पास लेकर दो दोस्तों के साथ पिछोला झील घूमने आया था।

घंटाघर थाने के एएसआई भगवान लाल ने बताया कि मृतक की पहचान जी. सत्यनारायण निवासी काकलकेडा आन्ध्र प्रदेश के रूप में हुई है। मृतक उदयपुर की सिंघानिया यूनिवर्सिटी में बीटेक फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक संडे को छुट्टी के दिन आउट पास लेकर दो दोस्तों के साथ पिछोला झील घूमने आया था। झील में पहले से कुछ लोग रोज की तरह यहां नहा रहे थे। मृतक युवक ने भी नहाने के लिए अपने दोस्तों को बोला। बाकी दो दोस्त नहीं गए। वे झील किनारे बैठ गए और सत्यनारायण झील में नहाने गया। पहली बार वह झील में कूदा और तैरकर वापस आ गया।फिर दूसरी बार कूदा,जिसके बाद वह वापस नहीं आ सका। कुछ देर तक वापस नहीं आया तो दोस्तों को चिंता होने लगी। वे चिल्ला लेकिन तब तक सत्यनारायण डूब चुका था। बाद में उसके शव को तलाशने के लिए सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया गया।शव निकालने गई सिविल डिफेंस की टीम का कहना था कि मृतक स्टूडेंट तैरना जानता था लेकिन उसने जो लोअर पहना हुआ था। वह काफी मोटे कपडे का था। भीगने के बाद कपडे का वजन और बढ गया। ऐसे में वह पानी में दोनों पैरों से ठीक से मूवमेंट नहीं कर सका और डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है जिसमें डूबने के कारणों की स्पष्ट रूप से पुष्टि हो पाएगी। सिविल डिफेंस ने शव निकालकर एमबी हॉस्पिटल मोर्चरी में शिफ्ट कराया।

## कुमार विश्वास की बेटी का लेकसिटी में विवाह

**उदयपुर,** । कवि कुमार विश्वास की बडी बेटी अग्रता शर्मा ने रविवार को मंगेतर बिजनेसमैन पवित्र खंडेलवाल के साथ परिणय सूत्र में बंधी । उदयपुर में पिछोला झील किनारे फाइव स्टार होटल लीला पैलेस में शादी की रस्में सम्पन्न हुई। इस विवाह को ले कर होटल लीला पैलेस में तीन दिनों से हल्दी-मेहंदी सहित शादी के कई फंक्शंस चल रहे हैं।

शनिवार रात ग्रैंड डिनर पार्टी में बॉलीवुड सिंगर सोनू निगम ने परफॉर्मेंस दी। उनके गानों पर कुमार विश्वास, अग्रता और पवित्र सहित परिजन जमकर नाचे। कुमार विश्वास ने पत्नी मंजू शर्मा के साथ भी डांस किया।शादी समारोह के लिए पूरा होटल बुक है। शादी में करीब 200 मेहमानों को इन्वाइट किया गया है। इनमें कई नामी हस्तियां भी शामिल हैं।कुमार विश्वास की बेटी अग्रता ने ब्रिटेन के बिजनेस स्कूल से मैनेजमेंट में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की है ।

# चिकित्सा सेवा है, व्यवसाय नहीं : राज्यपाल कटारिया

उदयपुर, 2 मार्च। आचार्य विष्णु ने कहा था कि लक्ष्य बडा हो, उसके लिए मेहनत भी बडी हो, हृदय मृदु हो और वाणी में माधुर्य हो। इसी बात को दोहराते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने का कि संघ समाज को संस्कारित करने, उसे दिशा देने और श्रेष्ठता की ओर अग्रसर करने के लिए सतत प्रयासरत है। संघ की विचारधारा और राष्ट्र के प्रति इसकी प्रतिबद्धता आने वाले वर्षों में और भी अधिक प्रभावी होगी, जिससे संपूर्ण समाज सशक्त और संगठित बन सकेगा।

वे रविवार को यहां आरएनटी मेडिकल कॉलेज के गट्टानी हॉल में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) के 44वें राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने संघ की 1925 से शुरू हुई यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि डॉक्टर हेडगेवार जी द्वारा राष्टीयस्वयंसेवक संघ की स्थापना एक विचारधारा को लेकर की गई, जिसमें यह भाव निहित था'।

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि औरों के लिए जीना ही वास्तव में जीना है। यही भाव एनएमओ के कार्यकर्ताओं ने चरितार्थ करने का प्रयास किया है। चिकित्सा सेवा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि एक महान कर्म है। भगवान के बाद यदि किसी को सबसे अधिक सम्मान प्राप्त होता है, तो वह ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों को मिलता है। उन्होंने कहा कि जब राष्टीय स्वयंसेवक संघ के अंतर्गत एनएमओ का कार्य प्रारंभ हुआ, तब समाज में सेवा कार्यों की दिशा में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। वनवासी कल्याण आश्रम के सहयोग से, एनएमओ ने आदिवासी और सुदूर क्षेत्रों में सेवा के कार्य प्रारंभ किए। दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बीमारी से बचाने के लिए पहले से ही प्रयास करना एक सार्थक पहल है। उदयपुर मेडिकल कॉलेज संपूर्ण देश के मेडिकल कॉलेजों के लिए एक प्रेरणा का स्वरूप है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को केवल पैसों की दृष्टि से नहीं, बल्कि मानवीय सेवा की भावना से उपचार करना चाहिए। चिकित्सा एक सेवा का माध्यम है और इसे उसी उद्देश्य से अपनाना चाहिए। वे स्वयं एनएमओ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ एक सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं और आज भी उनके साथ एक कार्यकर्ता के रूप में उपस्थित हैं।

## आठ जुआरियों को किया गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। सांगोद पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये जुआरियों के पास से 20 हजार 700 रूपये बरामद किये गये। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि सांगोद थाने के उपनिरिक्षक थानाधिकारी लाखन सिंह ने मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि खैराई बीड जोलपा रोड़ पर कुछ जने ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे है।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अमृतखेड़ी निवसी तालिब मिर्जा (37), बपावरकलां निवासी नोसाद हुसैन (31), सुकेत निवासी सुरज कुमार (29), रावतभाटा निवासी समीर हुसैन (24) को गिरफ्तार कर आरोपियों के पास से जुआ रकम 10 हजार 500 रूपये जुआ रकम बरामद की।

## कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित


**उदयपुर** । जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के कार्यकर्ताओं का होली मिलन समारोह और पहला कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को रेती स्टैंड स्थित किसान भवन में आयोजित हुआ।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉक्टर विनोद पांडे ने कहा कि स्वार्थ रहित होकर समाजसेवा करना आज बहुत बडी चुनौती बन गया है और ऐसे में एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के कार्यकर्ता उदयपुर में समाजसेवा के उदाहरण बन गए हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान का मिशन लेकर चल रहे इस संगठन के संस्थापक आकाश बागडी की बेटी का पंद्रह दिन पूर्व ही निधन हुआ है इसके बावजूद वे और उनकी टीम अपने मिशन में वापस लग गए हैं।

प्रारंभ में संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने कहा कि संगठन का यह साल है और इस दौरान शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण व बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के विभिन्न कार्य हाथ में लेकर उन्हें पूरा किया है। संगठन की ओर से 17 मई को सर्वसमाज का पहला सामूहिक विवाह समारोह करवाया जा रहा है जो पूरी तरह निशुल्क होगा। इस विवाह समारोह में न दहेज लिया जाएगा और न ही दिया जाएगा।

# पहाड़िला में दूल्हे की ऊंटगाड़ियों से बारात निकली

**कोलसिया,** (निसं)। चिराना के निकटवर्ती ग्राम पंचायत पहाड़िला से टोडपुरा तक करीब 10 किलोमीटर तक ऊंट गाडियों से बारात पहुंचकर पुरानी परंपरा को जिंदा रखने की पहल की गई। पहाड़िला निवासी मांगूराम सैनी ने अपने पुत्र बाबूलाल सैनी की बारात खारिया की ढ ाणी पहाडिला से टीबड़ावाली ढ ाणी टोडपुरा तक ऊंट गाड़ियों से बारात निकालकर पुरानी परंपरा को जीवित रखने की कोशिश की। सरस्वती स्कूल के संचालक महावीर प्रसाद सैनी ने बताया कि मेरे छोटे भाई बाबूलाल की अनूग्री शादी देखने को मिली। ऊंटगाड़ियों से बारात निकालकर फिजूल खर्ची से बचने और पूर्वजों की परंपरा को जीवित रखने का संदेश दिया। करीब 10 किलोमीटर की दूरी ऊंट गाड़ियों से तय की गई। बारात में 21 ऊंटगाड़ियों की एक लंबी कतार देखने को मिली। सभी ऊंट गाड़ियों को फूलों और गुब्बारों से सुंदर तरीके से सजाया गया। बारात का जगह-जगह स्वागत किया गया और सराहना गीत गाए गए। बारात में परिवार सहित कई दोस्त शामिल हुए। दूल्हे के बड़े भाई राजेंद्रप्रसाद सैनी ने बताया कि ऊंट गाडी से बारात जाना पुरानी संस्कृति है जो कि पूर्वजों की ही देन है जिनको निभाते हुए ऊंट गाड़ियों से छोटे भाई की बारात निकली। दूल्हे के बडे भाई सुखदेव व हेमराज सैनी ने बताया कि ऊंट गाड़ियां को ढ ूंढ ने की जरूरत नहीं पड़ी। क्योंकि पहाडिला व आसपास की पंचायतो में अभी बहुत ऊंटगाड़ियां हैं। आज के आधुनिक युग में लोग हेलिकॉप्टर और मोटर गाडियों से बारात में जाते हैं। जिनको हटाकर हम ऊंट गाड़ियों से बारात में गए। देसी अंदाज में निकली बारात की हर जगह हो रही है सराहना।



**10 किलोमीटर तक ऊंट गाडियों से बारात निकाली गई।**

## नकदी व सिक्के चोरी

**उदयपुर** । कल्याणपुर कस्बे में स्थित दुकान का ताला तोड़ कर चोर नकदी व सिक्के चुरा ले गया। पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित जितेन्द्र कुमार जैन पुत्र टेंकचंद निवासी कल्याणपुर ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 28 फरवरी रात में अज्ञात चोर निचे स्थित दुकान व मकान का ताला तोड़ कर अंदर घुस कर अलमारी से12 हजार 200 रूपये तथा 10चांदी के सिक्के चुरा ले गया। दूसरे दिन निचे उतर कर देखा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

## पुष्कर तेली का सम्मान

**उदयपुर** । साहू समाज द्वारा रविवार को देहात भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली का सम्मान एवं अभिनन्दन किया । साहू समाज अध्यक्ष एडवोकेट कैलाश साहू ने बताया कि पंच महासभा के पदाधिकारियो द्वारा उप जिला प्रमुख एवं पूर्व प्रधान और अभी भाजपा देहात के नवनिर्वाचित हुए जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# फागोत्सव के साथ भागवत कथा की पूर्णाहुति

**डूंगरपुर।** नया महादेव मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम सातवे दिवस कथा वाचक श्री राधे दीदी द्वारा श्री कृष्ण सुदामा के चरित्र की भावपूर्ण अभिव्यक्ति करते हुए सच्ची मित्रता की व्याख्या की गई। मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, कैसे आऊं री कन्हाई बड़ी दूर नगरी जैसे भावुक भजनों पर श्रद्धालु आनद विभोर होकर नृत्य करते रहे। आत्मिक ने श्री कृष्ण और श्लोक श्रीमाली ने सुदामा का चरित्र निभाया। इसी मध्य श्री राम कथा वाचक वागड़ के श्री कमलेश जी शास्त्री जी भी पंडाल मे पधारे। जहां उनके द्वारा व्यास पीठ पर स्थापित श्रीमद भागवत जी और कथा वाचक श्री राधे दीदी का सम्मान करते हुए कृष्ण भजन प्रस्तुत किया। इसी कथा के क्रम में भगवान श्री कृष्ण के अन्य चरित्रों का वर्णन करते हुए अंत में भगवान श्री कृष्ण के स्वधाम गमन की कथा की गई। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र की विजय लक्ष्मी दीदी, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान से चिन्मया दीदी सहित अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद, दिल की आवाज मंच और चिकित्सा क्षेत्र के चिकित्सकों सहित अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा श्री राधे दीदी और व्यास पीठ का सम्मान किया गया। विजयलक्ष्मी दीदी और श्री चिन्मया दीदी द्वारा कथा के आयोजक श्री डा अदिति नीलेश जी गोठी और उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए नारी सशक्तिकरण , सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक स्वास्थ्य, समान दृष्टिकोण के विचार से आयोजित इस सुंदर कथा आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। कथा के अंत में आरती पूर्व उपस्थित सभी मातृ शक्ति द्वारा फूलो गुलाल और रंगों से फाग खेली गई। भगवान श्री कृष्ण और श्री राधा रानी जी के भाव से फागोत्सव मनाया गया। अंत में श्री राधे दीदी और आयोजक द्वारा कथा पूजा के आचार्य प्रणव पुरोहित, भरत जी सेवक, और समाज सेवी रमेश जी वरयानी का उपरन्ना पहनाकर सम्मानित किया गया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा को विराम दिया गया। इस अवसर पर सभी नियमित श्रद्धालुओं सहित मातृ शक्ति ठाुप से श्रीमती शारदा मालपानी, चंद्रिका पटेल, शीला श्रीमाल, प्रीति भट्ट आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### महिला सहित पांच वारन्टी गिरफ्तार

**टोंक।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिलेभर में चलाये जा रहे अभियानों के तहत वर्षो से फरार स्थाई वारन्टीयों की धरपकड में जुठे पुलिस अधिकारी व कर्मचारीयों ने मुखबिर खास की सूचनाओं व अनुसंधान के आधार पर एक महिला सहित 5 स्थाई वारन्टीयों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के मेहन्दवास थाना क्षैत्र में 12 वर्षो से आर्म्स एक्ट में फरार वारन्टी रामनिवास पुत्र सकराम मौग्या निवासी मोतीपुरा थाना डिग्गी व 3 वर्षो से फरार स्थाई वारन्टी महाीवर पु जगदीश मीणा निवासी बालापुरा थाना नगरफोर्ट को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार पीपलू थाना क्षैत्र से गत 12 वर्षो से पेशी से फरार चल रहे स्थाई वारन्टी मुकेश पुत्र सुखलाल बागरिया उम्र 37 व श्रीमति ममता पत्नी मुकेश बागरिया उम्र 30 साल निवासी लहन थाना मेहन्दवास को गिरफ्तार किया है। वही दूनी थाना क्षैत्र से फरार चल रहे स्थाई वारन्टी ओमप्रकाश सोयल पुत्र नौरतमल खटिक उम्र 45 निवासी राजमहल को गिरफ्तार किया गया। जिनके खिलाफ अनुसंधान जारी है।

### खाद्य सामग्री के वाहन रवाना

**निवाई।** श्रीश्याम सलोना परिवार निवाई व टोडारायसिंह के संयुक्त तत्वावधान में खाटू धाम में आयोजित फाल्गुन मेले में श्याम भक्तों के लिए नि:शुल्क भंडारे के लिए खाद्य सामग्री के वाहनों को विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भंडारा संयोजक चेतन पारीक ने बताया कि खाटूश्यामजी में फाल्गुन मेले में आने वाले लाखों श्यामभक्तों के लिए 6 मार्च से 11 मार्च तक चौबीसों घंटे नि:शुल्क भंडारा लगाया जाएगा। विधायक रामसहाय वर्मा व पालिकाध्यक्ष इसरानी ने बाबा श्याम की पूजा अर्चना कर खाद्य सामग्री से भरें ट्रक व मिनी ट्रक तथा श्याम निशान की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भंडारे में लोगों की दिन रात सेवा करने वाले सभी श्रद्धालुओं को माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। संयोजक चेतन पारीक ने बताया कि श्री श्याम सलोना परिवार मंडल के सदस्यों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नि:शुल्क भंडारे की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान सुप्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां भी दी जाएगी। भंडारे में हजारों श्रद्धालु खाटू श्याम बाबा का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर पार्षद नितिन छाबडा, सुरेश पराणा, आशीष खण्डेलवाल सियाराम शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### इच्छेश्वर कॉलोनी में की फायरिंग

**चाकसू।** चाकसू कस्बे के महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल टोंक रोड के सामने स्थित इच्छेश्वर कॉलोनी में आज सुबह अज्ञात लोगों द्वारा गगलोल से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है अचानक हुई घटना से कॉलोनी में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि आज सुबह 6:15 के करीब घर के अंदर अचानक धमाके की आवाज सुनी धमाके की आवाज सुनकर बाहर आकर देखा तो दो लोग भागते हुए नजर आए जिनके मुंह बंधे हुए थे जिनका कॉलोनी के लोगों द्वारा पीछा किया गया लेकिन वे हाथ नहीं लगे। इसके बाद वहां खड़े साधनों को संभाल गया तो वहां खड़ी स्विफ्ट गाड़ी के शीशे के दोनों और आर पार छेद हुआ दिखाई दिया इसके साथ ही लगवा दीवार पर भी हल्का निशान दिखाई दिया जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची सूचना पर थाना इंचार्ज मनोहर लाल जाप्ते के साथ मौके पर और जांच शुरू कर दी है। चाकसू थाना इंचार्ज मनोहर लाल ने बताया कि प्रथम दृष्टि मामला बंदूक से फायरिंग का नहीं लगता है क्योंकि वारदात स्थल से किसी प्रकार का बुलेट या इससे संबंधित सामग्री अभी तक नहीं मिली है संभावना है कि बदमाशों द्वारा गाड़ी पर चलते हुए गुलेल चला कर शिशा को तोड़ा गया है क्योंकि गुलेल भी शीशे पर लगाते समय गैस गन की तरफ का कार्य करती है जिससे धमाका हुआ गाड़ी मालिक का नाम जीतू शर्मा है मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ब्लैकमेल करने वाली महिला गिरफ्तार

**मालपुरा** (निस) टोडारायसिंह थाना पुलिस ने उच्चाधिकारियो के निर्देशो पर दुष्कर्म के केस मे फंसाने की धमकी देकर लोगो को ब्लेकमेल करने वाली टोडारायसिंह कस्बा निवासी आरोपी महिला शाहिना बानो पुत्री सोकत अली हम्माल उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 24 गुच्ची मोहल्ला टोडारायसिंह को गिरफ्तार किया।

# ‘रूद्ध गिदावडा में होंगे 40 बोरिंग, 21 गांवों को मिलेगा पानी’

**किशनगढ़ बास।** मेवात के रूद्ध गिदावडा में 78 करोड रुपए सरकार के पीएचडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने पीने के पानी की किल्लत को देखते हुए मंजूर किए हैं। वहां 40 बोरिंग होंगे जिनका पानी किशनगढ़ बास बंबोरा मौठूका देवता कांकरा जाटका नूरनगर रायपुर मेवान सहित 21 गावो मे आऐगा। मार्च तक टेंडर हो जाएंगे और मई जून तक पानी की समस्या का समाधान पूर्णता हो जाएगा। यह बात पूर्व विधायक रामहेत यादव ने रविवार को किशनगढ़ बास के गांव बंबोरा में बीएल किड्स स्कूल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में संबोधन के दौरान कहीं है।

- **बीएल किड्स स्कूल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



किशनगढ़ बास के बंबोरा में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्मानित करते पूर्व विधायक रामहेत यादव, जिला अध्यक्ष माहसिंह चौधरी सहित आदि मौजूद रहे।

उन्होंने कहा मैं जब विधायक था तो रईन में डैम बनाया था। डेम बनने से पहले गांव में पानी का वाटर लेवल 1000 से 1500 फीट नीचे था और आज वाटर लेवल 50-60 फिट पर ही आ गया है। ऐसा ही एक एनीकट बंबोरा गौशाला पहाडी के पास बने ऐसे मेरे प्रयास रहेंगे। जिससे गौशाला में रहने वाली गायों को पीने के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। उन्होंने कहा बंबोरा मंशा माता मंदिर तक सड़क मेरे कार्यकाल के दौरान बनी थी आज पूरी सड़क क्षितठास्त हो चुकी है डामरीकरण के लिए सरकार को प्रस्ताव भिजवाया है जल्द ही सड़क का काम होगा।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने पूर्व विधायक व राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामहेत यादव की प्रशंसा की और कहा कि इन्होंने अपने विधायक कार्यकाल में एनसीआर का सबसे ज्यादा पैसा क्षेत्र के लिए लेकर आये और सड़को को जाल बिछाया। उन्होंने कहा रामहेत यादव विधायक नहीं है लेकिन सरकार में इनकी भागीदारी है और अभी राष्ट्रीय परिषद का सदस्य और नगर निकाय व पंचायत राज के संस्थापन पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नव सृजन-2025 की प्रदेश स्तरीय समिति में अलवर उत्तर का जिला संयोजक बनाया है। इस अवसर पर अतिथियों व संस्थान के डायरेक्टर हितेश चौधरी ने विद्यालय स्कोलर शिप परीक्षा में छात्र सचिन गुर्जर को प्रथम आने पर 5100 व कनिष्का यादव को द्वितीय आने पर 2100 रूपये के चैक प्रदान कर उत्साह वर्धन किया एवं अन्य विद्यार्थीयो को प्रतीक चिन्ह प्रदान किये गये। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव व जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस दौरान मण्डल अध्यक्ष मनोज मित्तल, मनीष शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभय भिदूडी, पूर्व अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ, पूर्व जिला पार्षद रहमत खां मेवाती, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनोज यादव, बम्बोरा सरपंच फूलसिंह चौधरी, एमपीएस प्रतिनिधि हरगोविन्द चौधरी, भाजयुमो अध्यक्ष एवं पार्षद तेजसिंह सैनी का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट धीरसिंह चौधरी, प्रकाश प्रजापत, एडवोकेट धर्मपाल यादव, निहाल सिंह, नरेश भड़ाणा, रामस्वरूप मेघवाल, गिरधारी लाल, एडवोकेट रविन्द्र तक्षक, विकास, तक्षक, महेश शर्मा, एडवाकेट वीर सिंह, शेरसिंह, सोमनाथ पंजाबी, प्रमोद जाट, बिरजू भगत, राजेश सोनी, मुकेश शर्मा आदि बम्बोरा ठाामवासी एवं स्कूल के छात्र मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय में किसान मेले का हुआ आयोजन

**चाकसू।** जगन नाथ विश्वविद्यालय परिसर में किसान मेले का आयोजन कृषि संकाय के सौजन्य से आयोजत किया गया। डॉ. पी. एन. कल्ला, अधिष्ठाता, कृषि संकाय ने बताया कि मेले का उद्घाटन चाकसू विधायक रामावतार बैरवा द्वारा किया गया तथा जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा ने भी इस अवसर पर मंच साझा कर किसानों को राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली विभन्न योजनाओं से अवगत कराकर लांभावित किया।

संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी.एन. कल्ला ने किसान मेले के महत्व के बारे में बताते हुये कई महत्वपूर्ण जानकारी किसानों से साझा की। विधायक द्वारा मेले में किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। बैंक प्रभारियों ने किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी दी। डॉ बलराज सिंह कुलपति एस के एन ए यु जोबनेर, डॉ एस के व्यास कुलपति कोटा विश्वविद्यालय कोटा डॉक्टर त्रिभुवन शर्मा कुलपति वेटरनरी विश्वविद्यालय जयपुर ने भी खेती किसानी संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां किसानों से साझा की उन सभी ने कहा कि कुछ हम पास आते हैं कुछ आप पास आओ जिससे नई तकनीकी के साथ खेती किसानी करके अपनी उपज को बढ़ा सके। क्योंकि उन्नत उपज एवं समृद्ध किसान से ही देश समृद्ध हो सकता है

समारोह के विशिष्ठ अतिथि ने कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन कर मेले का शुभारम्भ किया। कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन कर विधायक बैरवा ने कृषि मेले की प्रशंसा की। विधायक बैरवा किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि की नवीनतम जानकारी प्राप्त कर कृषि एवं पशुधन उत्पाद में आशातीत वृद्धि की जा सकती है।

## सार-समाचार

### घंटाघर जीर्ण शीर्ण, संरक्षित करने की मांग

**पावटा।** कस्बे के मुख्य बाजार घंटाघर चौक स्थित ऐतिहासिक घंटाघर जीर्ण शीर्ण अवस्था में है ज्योंकि कस्बे की ना सिर्फ पहचान है बल्कि ऐतिहासिक धरोहर भी है। पावटा कस्बे शहर के मध्य घंटाघर चौक स्थित घंटाघर की मरम्मत कर उसे भव्यता प्रदान करने की मांग उठी है। मांग करते हुए ठाामीणों ने कहा कि पावटा का घंटाघर ऐतिहासिक है। इसकी मरम्मत व रंग रोगन कर भव्य स्वरुप प्रदान किया जाए। प्राचीन परंपराओं और अपने लम्हों को समेटे यह घंटाघर ऐतिहासिक धरोहर अब अंतिम सांसें ले रहा हैं। जिसकी दीवारें धीरे-धीरे दरक रही हैं। घंटाघर की दीवार क्षितठास्त है और कभी भी यहां से दीवार के पत्थर गिर सकते हैं। लगातार जीर्ण शीर्ण होने के कारण पावटा घंटाघर अपना मूल स्वरूप खो रहा है। प्राचीन वर्षो पुरानी धरोहर घंटाघर की सुंदरता को जगह-जगह लगाए जा रहे पोस्टर व स्टीकर खराब कर रहे हैं। इस प्राचीन वर्षो पुरानी धरोहर घंटाघर को लोगो ने अपने प्रचार प्रसार कर जरिया बना रखा है। इसके रोकथाम को लेकर जिम्मेदार नगरपालिका के अधिकारी जरा भी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। यही वजह है कि घंटाघर के चारो तरफ अधिकांश दीवारों पर पोस्टर-स्टीकर और वॉल पेंट देखने को मिलेंगे। जहां शासन की मंशा अनुसार ऐतिहासिक धरोहर के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किये जा रहे है। वहीं अब इस धरोहर को भी अपने तारणहारों का इंतजार है। हालात यह है कि बचे-खुचे क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर को भी सहेजने में प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। यही वजह जगह-जगह दीवारें दरक रही है और नगरीय प्रशासन इस ओर जरा भी ध्यान नही दे रहा है। शहर के एकमात्र ऐतिहासिक स्थल को बचाए रखने के लिए समय-समय पर मांग उठती रही है। वही ठाामीणों ने बताया कि घंटाघर की दीवार की भी मरम्मत की जाना चाहिए। ठाामीणों ने दुख जताया कि प्रशासन पिछले कई वर्षों से इस धरोहर की अनदेखी कर रहा है। क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए, प्राचीन धरोहर की महत्ता को बचाए रखने के साथ नई पीढ़ी को इस क्षेत्र से जोड़े रखने के लिए घंटाघर का समय समय पर मरम्मत कार्य नपा प्रशासन को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए जाए। वहीं घंटाघर सहित सरकारी भवन और सार्वजनिक जगह पर दीवारों पर पोस्टर नहीं लगने से इनकी सुंदरता भी बनी रहेगी। जिससे यह अपना मूल स्वरूप वापस पा सके।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

**फुलेरा।** फुलेरा दोज पर प्रजापति विकास समिति दादर डूंगर जयरामपुरा के तत्वाधान में प्रजापति धर्मशाला में द्वितीय प्रजापति सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कालूराम किरोड़ीवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर ठाामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में आमेर विधायक प्रशान्त, सहदेव शर्मा, नगर निगम चेयरमैन रामकिशोर प्रजापति, जालसु प्रधान हरदेव यादव रहे। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के मिडिया प्रभारी डॉ. सुरेश कुमार प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दुल्हों को घोड़ी पर बैठाकर एवं बैण्ड बाजे के साथ क्षेत्र का भ्रमण करवाते हुए निकासी की गई। जो कि दादर बावड़ी से रवाना होकर बस स्टैण्ड होते हुए प्रजापति धर्मशाला पहुंची। जहां पर बारात का स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसके बाद तोरण की रस्म अदा की गई। वहीं आगे बताया कि कार्यक्रम स्थल पर समाज के हजारों लोगों के समक्ष हाइड्रोलिक मशीन द्वारा करीब 20 फ़ीट ऊंचाई पर जाकर वर-वधू ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इसी क्रम में पण्डित कृष्ण कुमार शास्त्री के सानिध्य में विद्वान पण्डितों द्वारा नवविवाहित 9 जोड़ों के फेरें और प्राणी ठाहण संस्कार सम्पन्न करवाया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज में ऐसे सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होता रहना चाहिए। जिससे समाज में फिजूलखर्ची के कार्यक्रमों में व्यर्थ जाने वाले समाज के पैसे को बताया जा सके। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर समाज के लोगों को आर्थिक तंगी से बचाया जा सके। इसके साथ ही नवविवाहित जोड़ों को समिति के पदाधिकारी नेमीचन्द प्रजापति, मोहन फाडवा, बाबुलाल प्रजापति, केदारमल, रामेश्वर लाल, पप्पू लाल, बनवारी लाल, कजोड़मल, जयप्रकाश, रामनारायण, लल्लू राम सहित अन्य लोगों ने वर-वधू को आशीर्वाद देकर विदा किया। इस दौरान प्रजापति समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे।

### फार्मर रजिस्ट्री शिविर आज से

**टोंक।** जिले में तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । नोडल अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी टोंक हुकुमीचंद रोहलानिया ने बताया कि कृषि एवं संबंधित विभागों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्क्टचर (एग्रीस्टैक) उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया 3 से 5 मार्च तक तहसील टोंक की ग्राम पंचायत लांबाकला, इंदोकिया, देवपुरा, घांस, गोपालपुरा, छान, बंमोर, लांबा ,गणेती, हरचदेड़ा में, तहसील देवली की ग्राम पंचायत सावंतगढ़, दईखेड़ा,पोल्याडा,बीसलपुर मालेडा, गांवड़ी, बीजवाड़ में, तहसील दूनी की ग्राम पंचायत कनवाड़ा, चांदसिंहपुरा में, तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत बनवाड़ा कठमाणा चौगाई, कुरेडा,संदेड़ा, नानेर, निम्हेड़ा में, तहसील उनियारा की ग्राम पंचायत कुंडेर, खोहल्या, झुंडवा में, तहसील अलीगढ़ की ग्राम पंचायत पचाला,अलीगढ़,सोप,पाएगा में, तहसील निवाई की ग्राम पंचायत सिरस,वनस्थली खंडवा, हिंगोनिया बुजुर्ग, ललवाड़ी, गुंसी,जामडोली, अरनिया में, तहसील नगरफोर्ट की ग्राम पंचायत रामसागर, मोहम्मदगढ़ में तथा तहसील टोडारासिंह की ग्राम पंचायत रिडंलिया रामपुरा, पंवालिया कंवरावास, मुंडियाकला,भांसू बस्सी, मेहरू में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### राजपूत समा भवन का लोकार्पण 9 मार्च को

**अलवर।** राजपूत सभा अलवर की बैठक राजपूत सभा भवन अम्बेडकर नगर अलवर में अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें नवनिर्मित राजपूत समा भवन ए-5 अम्बेडकर नगर का लोर्कापण दिनांक 9 मार्च 2025 रविवार प्रात: 10 बजे किये जाने का निर्णय लिया।राजपूत सभा के महामंत्री राजेश सिंह बहाली ने बताया की नवनिर्मित भवन लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि भँवर जितेन्द्र सिंह पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, पूर्व चेयरमैन आईआईडीएल धर्मेन्द्र राठौड होंगे। समारोह की अध्यक्षता बिजेन्द्र सिंह चौहान अध्यक्ष राजपूत सभा अलवर करेंगे।

### पदयात्रा रवाना

**मालपुरा** (निस) श्याम पदयात्रा संघ के तत्वाधान मे रविवार को मालपुरा से रिंगस खाटुधाम के लिये 35वीं पदयात्रा हुई रवाना। एसडीएम अमित चौधरी,भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मैन्दवास्या,पदयात्रा संयोजक पवन मैन्दवास्या ने सीतारामजी के मंदिर मे 51 शाही निशानो की पूजा अर्चना कर पदयात्रीयों के हाथो मे निशान थमा पदयात्रा को किया रवाना। बाबा श्याम के भजनो पर नाचते-गाते तो बाबा के जयकारे लगाते श्याम भक्त शहर के मुख्य मार्गो से गुजरे। तो श्याम भक्तो ने पुष्पवर्षा कर बाबा की मनमोहक झांकी व शाही निशानो की आरती उतारी गई।

# पर्यावरण व वन मंत्री ने ली बैठक

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज सरिस्का रेस्ट हाउस में देवरी एवं माधोगढ के ग्रामवासियों के साथ बैठक कर वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामवासियों की सहमति के आधार पर विस्थापन कार्य को गति देवे। इस दौरान थानागाजी विधायक श्कान्ती प्रसाद मौजूद रहे। मंत्री शर्मा ने देवरी एवं माधोगढ के ठाामवासियों से विस्थापन के संबंध में विस्तृत चर्चा की जिस पर दोनों गांवों के ठाामीणों ने स्वेच्छा से विस्थापन के संबंध में सहमति जताई। ग्रामीणों ने मंत्री शर्मा से राजगढ क्षेत्र के समीप जगह उपलब्ध कराने एवं आज दिनांक से सर्वे कार्य कराने की मांग रखी। मंत्री शर्मा ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि उनकी सभी न्यायोचित मांगों का उचित निराकरण राज्य सरकार स्तर से कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सहमति के आधार पर ही विस्थापन का कार्य होगा। उन्होंने वन अधिकारियों से कहा कहा कि ठाामीणों की मांग के अनुरूप राजगढ क्षेत्र के आसपास भूमि चिन्हित करने के कार्य को प्राथमिता देवे।ग्रामीण जमीन की स्थिति तथा पानी की उपलब्धता आदि की स्थिति देखें।उन्होंने डीएफओ अलवर को माधोगढ़ ठाम में वन विभाग से संबंधित कार्यों एवं समस्याओं पर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने डीएफओ सरिस्का को निर्देश दिये कि प्रतापगढ़ के माधोपुर गांव में कुएं में भरी मिट्टी को निकाल कर उसे चालू करावे।

उन्होंने निर्देश दिये कि बजट घोषणा में भर्तृहरि धाम के विकास में वन विभाग अन्य विभागों से समन्वय रखते हुए गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि बजट में की गई घोषणा में ढाईपेढी से नटनी का बारा सडक का निमार्ण कार्य शुरू किया जा चुका है जिससे आमजन की सुविधाओं में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरिस्का में पर्यटन की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बजट घोषणा के तहत भर्तृहरि धाम को प्रकृति के अनुकूल विकसित कराया जावेगा तथा भर्तृहरि पुलिया का मरम्मत कार्य भी कराया जाएगा।

# हैलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा** (निस) घाटी बालाजी सेवा समिति द्वारा 11 फरवरी को मंदिर परिसर मे आयोजित रामदरबार प्राण प्रतिष्ठा व श्रीराम महायज्ञ के दौरान हैलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा करने के नाम पर लाखो रूपयो की ठगी करने के मामले मे एएसआई रामनारायण गुर्जर के सुपरविजन मे गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये ठगी के आरोपी को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर 1 लाख 44 हजार रूपये की राशि की बरामद की।



हैलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा के नाम पर ठगी करने का आरोपी दबोचा।

- **ठगी की गई 1 लाख 44 हजार की राशि की बरामद, आरोपी को अहमदाबाद से किया गिरफ्तार**

थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि 12 फरवरी को प्रार्थी बादल सिंह अजमेरा निवासी मालपुरा ने थाने मे उपस्थित हो दी रिपोर्ट मे बताया कि घाटी बालाजी सेवा समिति द्वारा 11 फरवरी को धार्मिक आयोजन के दौरान हैलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा के नाम पर प्रभुदयाल राव पुत्र मोटाराम राव निवासी भीनमाल जिला जालौर हाल निवासी डभाल थाना सांचोर जिला नागौर को हैलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा के नाम पर 1 लाख 44 हजार रूपये दिये गये थे। लेकिन आरोपी द्वारा धार्मिक आयोजन के दौरान एनवक्त पर प्रशासनिक स्वीकृति नही मिलने की अफवाह फैला हैलकॉप्टर उपलब्ध नही करवाया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुये एएसआई रामनारायण गुर्जर के नेतृत्व मे विशेष टीम का गठन कर मोबाईल कम्पनी से सीडीआर व रिकार्ड प्राप्त कर तकनिकी संसाधनो के माध्यम से आरोपी को चिन्हित कर जालौर व अहमदाबाद क्षैत्र से तलाश किया गया। दो मार्च को आरोपी प्रभुदयाल राव को अहमदाबाद से डिटेन कर गहनता से किये गये पूछताछ व अनुसंधान के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर ठगी की राशि बरामद की गई।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पूर्व मे भी हैलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा के नाम पर ठगी की है। जिसका एक मामला थाना जसवंतपुरा जिला जालौर मे दर्ज है। अभियुक्त के साथ आयोजन समिति के रामअवतार ने हैलीकॉप्टर की प्रशासनिक स्वीकृति के नही मिलने की सोशल मिडिया पर जानकारी प्रसारित करवा आमजन को भ्रमित किया था।

### दो हजार से ज्यादा लर्निंग लाइसेंस एक्सपायर

**अलवर।** अलवर आरटीओ कार्यालय में करीब दो माह से ऑटोमेटिक ड्राइविंग ट्रैक के नही चलने के कारण अब तक करीब पांच हजार अभ्यर्थी लाइसेंस की लाइन में लगे हुए है वही ट्रैक के नही चलने से करीब दो हजार से ज्यादा लर्निंग लाइसेंस एक्सपायर हो चुके है विभाग की लापरवाही को देखते हुए अब अभ्यर्थी न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी में लगे है। अलवर आरटीओ ऑफिस में कांग्रेस शासन काल में ऑटोमेटिक ड्राइविंग ट्रैक का निर्माण करवाया गया था और उसे सरकार ने स्मार्ट चिप कंपनी को चलाने के लिए दिया था। स्मार्ट चिप ने भी इसके लिए फेंचाईजी बतौर एक अन्य कंपनी को इसका ठेका दे दिया था। उक्त कंपनी बिना वाहन चलाएं सुविधा शुल्क के रूप में प्रति लाइसेंस 15 सौ रुपये एजेंटों से वसूली चालू कर दी। जब इसका पता पूर्व अधिकारियों को चला तो उन्होंने वाहन चलाना जरूरी कर दिया जिस पर भी कंपनी के ठेकेदार ने एक हजार सुविधा शुल्क प्रति लाइसेंस एजेंटों से तय कर दिया अब जो पैसा देता वही पास होता ऐसे में रोजाना एक सौ से ज्यादा लाइसेंस रोज बनने लगे।

# मालपुरा महाविद्यालय व बस स्टैण्ड का लिया जायजा

**मालपुरा** (निस) मालपुरा मुख्यालय पर संचालित स्नातकोतर महाविद्यालय के जीर्णशीर्ण हुये भवन व शहर के रोडवेज बस स्टेण्ड की बदहाली एवं यात्रीयो को हो रही भारी परेशानी के साथ-साथ महिलाओं से टॉयलेट की सुविधा के नाम पर की जा रही अवैध वसूली की मिली शिकायतो पर रविवार को मालपुरा पहुंचे केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने अधिकारियो के साथ कॉलेज व बस स्टेण्ड का जायजा ले आठ करोड के निर्माण कार्यो का तकमीना बनाने के निर्देश दिये।



केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मालपुरा महाविद्यालय व बस स्टैण्ड का जायजा लिया।

रविवार को मालपुरा पहुंचे केबिनेट मंत्री ने एसडीएम अमित चौधरी,सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिक्षण अभियंता पिन्टू मीणा,भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मैन्दवास्या,पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन,पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष सोनी के साथ महाविद्यालय पहुंच भवन का जायजा लिया तो भवन की जर्जर हालत देख मंत्री भी दंग रह गये। महाविद्यालय मे अध्ययनरत एक हजार से अधिक छात्राओं व चार सो से अधिक छात्र के साथ-साथ महाविद्यालय स्टाफ की सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुये महाविद्यालय मे दो करोड की राशि से नवीन कक्षा-कक्षो का निर्माण व एक करोड की राशि से तार फैशिंग कार्य का तत्काल तकमीना तैयार कर सम्भवत्या एक महिने के भीतर निर्माण कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिये।

साथ ही महाविद्यालय के चार व्याख्याताओं को जयपुर डेपोटेशन को रद्द कर मालपुरा महाविद्यालय मे पदस्थापित करने के लिये उच्चाधिकारियो को दूरभाष पर निर्देश दिये। मालपुरा बस स्टेण्ड का जायजा लेने पहुंचे मंत्री व अधिकारियो के समक्ष आमजन व मौजूद यात्रीयो ने बस स्टेण्ड की बदहाली की कहानी बयां करते हुये वर्षो से बंद पडे रोडवेज बुकिंग घर भवन की दूर्दशा से अवगत करवा कभी भी कोई बडा हादसा होने का अंदेशा जताया तो मंत्री ने बंद पडे खण्डर मे तब्दील बुकिंग घर की दुकानो मे चल रही व्यवसायिक गतिविधियो को बंद करवा एक महिने के भीतर भवन को जमीदोंज कर नवीन बुकिंग घर, स्थाई रैन बसेरा,यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के साथ-साथ सुलभ कॉम्पलैक्स निर्माण के लिये तकमीना तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिये। साथ ही बस स्टेण्ड के बीचों-बीच बने जल मंदिर को अन्य जगह स्थानान्तरित कर महिलाओं से शोच के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को रोक पालिका प्रशासन को सार्वजनिक शोचालय को अपने अधीन करने के निर्देश दिये।

# विधायक धनकड़ जनसुनवाई के दौरान लोगों से हुए रूबरू

**पावटा।** विधानसभा के विकास और जनता की समस्याओं के लिए निरंतर कार्य करते हुए विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने ग्राम भांकरी निवास पर जनसुनवाई के तहत जनता से रूबरू हुए। जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और वहां उपस्थित समस्त शासकीय विभागों के अधिकारियों को उनके तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए।

विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि क्षेत्र में जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए जनसुनवाई मे बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्यापत विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे। इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए यहां उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। विधायक धनकड ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करे। इसलिए जनसुनवाई के माध्यम से ऐसे प्रयास हम करते रहेंगे, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उसके निवारण के लिए हम कार्य करते रहेंगे। क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े हर विषय को लेकर हम संवेदनशील हैं और उसका समाधान करना ही हमारा उद्देश है। ऐसे कार्यक्रम जनता से जुडने का भी एक बहुत ही अच्छा माध्यम भी है जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं को बता सकते हैं।

वो एक उम्मीद के साथ आते हैं और उनकी इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए ही हमने यह प्रयास किया है ताकि एक जनप्रतिनिधि व जनता के बीच बेहतर सामंजस्य हो, किस प्रकार क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा इसके लिए उनके सुझाव हमें मिले। इन्हीं सुझावों व आपसी सामंजस्य से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि क्षेत्र में जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए जनसुनवाई मे बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्यापत विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे। इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए यहां उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करे। इसलिए जनसुनवाई के माध्यम से ऐसे प्रयास हम करते रहेंगे, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उसके निवारण के लिए हम कार्य करते रहेंगे। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझ पर विश्वास कर जो जिम्मेदारी दी है उसे निभाने के लिए मैं कटिबद्ध हूँ। क्षेत्रवासियों को समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना न पड़े इसके लिए जन सुनवाई के माध्यम से हम जनता से उनकी मूलभूत सुविधाओं, प्रमुख मांग व समस्या से अवगत होंगे तथा तत्काल उसका समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# तीन मकानों के तोड़े ताले, 30 लाख से अधिक रुपए का सामान चोरी



चोरी की वारदात के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान।

- विराटनगर के मैड क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय, लगातार चोरी होने से दहशत

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के मैड कस्बे में चोर गिरोह सक्रिय है। जो लगातार सूने मकानों व ज्वेलर्स की दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। गत रात्रि विराटनगर थाना क्षेत्र के गांव खेडा में चोरों ने पुलिस गश्त को धत्ता बताते हुए तीन मकान के तारे तोड़ लिए जिसमें लगभग 25 से 30 लाख का माल चुरा ले गए।

जानकारी के अनुसार गरीबा जाट व गणपत जाट दोनों भाइयों के घर से चोरों ने कमरे के पीछे से जंगला तोड़कर कमरे में घुसकर अलमारी से लगभग दोनों मकानों से 30 से 25 लाख का माल चोरी कर लिया। व्यापारी कमलेश सैनी के मकान से भी चोरों ने हाथ साफ किया। सुबह जब वह 7 बजे उठे तो पता चला कि पीछे का जंगला टूटा हुआ था। जब उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो पूरा माल बिखरा पड़ा था। घरेलू सामान इधर-उधर पड़ा हुआ था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची। तीन दिन पहले भी विराटनगर क्षेत्र मे चोरी हुई थी। विराटनगर थाना पुलिस आस-पास के घरों में लगे सीसी कैमरे के माध्यम से घटना की जांच कर रही है। वहीं चोरी की घटना को लेकर स्थानीय व्यापारी और ठाामीणों में रोष व्याप्त है। ठाामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। पुलिस चोरी के मामलों पर अंकुश लगाने में विफल रही है। उन्होंने चोरों को पकड़ने की मांग की है। गौरतलब है कि क्षेत्र के पावटा प्रागपुरा कस्बों सहित ग्रामीण अंचल के विभिन्न गांवो में हुई चोरी की घटनाओ का सुराग नही लग पाने से चोरी की घटना से पीडित हुए परिवार अभी भी घटनाओ को भूले नही है। चोरियो की घटना के बाद पुलिस भी आज तक कोई खुलासा नही कर पाई है। जिनमें प्रागपुरा थाना क्षेत्र के पावटा कस्बा स्थित राठी कॉलोनी, प्रागपुरा कस्बे में थाने से महज कुछ ही दूरी पर, प्रागपुर बांस का मोहल्ला, मंढा ठााम में ज्वेलरी शॉप में लाखों रूपए के सोने चांदी के आभूषण व नकदी सहित अन्य सामान, ठााम बड़नगर के पास स्थित दुलेसिंह का बास में समाज द्वारा समाज के लिए एकत्रित किए गए पीतल, तांबे, एल्यूमिनियम के लाखों के बर्तन भी चोरी कर ले गए थे। हर दिन किसी न किसी क्षेत्र में चोरी की घटनायें हो रही हैं। पुलिस चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व खुलासा करने में फेल साबित हो रही है। कुछ समय से शहर से लेकर ठाामीण क्षेत्र तक चोरी की घटनायें काफी आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोरों ने लोगों की नाक में दम कर दिया है। चौक-चौराहें की आभूषण व अन्य कीमती सामानों की दुकानों व सूने मकानों में भी चोरी घटनाएं होने लगी हैं। चोर सेंधमारी करने से लेकर लोगों के सूने मकानों के दौरान घर खंगाल दे रहे हैं। चोरी करने का प्रयास कहीं ना कहीं पुलिस की गस्त पर सवालिया निशान उठा रही है।

## संक्षिप्त

### भागवत कथा सप्ताह जारी

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती ग्राम मऊ में चल रही भागवत कथा सप्ताह में पंडित कृष्णकांत शास्त्री ने कहा कि कर्दम देवहूति के द्वारा गृहस्थ धर्म के कत्तर्व्य का प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान की प्राप्ति कितनी सुलभ हो सकती है तथा समर्पण व प्रेम भाव, सहनशीलता से आज हो रहे तलाक जैसे अभिशाप को कैसे रोका जा सकता , ध्रुव चरित्र सुनकर अपने बच्चों में भक्ति का प्रवाह उत्पन्न करना चाहिए, सती चरित्र के द्वारा कहा कि बिना पति की अनुमति कहीं भी नहीं जाना चाहिए, भरत चरित्र से वैराग्य की प्राप्ति के पश्चात पुनः सांसारिक जीवन में नहीं उलझना चाहिए, अंत समय में भगवान का नाम अजामिल जैसे महापापी को भी भगवत प्राप्त करवा देता है। अगर तपस्या व ईश्वर में विश्वास हो तो भगवान पत्थर में भी प्रकट हो जाते हैं जैसे प्रह्लाद जैसे भक्त की रक्षा हेतु नृसिंह अवतार खंभे में प्रकट हुआ। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह, महावीर सिंह, गजराज सिंह, सीताराम सैन, राजेंद्र सिंह, पुष्प सिंह,आदि के द्वारा भागवत आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### ग्रामीणों ने चलाया सफाई अभियान

**पीपलू।** उपखंड क्षेत्र के गांव जेबाडीया में ग्राम पंचायत ने सफाई नहीं की तो ग्रामीणों ने सफाई अभियान चला कर गांव की नालियों की ग्रामीणों ने ही साफ सफाई की। गांव जेबाडिया में कीचड की समस्या से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। गांव में कई जगहों पर गंदा पानी भरा रहने से मच्छरों की समस्या उत्पन्न हो गई। जिससे ग्रामीणों में बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। ग्रामीण विमल गुर्जर ने बताया कि गांव में लम्बे समय से कई स्थानों पर कीचड व गंदगी फैली हुई है। यहां नालियों का पूर्ण निर्माण कार्य नहीं होने से हमेशा पानी भरा रहता है। जिसके कारण मच्छर पैदा हो गए है। वहीं इस समस्या के कारण गांव में मलेरिया आदि बीमारियों का प्रकोप होने का लोगों में डर सता रहा है। मोहल्ले के लोगों ने इस समस्या के बारे में ग्राम पंचायत को कई बार अवगत कराया। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर नालियों की साफ सफाई करने की मांग की है।

### बाल मेले में शिक्षण पद्धतियों का किया प्रदर्शन

**कोटपूतली।** प्रबन्ध समिति आदर्श विद्या मन्दिर कोटपूतली द्वारा संचालित बसन्त प्रभु आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक सरस्वती बालिका आदर्श विद्या मन्दिर, रामरिछपाल मोरीजावाला आदर्श मन्दिर कोटपूतली द्वारा रविवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में नई शिक्षा नीति आधारित शिशु वाटिका (प्री प्राईमरी) कक्षाओं की शिक्षण पद्धितियों चित्र पुस्तकालय, कार्यशाला, कला शाला, चिडिया घर जैसी 12 शिक्षण पद्धतियों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मेले में बालकों ने विभिन्न प्रकार के झूलों का लुत्फ उठाया।

### नेत्र चिकित्सा व लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बसई में युवा रेवॉल्यूशन द्वारा विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन सोमवार 03 मार्च को किया जायेगा। संयोजक एड. मनोज चौधरी ने बताया कि शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद की जांच, लैंस प्रत्यारोपण, मोतियाबिंद के ऑपरेशन, बिना टांके का ऑपरेशन सहित अनेक सुविधायें प्रदान की जायेगी। साथ ही हड्डी रोग, जोड़ो का दर्द, ब्रेन, मस्तिष्क बीमारी, रीढ़ की हड्डी, दांतों की समस्या एवं अन्य बीमारियों का भी निःशुल्क ईलाज किया जायेगा। इस दौरान पल्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक सिंह, ब्रेन व रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विष्णु गुप्ता, मित्तल स्माईल केयर के डेंटल सर्जन डॉ. अरविन्द मित्तल, जरनल फिजिशियन डॉ. मयंक आदि अपनी सेवायें देंगे।

### दुष्कर्म का मामला कराया दर्ज

मालपुरा। उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर थाने मे एक नाबालिग ने उपस्थित हो दी रिपोर्ट मे उसके साथ दुष्कर्म करने का करवाया नामजद मामला दर्ज। पुलिस उपाधिक्षक आशीष प्रजापत ने बताया कि पिडित नाबालिग की और से दी रिपोर्ट मे 28 फरवरी की रात को शोच के लिये बाहर निकलने पर उसे अगवा कर एक स्थान पर उसके साथ चार युवको द्वारा छेडछाड व दुष्कर्म कर उसके हाथ-पांव बांध घर के पास छोड जाने की जानकारी दे नामजद रिपोर्ट दी थी। जिस पर मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। पिडित नाबालिग का मेडिकल करवाया गया है।

## क्षेत्र में खुले कुओं की भरमार

**पावटा।** कस्बे सहित खेतों, सार्वजनिक स्थानों सड़क के किनारों पर बिना मुंडेर के दर्जनों कुएं खुले पड़े हैं, जिनसे हर पल हादसे का खतरा बना हुआ है, लेकिन इन कुओं को ढंकवाने के लिए तो स्थानीय प्रशासन ध्यान दे रहा और ना ही राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी। सरकार ने खुले पड़े कुओं बोरवेलों को बंद करवाने या ढंकवाने के आदेश कुछ समय पहले जारी किए थे, लेकिन इन कुओं को बंद करने की जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाले जाने से समस्या जस की तस है। क्षेत्र के थालौड़ की ढाणी बड़नगर सहित कई गांवों के मार्गों के पास से गुजर रही पगडंडियां, सड़कें, आम रास्तों के पास सार्वजनिक निजी कुएं, बोरवेल आदि आज भी मौत को न्योता दे रहे हैं। इन मार्गों के पास से रोज सैकडों स्कूली बच्चे, राहगीर आदि गुजरते रहते हैं जिनके साथ कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है।

## तीर्थराज सम्मेद शिखरजी के लिए 250 यात्रियों का जत्था रवाना

**निवाई।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में रविवार को 25० यात्रियों का तीर्थराज सम्मेद शिखरजी के लिए जत्था रवाना हुआ। मीडिया प्रभारी विमल जौंला एवं संयोजक हेमंत चंवरिया ने बताया कि श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर से जैन समाज का एक शिष्ट मंडल भगवान शांतिनाथ के दर्शन करके रवाना हुआ।

इस दौरान चातुर्मास कमेठी अध्यक्ष सुनील भाणजा एवं सिविल सेवा सर्विस में चयनित मेघा जैन ने यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सभी यात्रियों ने सम्मेद शिखरजी के जयकारो के साथ रवाना हुए। जत्था निवाई से झारखंड स्थित जैन धर्मलंबियों के प्रमुख तीर्थ सम्मेद शिखरजी पहुंचेगी। वहां देश में सुख, समृद्धि और शांति की कामना के लिए वंदना की जाएगी। उन्होंने बताया कि सम्मेद शिखरजी क्षेत्र में मल्लिनाथ भगवान के विधानमंडल पूजा की जाएगी। तीर्थराज की वंदना के साथ ध्वज यात्रा बिंदोरी भी निकाली जाएगी। गाजे-बाजे के साथ भगवान चंद्रप्रभु के निर्वाण लाड्डू चढाया जाएगा। जहां पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सन्मति चंवरिया, सुरेंद्र माधोराजपुरा, दिलीप बगडी, गोपाल कठमाणा, विमल बडागांव, तेजमल झिलाय, राकेश संघी, दिनेश पाटनी, राजेश बनेठा, रजनीश जैन, हर्षित संघी व सुरेन्द्र जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।



सम्मेद शिखरजी के लिए रवाना होते श्रद्धालु।

## खाटूधाम के लिए पदयात्रा रवाना आज

**निवाई।** गांव नाहरवाडी से खाटूधाम के लिए सोमवार को बैण्ड बाजे के साथ पदयात्रा रवाना होगी। अनिश मौजीवाल व मनीष मौजीवाल ने बताया कि नाहरवाडी से खाटूधाम के लिए सोमवार को सुबह 8 बजे ध्वज पूजन करके पदयात्रा रवाना होगी। उन्होंने बताया कि पदयात्रा को जुलूस डीजे के साथ गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए रवाना होगा। इस दौरान पदायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया जाएग। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का पहला विश्राम निवाई बाईपास पर कैर वाले बाबा के होगा। इसी प्रकार दूसरा विश्राम चाकसू शीतला माताजी के मंदिर, जयपुर मानसरोवर, हथौड, चौमू, रिंगस एवं सातवां विश्राम खाटूधाम पर होगा।

## बाबा श्याम के जयकारों के साथ रवाना हुई श्याम निशान पदयात्रा

- पदयात्रा का शहर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

शाहपुरा। श्री श्याम सखा परिवार के तत्वावधान में शाहपुरा से खाटूधाम के लिए निशान पदयात्रा शहर के हनुमान जी की बगीची फाफिया से गाजे बाजे के साथ नगर परिक्रमा करते हुए खाटू नरेश की दिव्य झांकी के साथ खाटू के लिए निशान हाथों में लेकर रवाना हुई हनुमान जी मंदिर के मंहत राधा किशन दास जी महाराज, कांठोस ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, श्याम सुंदर राज जोशी, श्याम मंदिर कमेटी के संचालक के शंकर लाल सैनी व सचिव अनिल कुमार नरवल ने विधिवत पूजा अर्चना कर रवाना किया। सभी ने पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का माला पहनकर व पुष्प वर्षा का स्वागत किया। जानकारी देते हुए मंडल उपाध्यक्ष विपिन मैडका, कोषाध्यक्ष विष्णु चूडला तथा आशीष हलवाई ने बताया की पदयात्रा हर वर्ष की भांति फागुन मास में शहर से प्रारंभ होकर खाटू धाम के लिए रवाना हुई। पदयात्रा के दौरान शिव तांडव नृत्य के कलाकारों द्वारा मुंह से अग्नि निकाल कर, विभिन्न झांकियां के साथ नृत्य करें शहर वासियों का मन मोहा। शहर वासियों भी उनके करतब देख दांतो तले उंगली दबा ली।मोहन पुजारी व सतीश अठावाल ने बताया की पदयात्रा का प्रथम विश्राम अजीतगढ़ में होगा। इस अवसरपर किशन चुडला,गोविंद गोयल,सुरेन्द्र शर्मा,किशन गुर्जर,महेंद्र शर्मा,अशोक सैनी ,मनोज सोनी, जितेंद्र सोनी,अमित अठावाल, कुलदीप हलवाई आदि सदस्य उपस्थित रहे।



शिव तांडव नृत्य के कलाकारों की विभिन्न सजीव झांकियों ने शहरवासियों का मन मोहा।

## 'कांटोली में सड़क का निर्माण किया जाएगा'

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने किया सदन का अपमान

**निवाई।** नगरपालिका में विधायक रामसहाय वर्मा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यो व बजट में की गई घोषणाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री राजकुमारी दीया कुमारी ने विधानसभा क्षेत्र को कई सौगातें दी है।

जिसमें शहर में सीवरेज लाइन, बस स्टैंड का सौंदर्यकरण, पीपलू में हाईवे ब्रिज, विभिन्न सडकों का कार्य सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बद्री विशाल धाम नटवाडा, देवधाम जोधपुरिया में स्थित भगवान देवनारायण मंदिर व हरभावता आश्रम में विभिन्न कार्यों के लिए बजट में प्रस्ताव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम कांटोली में 5 करोड 9० लाख रुपए की लागत से सडक निर्माण का कार्य किया जाएगा। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने 46 करोड रुपए की लागत से पानी की समस्या को दूर करने के लिए टंकी निर्माण सहित कई कार्यो की सौगात दी है। विधायक वर्मा ने बताया कि दतवास क्षेत्र में नई पंचायत समिति खोलने, हाउसिंग बोर्ड में ग्रामीण लोगों को मकान उपलब्ध करवाने, राहोली क्षेत्र में महाविद्यालय खोलने, राहोली को उप तहसील बनाने की मुख्यमंत्री से मांग की गई है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा सहित नेता प्रतिपक्ष ने दादी शब्द के प्रयोग पर गलत हंगामा किया है। दादी शब्द एक सम्मानजनक शब्द है। मैं अगर राहुल गांधी को भाई बोल दूं तो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उसका भी विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने विधानसभा स्पीकर वासु देवनानी का अपमान कर सदन की मर्यादा को ठेस पहुंचाई है।

## आईआरएस अधिकारी सुनीता बैंसला का स्वागत

**कोटपूतली।** गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के अगुवा नेता रहे, स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की पुत्री पूर्व आईआरएस अधिकारी सुनीता बैंसला का दिल्ली से जयपुर जाते वक्त ग्राम मोरदा, पनियाला मोड, गोनेड़ा, केशवाना गुर्जर आदि में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कर्नल बैंसला के विचारों व जीवन मूल्यों की पुस्तक भी ग्रामीणों को भेंट की। सुनीता बैंसला ने कहा कि कर्नल साहब ने केवल गुर्जर समाज या एमबीसी वर्ग ही नहीं, बल्कि किसान, मजदूर, पिछडे, दलित व आदिवासी वर्गो को जीवन में आगे बढकर कार्य करने की प्रेरणा दी है, हमें उनके विचारों को आत्मसात कर जन-जन में आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस मौके पर ग्रामीण महिलाओं ने उन्हें शॉल भी ओढ़ाया। इस दौरान पूर्व उप प्रधान रामेश्वर रावत, रामशरण सरपंच, जिला पार्षद मंजू रावत, चरणजीत खटाना, राजेश सरपंच, इन्द्राज कसाना, सरपंच एड. देवेन्द्र गुर्जर, राजपाल डोई, हेमराज ठेकेदार, जयसिंह दौराता, हनुमान मुकदम, भागीरथ जांगल, हरदान गुर्जर, राकेश रावत व दिनेश रावत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मासूम को कुचलने का आरोप

- मां बोली- चारपाई पर चढक़र पति को खींच रहे थे, एक महीने की बच्ची पर पैर रखा, मौत

**अलवर ।** साइबर अपराधियों को पकडऩे गई पुलिस पर 1 महीने की बच्ची को पैर से कुचलने का आरोप लगा है। परिजनों के अनुसार, घर में घुसी पुलिस बच्ची के पिता को पकडऩे के लिए चारपाई पर चढ़ गई थी, जहां मासूम सो रही थी। आरोप है कि पुलिस ने इस दौरान चारपाई पर सो रही मासूम पर पैर रखे, इससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन पूर्व मंत्री नसरु खां के साथ एएसपी के पास पहुंचे और पूरे थाने को लाइन हाजिर करने की मांग की है। मामला अलवर के नौगावां थाना इलाके के रघुनाथगढ़ के पास तेलिया का बास का सुबह 6 बजे का है।

मामले को लेकर डीएसपी सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि पुलिस साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत दबिश देने के लिए गई थी। बच्ची बीमार थी जिसकी मौत हुई है। यदि पीड़ित परिवार कोई शिकायत देता है तो शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जाएगी।

बच्ची अलसीबा की मां राजीदा ने आरोप लगाया- सुबह 6 बजे पुलिस की टीम घर पहुंची थी। इस पर उसने दरवाजा खोला तो पुलिस टीम ने उसे कमरे से बाहर निकाल दिया। इसके बाद पास रखी चारपाई पर चढक़र पति को बिस्तर से खींचने लगे।

पुलिस ने चारपाई पर सो रही बेटी पर पैर रख दिया। मां ने आरोप लगाया कि पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया और कोरे कागज पर साइन करा लिए हैं। बच्ची के पिता इमरान ने बताया- पुलिस ने उसे खींचने के दौरान चारपाई पर सो रही बच्ची पर पैर रख दिया। इससे बेटी अलसीबा की मौत हो गई। ठाामीणों ने बताया कि बच्ची की मौत के बाद परिजन शव को लेकर सम्मनबास चौकी पहुंचे। जहां परिजनों से कोरे कागज पर साइन करा लिए। मामले की सूचना पर पूर्व मंत्री नसरू खां दोपहर 2 बजे मौके पर पहुंचे और परिजनों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद बच्ची के शव और परिजनों के साथ अलवर पहुंचे। जहां अलवर सदर थाने में एडिशनल एसपी तेजपाल सिंह से वार्ता की। इस दौरान पूर्व मंत्री ने मांग रखी कि दोषियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाए। साथ ही गांव वालों की मांग है कि नौगावां थाने के स्टाफ को हटाकर लाइनहाजिर किया जाए। थाने में नया स्टाफ लगाया जाए। मांगे नहीं मानने पर एसपी ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

पूर्व मंत्री ने कहा- पुलिस ने 1 महीने की मासूम को कुचल दिया। सुबह जब पुलिस घर पहुंची तो एक भी महिला कॉन्स्टेबल नहीं थी। यदि बच्ची बीमार थी तो परिवार से कागज पर साइन क्यों कराए। नसरु खान ने आरोप लगाया कि नौगांवा पुलिस साइबर अपराधियों को पकडऩे के नाम पर अवैध वसूली करती है। एडिशनल एसपी डॉ. तेजपाल सिंह ने बताया- परिजनों की ओर से जो शिकायत दी गई है। उस पर मामला दर्ज किया जाएगा। जांच के बाद जो भी सामने आएगा, उसमें कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की ओर से साइबर अपराधियों की धरपकड लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें एक साइबर अपराधी की लोकेशन कमरे के अंदर आ रही थी। इसपर पुलिस आरोपी को पकडऩे पहुंची थी।

## पूर्व विधायक को दी संयोजक की जिम्मेदारी

**सांभरझील,** (निसं)। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार व प्रदेश स्तरीय समिति की सहमति से निर्मल कुमावत को संयोजक पद की जिम्मेदारी दी गई है। सीधे सरल प्रतिभा के धनी तथा पार्टी में राष्ट्रीय स्तर तक अपनी गहरी पेठ रखने, पार्टी व क्षेत्र के लिए समर्पित निर्मल कुमावत को इसी खूबी को ध्यान में रखते हुए उन्हें संयोजक बनाया गया है। बताया जा रहा है कि उनको यह जिम्मेदारी इसलिए भी दी गई है कि लगातार तीन दफा फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से जनता की पीड़ा को समझा, अपनी सरकार के कार्यकाल के दौरान समाधान करवाएं, अरबों रुपए के विकास कार्य करवाने में पद की गरिमा का भी खास ध्यान रखा। संयोजक बनने पर फुलेरा के सुरेश सैनी, पार्षद अनिल गट्टानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा, पूर्व पार्षद रामलाल सैनी, किसान मोर्चा के विनोद मालाकार, पार्षद सुशीला देवी, विष्णु कुमार सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अठावाल, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल, पार्षद धर्मेंद्र जोपट, एडवोकेट दिव्या राजवीर गुर्जर सहित अनेक ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सार-समाचार

### वार्षिक उत्सव समारोह आयोजित

**पावटा।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांतिल में वार्षिक उत्सव, खेल दिवस, कंप्यूटर कक्ष एवं कक्षा कक्ष लोकार्पण समारोह का आयोजन महंत अरूणापुरी महाराज के सान्निध्य में कोटपुतली विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य व सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सांखला की अध्यक्षता एवं जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य राजू मीणा, शिक्षाविद देवी सहाय सैनी, महावीर बडगुर्जर, डुंगाराम कुम्हार, पूर्व सरपंच जयराम गुर्जर, गोदराज शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शेखावत, एसएमसी अध्यक्ष प्रहलाद सैनी, राजू वर्मा, विजय सिंह यादव, मालाराम गुर्जर, पूर्व सरपंच दाताराम गुर्जर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। संस्था प्रधान अजय सिंह यादव व विद्यालय परिवार एवं द्वारा विधायक हंसराज पटेल व अतिथियों का साफ़ा, शाल व स्मृति चिह्न दे कर स्वागत अभिनंदन किया गया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनेक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देशभक्ति, राजस्थानी लोकगीत, घूमर, नृत्य नाटक मंचन, गीत क व कविताओं का बालक बालिकाओं के द्वारा प्रस्तुत किए गए साथी विद्यालय स्तर पर जिन भामाशाहों ने पहले सहयोग किया व वर्तमान में सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान समारोह किया गया विद्यालय स्तर पर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को परितोषिक किया गया। इस दौरान कोटपुतली विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि विद्यालय स्तर पर बाल-बालिकाओं का सर्वांगीण विकास होता है। उन्हे मन लगा कर पढ़ना चाहिए अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर चले तो सफलता सुनिश्चित रूप से मिलेगी। बालक - बालिकाओं को खेलों में भी रुचि रखते हुए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। वही उन्होंने छात्र छात्राओ को जीवन मे अनुशासन का महत्व बताया। वहीं उन्होंने माता-पिता का गुरुजनों के प्रति श्रद्धा भाव रख जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं उन्होंने विद्यालय में एक बडा हॉल व अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण की घोषणा की। वहीं उन्होंने कहा कि विद्यालय में संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। वही रिक्त पड़े पद भी जल्दी ही भरे जाएंगे। विद्यालय प्राचार्य अजय सिंह यादव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान भामाशाह राजेंद्र सांखला, रविशंकर दीवान का आभार व्यक्त कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चंद्र सैनी व चतुर्भुज द्वारा किया गया। इस अवसर पर सूबेदार रघुवीर सिंह, ठा. करण सिंह, खैराती लाल सैनी, मुखराम, रामस्वरूप, गुरुदयाल, दिलीप सिंह, नत्थू सिंह, एसीबीओ सुरेश कसाना, कमोद सिंह, हरदान सिंह, विजयपाल लुनिवाल, हरिकांत शर्मा, भवानी सिंह शेखावत, मनोज कुमार, सूरजभान सिंह, गायत्री देवी शर्मा, नरेंद्र कुमार, सुधीर पवार, चंद्रप्रकाश, विक्रम जोशी, अनिल, दाताराम सहित जनप्रतिनिधि व विद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या मे अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।

### रात्रि विश्राम शिविर 5 मार्च से

**श्रीमाधोपुर ।** श्री श्याम सेवा समिति श्रीमाधोपुर की ओर से गत वर्षो की भांति इस बार भी श्याम बाबा के मेले में खाटू धाम आने वाले पद यात्रियों के लिए 29 वां विशाल भंडारा, पदयात्री सेवा एवं रात्रि विश्राम शिविर 5 मार्च बुधवार से से ललित चौधरी के प्लांट में मानपुरिया रेलवे पुलिया के नीचे श्रीमाधोपुर में प्रारंभ किया जाएगा जो आगामी 10 मार्च सोमवार तक चलेगा। श्री श्याम सेवा समिति श्रीमाधोपुर के बजरंग लाल अमरसरिया आदि से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर स्थल पर प्रतिदिन श्याम बाबा का श्रृंगार, भोग व भारती के साथ ही 24 घंटे दवाइयां, इंजेक्शन, तेल मालिश, पट्टी, गर्म पानी से सिकाव , ग्लूकोज आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी साथ ही प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से 10 बजे तक नाश्ता, प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक भोजन, दोपहर 3 से 6 बजे से चाट व अल्पाहार तथा शाम 6 बजे से श्याम भक्तों के आगमन तक भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है, वहीं फलाहारी भक्तों के लिए फलाहार की विशेष रूप से व्यवस्था रहेगी। बताया गया है कि पद यात्रियों के लिए 24 घंटे चाय, पानी व अल्पाहार की व्यवस्था चालू रहेगी तथा रात्रि विश्राम के लिए रजाई - ग़दो की समुचित व्यवस्था शिविर स्थल पर ही की गई है। रात्रि में रुकने वाले पदयात्रियों के लिए प्रातः स्नान के लिए गर्म पानी की व्यवस्था शिविर स्थल पर ही की गई है ।संपूर्ण भंडारा स्थल सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। समिति की ओर से बताया गया है कि 8 मार्च शनिवार को 56 भोग झांकी, बाबा श्याम के दरबार का अलौकिक श्रृंगार, फूलों की होली शाम 7 से 9 बजे तक, गुलाल की होली रात्रि 9:30 बजे, इत्र वर्षा,महा आरती 9:15 बजे से की जाएगी वही रास रसिया आर्ट ग्रुप सोनीपत द्वारा दोपहर 1 से 3 व शाम 7 से 9 बजे तक राधा कृष्ण की जीवन्त झांकी के साथ भक्तों द्वारा संगीत मय फूलों की होली खेली जाएगी। समिति अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार 11 मार्च 25 को भंडारा स्थल से प्रातः 7 बजे खाटू श्याम जी के लिए पदयात्रा के रूप में प्रस्थान करेगी।

### जलदाय विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

**भांडारेज।** गढ़ ग्राम पंचायत में कई से माह से बाधित हो रही पेयजलापूर्ति की समस्या से तंग आकर महिलाओं ने जलदाय विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया है । विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष जताया। महिलाओं ने जलदाय विभाग अधिकारियों पर अनसुनी करने का आरोप लगाते हुए पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान नहीं का भी आरोप लगाया है। महिलाओं ने बताया कि कस्बे में कई माह से पेयजल टंकी से नलों की पेयजल आपूर्ति बंद पडी हुई है। वहीं ट्यूबवैल भी बंद होने से गांव के लोगों को बड़ी परेशानी होती है। जलदाय विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके कारण लोगों को पानी का टेंकर मंगवाकर पानी पीना पड रहा है। महिलाओं ने बताया कि गांव में मवेशियों को भी पानी पिलाने के लिए ढाणियों में जाना पड़ता है। गढ़ ठााम पंचायत में दो बड़ी पानी की टंकी व 4 ट्यूबवैल है जिसके बाद भी ठाामीणों को पानी के लिए भटकाना पड़ रहा है। महिलाओं ने 3 दिवस में पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। विरोध प्रदर्शन के दौरान दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।जलदाय विभाग अधिशाषी अभियंता ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि गढ़ पंचायत में पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर शिकायत मिली है जल्द समस्या का निराकरण करके आपूर्ति सुचारू करवाएंगे।

### 'बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराना प्राथमिकता'

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम दांतिल स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने विद्यालय के नवनिर्मित कम्प्यूटर कक्ष और कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया एवं एक बड़ा हॉल तथा अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की घोषणा की। इस मौके पर पटेल ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विद्यालय के रिक्त पदों को जल्द ही भरा जायेगा। पटेल ने विद्यालय के प्रति ग्रामीणों और भामाशाहों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुये कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल बन रहा है। यही एक सशक्त समाज की पहचान होती है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार यादव ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक प्रगति और भविष्य की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार यादव के नेतृत्व में शिक्षकों, ग्रामीणों व छात्रों ने विधायक पटेल का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान महंत अरुणपुरी महाराज, भाजपा नेता जयराम गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र सांखला, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, शिक्षाविद् महावीर बडगुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शेखावत व रामस्वरूप समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारीज ने कलश यात्रा निकाली

**टोंक।** त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ओर से टोंक उपखण्ड के ग्राम छाण, अल्लाहपुरा व बहरावंडा खुर्द में भव्य कलश यात्रा निकालकर परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण का संदेश दिया गया, निकाली इस शोभा यात्रा का ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज प्रभारी बीना ने त्रिमूर्ति शिव जयंती की बधाई दी और उसका आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा की परमपिता परमात्मा शिव देवों के देव महादेव है सर्वोच्च है सर्वशक्तिमान है सर्वज्ञ हैं सर्वधर्म मान्य हैं शांति के सागर हैं प्रेम के सागर है आनंद के सागर हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए रामलाल ने शिव ध्वजारोहण कर ग्रामीणों को बुराइयों को छोडने तथा दिव्यगुणों की धारण करने की प्रतिज्ञा करवाई तथा इस दिव्य शोभा यात्रा का आयोजन छाण से मुरली सैनी, अल्लाहपुरा से हेमराज सैनी और बहरावंडा से रामभरोस राठोड द्वारा आयोजित किया गया।



हमारी नीति टीम में युवाओं को शामिल करने की थी। ट्रॉफी जीतना हमारा मकसद था लेकिन इसके साथ ही हम चाहते हैं कि हमारे युवा देश के लिए खेलें। – उस्मान गनी

विदर्भ के मुख्य कोच, तीसरी बार चैंपियन बनने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** – आर. प्रज्ञानानंदा



**ग्रैंडमास्टर** आर. प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए जर्मनी के विंसेंट केमेर को हराया और अब प्राग मास्टर्स शतरंज के चौथे दौर के बाद वह तीन अंक लेकर अराविंद चिदंबरम के साथ टॉप पर है। अराविंद ने अमेरिका के सैम शांकलैंड के साथ ड्रॉ खेला जबकि टॉप वरीयता प्राप्त चीन के वेई यि ने स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को हराया।प्रज्ञानानंदा का सामना अगले दौर में अराविंद से होगा जिसमें वह सफेद मोहरों से खेलेंगे। चैलेंजर वर्ग में दिव्या देशमुख ने चीन की मा कुन से ड्रॉ खेला और अब चार मुकाबलों के बाद उनके डेढ अंक हैं।

**क्या आप जानते हैं ?... क्लासिक फील्ड हॉकी में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय गोल स्कोरर भारत के ध्यानचंद हैं, उन्होंने 185 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 570 गोल किए।**

## चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 : भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक, न्यूजीलैंड को 44 रन से दी मात



दुबई, 2 मार्च। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी2025 के तहत दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए भारत और न्यूजीलैंड के मुकाबले में भारतीय टीम की बेहतरीन जीत हुई है। भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराकर इस मेगा इवेंट में अपनी जीत की हैट्रिक को जारी रखा है। साथ ही भारत ने इस मुकाबले को जीतकर ग्रुप ए में टॉप स्थान हासिल कर लिया है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 249 रन बनाए। जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम केन विलियमसन की 81 रनों की पारी के बावजूद 45.3 ओवर में 205 रन पर ही ढेर हो गई।

श्रेयस अय्यर (79), हार्दिक पंड्या (45) और अक्षर पटेल (42) की शानदार पारियों के बाद वरूण चक्रवर्ती (पांच विकेट) और अन्य के बेहतरीन स्पिन आक्रमण की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के 12वें मुकाबले में 44 रनों से हराकर अपना विजय क्रम जारी रखा।

250 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 49 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। रचिन रविंद्र (छह) को हार्दिक ने आउट किया। उसके बाद 12वें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने विल यंग (22) को चलता कर दिया। इसके बाद केन विलियमसन और डैरिल मिचेल ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

इन दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी हुई। 26वें ओवर की पहली गेंद कुलदीप यादव ने डैरिल मिचेल (17) को पगबाधा कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद तो भारतीय स्पिन गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर अपना शिकंजा कस लिया। भारतीय स्पिन आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। टॉम लेथम (14),ग्लेन फिलिप्स (12) और माइकल ब्रेसवेल को वरूण चक्रवर्ती ने पगबाधा आउट किया। 41वें ओवर में अक्षर पटेल ने एक छोर थामे रन बटोर कर शतक की ओर बढ़ रहे केन विलियमसन को केएल राहुल के हाथों स्टंप कराकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। केन विलियमसन ने 120 गेंदों में सात चौकों की मदद से (81) रनों की पारी खेली। अपनी टीम को जीत की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे कप्तान मिचेल सैंटनर (28) को वरूण ने 45वें ओवर में बोल्ड कर न्यूजीलैंड की जीत की उम्मीद को खत्म कर दिया। इसी ओवर में मैट हेनरी (दो) भी वरूण का शिकार बने। इसके बाद कुलदीप यादव ने विलियम ओरूर्क (एक) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड की पारी को 45.3 ओवर में 205 रन पर समेट कर मैच भारत की झोली में डाल दिया।

भारत की ओर से वरूण चक्रवर्ती ने तीन विकेट लिये।कुलदीप यादव को दो विकेट मिले। हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहाँ न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में शुभमन गिल (दो) का विकेट गवां दिया। उन्हें मैट हेनरी ने पगबाधा आउट किया। छठें ओवर में काइल जेमीसन ने कप्तान रोहित शर्मा (15) को विल यंग के हाथों कैच आउट कराकर भारत को दूसरा झटका दिया। इसके बाद मैट हेनरी ने विराट कोहली (11) को फिलिप्स के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया।

30 के स्कोर पर तीन विकेट गवां चुकी भारतीय टीम को श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल की जोड़ी ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में रचिन रविंद्र ने अक्षर पटेल को आउट कर न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। अक्षर पटेल ने 61 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (42) रनों की पारी खेली। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे श्रेयस अय्यर को 37वें ओवर में विलियम ओरूर्क ने आउट किया। श्रेयस अय्यर ने 98 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (79) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। 40वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने के एल राहुल (23) को अपना शिकार बनाया। 46वें ओवर में मैट हेनरी ने रवींद्र जाडेजा (16) को आउट न्यूजीलैंड को सातवीं सफलता दिलाई। मैट हेनरी ने 50वें ओवर में हार्दिक पंड्या को आउट किया।

हार्दिक पंड्या ने 45 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (45) रनों की शानदार पारी खेली। मोहम्मद शमी (पांच) मैट हेनरी का पांचवां शिकार बने। न्यूजीलैंड के शानदार गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारत निर्धारित 50 ओवरों नौ विकेट पर 249 रन ही बना सका। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने पांच विकेट लिये। काइल जेमीसन, विलियम ओरूर्क, मिचेल सैंटनर और रचिन रविंद्र ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' : सेबेस्टियन को



नई दिल्ली, 2 मार्च। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के दावेदार सेबेस्टियन को का मानना है कि 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है लेकिन कई अन्य देशों के इस दौड़ में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा कठिन होगी।

भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम है।

को ने कहा, ''मेरी पृष्ठभूमि को देखते हुए मेरे यह कहने से आपको हैरानी नहीं होगी कि मैं बहुत खुश हूं कि भारत वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई। '' उन्होंने कहा, ''पर यह बहुत प्रतिस्पर्धी होगा। क्योंकि इसमें सिर्फ एक ही बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है। ''

पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कíये, मैक्सिको और मिस्त्र उन अन्य देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त की है। 2036 खेलों के मेजबान देश का 2026 से पहले पता नहीं चलेगा। लेकिन यह निश्चित है कि नए आईओसी प्रमुख के 20 मार्च के चुनाव के विजेता की अध्यक्षता के दौरान मेजबान का चयन किया जाएगा।

आईओसी अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने वाले सात उम्मीदवारों में उन्हें सबसे आगे माना जा रहा है। 68 वर्षीय को दो बार ओलंपिक 1500 मीटर के स्वर्ण पदक विजेता हैं। उन्होंने भारत को सलाह देते हुए कहा कि अगर उसे 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो उसे ओलंपिक आयोजित करने की अपनी महत्वाकांक्षा को खत्म नहीं करना चाहिए।

को ने कहा, ''बहुत से शहरों ने बोली लगाई और लेकिन उनकी बोली स्वीकार नहीं हुई। दिलचस्प बात यह है कि जब लंदन ने 2005 में (2012 चरण के लिए) बोली हासिल की थी, तो उसने पेरिस को हराया था। हम सभी अभी पेरिस ओलंपिक खेलों (2024) में गए थे। '' को अभी विश्व एथलेटिक्स का नेतृत्व कर रहे हैं, उन्होंने कहा, ''रियो उन शहरों में से एक था जो 2012 की बोली के लिए शुरुआती मूल्यांकन से आगे नहीं बढ़ पाया था। और ब्रिटेन के तुरंत बाद उनके पास 2016 में बोली थी। '' उन्होंने कहा, ''इसलिये यह किसी भी तरह से कहानी का अंत नहीं है। और बोली लगाने से मिली विरासत भी एक बहुत मजबूत विरासत है।

## वरुण चक्रवर्ती की फिरकी में फंसे कीवी खिलाड़ी

दुबई, 2 मार्च। दुबई में खेले गए मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड टीम को 44 रन से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ठ्रुप ए में टॉप पर पहुंच गई है।

वहीं अब भारत का सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से दुबई में ही मुकाबला होगा। ये गलत नहीं होगा कि भारत की इस जीत का श्रेय वरुण चक्रवर्ती को जाता है। वरुण चक्रवर्ती ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 विकेट हॉल लेकर टीम इंडिया की जीत को पक्का किया।वहीं वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। यही नहीं उन्होंने इस गेंदबाजी के दम पर मोहम्मद शमी के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

दरअसल, वरुण ने कीवी टीम के खिलाफ 10 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए और वो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से बेस्ट गेंदबाजी करने वाले दूसरे गेंदबाज बने। वरुण ने शमी को पीछे छोड़ते हुए जिन्होंने इस टूर्नामेंट में भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ 53 रन देकर 5 विकेट लिए थे। अब शमी तीसरे नंबर पर चले गए जबकि 42 रन देकर 5 विकेट लेने वाले वरुण दूसरे नंबर पर आ गए। इस लिस्ट में रविंद्र जडजो टॉप पर हैं जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

इसके अलावा वरुण चैंपियंस ट्रॉफी में फाइफर लेने वाले दूसरे उम्रदराज बॉलर बन गए हैं। वरुण ने कमाल 33 साल 185 दिन की उम्र में किया जबकि उन्होंने मैट हेनरी को पछाड़ दिया है। जिन्होंने ये कमाल इसी सीजन में भारत के खिलाफ 33 साल 78 दिन की उम्र में किया ता।

## स्टेट्समैन विंटेज कार रैली में शामिल 54 वाहन ट्रॉफियों से सम्मानित

नई दिल्ली, 2 मार्च। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को आयोजित दुर्लभ और प्रतिष्ठित कारों की भव्य परेड में शामिल 54 वाहनों को उनके प्रदर्शन के आधार पर पांच श्रेणियों की ट्रॉफियों से सम्मानित किया गया। आज यहां बहुप्रतिक्षित 58वीं वार्षिक 'द स्टेट्समैन विंटेज एंड क्लासिक' कार रैली में दिल्ली और दूसरे प्रांतों के पुरानी कारें रखने के शौकीन लोगों ने सहेज कर रखे गये अपने खूबसूरत वाहनों की नुमाइश की। रैली में 1914 से 1960 के दशक तक की 100 से अधिक कारें शामिल थीं। दिल्ली के दिल माने जाने वाले कनॉट प्लेस के स्टेट्समैन हाउस से शुरू हुई ऐतिहासिक कार रैली को इंडियन ऑयल के अध्यक्ष मुख्य अतिथि अरविंदर सिंह साहनी ने आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लगभग 44 किलोमीटर की रैली के रास्ते में दर्शकों को लुभाते हुए ये कारें राजधानी के नेशनल स्टेडियम में पहुंची। रंगारंग समापन कार्यक्रम में कार स्वामियों को विंटेज और क्लासिकल वर्ग में कारों के उल्लेखनीय रखरखाव और साज-सज्जा के लिये विशिष्ट अतिथि दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री मंजिन्दर सिंह सिरसा, स्टेट्समैन समूह के अध्यक्ष आर. पी. गुप्ता, स्टेट्समैन के प्रबंध निदेशक रवीन्द्र कुमार, विधि एवं कानून मंत्रालय में अपर सचिव मनोज कुमार, निदेशक विनीत गुप्ता ने विजेताओं को ट्रॉफियां प्रदान की।

## केरल को हराकर विदर्भ ने जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब



नागपुर, 2 मार्च। विदर्भ ने फाइनल मुकाबले में रनों का पहाड़ करते हुए केरल को हराकर रविवार को पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। केरल और विदर्भ के बीच नागपुर में खेला गया फाइनल मुकाबला पांचवें दिन ड्रॉ पर समाप्त हुआ। विदर्भ को पहली पारी में केरल पर बनाई गई बढ़त के आधार पर जीत मिली और इस घरेलू टूर्नामेंट में चैंपियन बन गया। विदर्भ ने तीसरी बार रणजी का खिताब जीता है। इससे पहले उसने 2017-18 और 2018-19 में खिताब जीता था। विदर्भ के दानिश मालेवार को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

वहीं विदर्भ के हर्ष दुबे को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। विदर्भ ने कल के चार विकेट पर 249 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में मैच के पांचवें दिन करूण नायर ने अभी अपने कल के स्कोर में तीन रन जोड़े थे कि आदित्य सरवटे ने उन्हें अजरुद्दीन ने स्टंप कर पवेलियन भेज दिया। नायर ने (295) में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (135) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। हर्ष दुबे (चार) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान अक्षय वड़कर(25) को सरवटे ने बोल्ड आउट किया। अक्षय कारनेवार (30) को एनपी बासिल ने बोल्ड किया। दोनों कप्तानों की मैच ड्रा करने की सहमिति के समय विदर्भ ने 143.5 ओवरों में नौ विकेट पर 375 रन बना लिये थे और दर्शन नालकंडे (51 अवजित) और यश ठाकुर (आठ) अविजित रहे। केरल की ओर से आदित्य सरवटे ने चार विकेट लिये। एम डी निधीष, जलज सक्सेना, ईडन ऐपल टॉम, एनपी बासिल और अक्षय चंद्रन ने एक-एक विकेट लिया।

**चैंपियन विदर्भ टीम पर पैसों की बारिश:** रणजी ट्रॉफी का खिताब तीसरी बार अपने नाम करने वाली विदर्भ पर पैसों की बारिश हुई है। केरल के खिलाफ विदर्भ ने फाइनल मैच ड्रॉ होने के बाद पहली पारी की बढ़त के आधार पर विदर्भ को चैंपियन घोषित किया गया। प्लेयर ऑफ द मैच बल्लेबाज दानिश मालेवार को चुना गया। जिन्होंने पहली पारी में 153 और दूसरी पारी में 73 रन बनाए। करुण नायर ने भी पहली पारी में 86 रनों की अहम पारी खेली, दूसरी पारी में उन्होंने शतक जड़ा। चैंपियन बनी विदर्भ टीम पर पैसों की बारिश हुई।

बीसीसीआई द्वारा रणजी ट्रॉफी चैंपियन टीम को इनामी राशि के रूप में 5 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। रनर-अप टीम केरल को बीसीसीआई ने 3 करोड़ रुपये इनामी राशि के तौर पर दिया। बीसीसीआई के पूर्व सचिव और वर्तमान आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने पिछले साल घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट में प्राइज मनी को बढ़ाया था। रणजी ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल से बाहर हुई दोनों टीमों को 1-1 करोड़ रुपये इनामी राशि के तौर पर मिले।

## 'अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन' का चौथा सफल आयोजन

नारायणपुर, 2 मार्च। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन-2025 में रविवार को पुरूष वर्ग में उत्तर प्रदेश के अक्षय कुमार ने 01 घण्टा 02 मिनट 15 सेकंड में और महिला वर्ग में इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने 01 घण्टा 13 मिनट 01 सेकेण्ड में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य के संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद महेश कश्यप और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा आज अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 2025 के चौथे आयोजन में शामिल हुए। यहां बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 5.30 बजे से दौड़ लगाकर मैराथन दौड़ का शुरूआत किया गया। मैराथन दौड़ शुरू होने के पूर्व हजारों धावकों को वार्मअप कराने हेतु जुम्बा डॉस कराया गया, जिसका धावकों ने खूब आनंद लिया। मैराथन दौड़ ओरछा विकासखंड के ग्राम बासिंग में संपन्न हुई जहां विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

## राजीव गांधी क्लब ने सबा क्लब को हराया



जयपुर, 2 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में राजीव गांधी क्लब ने सबा क्लब को 30 रनों से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में सबा क्लब ने टॉस जीतकर पहले राजीव गांधी क्लब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

राजीव गांधी क्लब ने जयेश पण्डिता के शतक 101 रन (96 गेंद, 12 चौके व 4 छक्के), मोहित भुगतनी के 68 रन, रक्षित लूणावत के 39 रन, शिफॉन खान के 17 रन, अक्षत चंदवाल के 13 रन, सारांश गोस्वामी के 15 रन व जे पी अटवाल के 13 रनों से 50 ओवर में 8 विकेट पर 280 रन बनाए। सबा क्लब के लिए सार्थक त्यागी ने 51 पर 3, नीतीराज सिंह ने 59 पर 2, आयुष आमेरिया व नावेद खान ने 1-1 विकेट लिया। जवाबी पारी में सबा क्लब की टीम आयुष आमेरिया के 17 रन, वरदान शर्मा के 78 रन, नावेद खान के 18 रन, मोहम्मद अमन खिलजी नाबाद 66 रन, मोहम्मद सैफ के 31 रन, मनीष के 13 रनों से 48 ओवर में 250 रन बनाकर आउट हो गई।

राजीव गांधी क्लब के लिए जे पी अटवाल ने 47 पर 5, सारांश गोस्वामी ने 26 पर 2, गोविंद चोपड़ा ने 47 पर 2, व जयेश पण्डिता ने 40 पर एक विकेट लिया। मैच के दौरान पूर्व रणजी कप्तान पी कृष्ण कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बल्लेबाजी व गेंदबाजी के साथ-साथ फील्डिंग के स्तर को सुधारने पर पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

## मधवेंद्र शेखावत ने पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ में की राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी

एरिजोना (अमेरिका), 2 मार्च। भारत के मधवेंद्र शेखावत ने बिग स्काई इनडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। शनिवार को अमेरिका के एरिजोना यूनिवर्सिटी में आयोजित बिग स्काई इनडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में 21 वर्षीय भारतीय एथलीट ने 7.64 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पर रहते हुए बाधा दौड़ जीती। इसी के साथ उन्होंने पिछले महीने फ्रांस में तेजस शिरसे द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मधवेंद्र ने फाइनल में जमैका के जेरोम कैंपबेल को हराकर जीत दर्ज की। इस चैपियंसशिप में जेरोम 7.65 सेकेंड के साथ दूसरे तथा अमेरिका के जाचरी विंगर 7.93 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## शेफाली-जानासन के तूफानी अर्द्धशतकों से दिल्ली प्लेऑफ में



बेंगलुरु, 2 मार्च। शेफाली वर्मा (80 नाबाद) और जेस जॉनासन (61 नाबाद) की विस्फोटक पारियों के चलते दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को नौ विकेट से धोकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। एलिस पेरी (60 नाबाद) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स ने पांच विकेट पर 147 रन बनाये थे जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने विजय लक्ष्य 33 गेंद शेष रहते एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी जब कप्तान मेग लानिंग सिर्फ दो रन बना कर आउट हो गयी और दिल्ली के सिर्फ पांच रन बने थे। ऐसे में मुकाबले के दिलचस्प होने के आसार दिख रहे थे मगर शेफाली और जॉनासन ने बेखौफ अंदाज में बेंगलुरु के गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। दोनो छोर से गेंदबाजों की हो रही धुनायी से क्षेत्ररक्षक भी असहज दिखे। कप्तान स्मृति मंधाना ने इस जोड़ी को तोड़ने के लिये हरसंभव प्रयोग किये और अपने सात गेंदबाजों को उतारा मगर नतीजा सिफर रहा और दिल्ली ने बड़ी ही आसानी से यह मैच अपने नाम कर लिया।

शेफाली ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 43 गेंद खेलकर आठ चौके और चार छक्के लगाये जबकि जॉनासन ने 38 गेंदों की पारी में नौ चौके और एक छक्का जड़ा।

## आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी व धर्मवीर शेखावत ने बीसीसीआई एसजीएम में भाग लिया



जयपुर, 2 मार्च। मुंबई में आयोजित बीसीसीआई की, बीसीसीआई संयुक्त सचिव के चुनाव हेतु आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम स्थित बीसीसीआई ऑफिस पहुंचे। बीसीसीआई की एसजीएम में राजस्थान क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिया।एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी व कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत ने इस अवसर पर रोहन देसाई को बीसीसीआई का नवनिर्वाचित संयुक्त सचिव बनने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत के अनुसार उन्होंने व कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी ने बीसीसीआई एसजीएम में राजस्थान क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव देवजीत सैकिआ, कोषाध्यक्ष प्रबतेजसिंह भाटिया, संयुक्त सचिव रोहन देसाई व अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 के दौरान आयोजित की गयी विभिन्न क्रिकेट प्रतियोगिताओं व गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही खेलों के आयोजन हेतु बीसीसीआई द्वारा समय समय पर दिए गए दिए गए आवश्यक अनुदान व प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान बीसीसीआई के पूर्णसहयोग की प्रशंसा की। साथ ही बीसीसीआई पदाधिकारियों ने उन्हें आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों हेतु पूर्ण सहायता व सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

**राजस्थान महिला चयन कमेटी ने आगामी 5 मार्च से नागपुर में खेली जाने वाली बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 वीमेन एक दिवसीय ट्रॉफी हेतु राजस्थान टीम का चयन किया**

चयनित राजस्थान अंडर 23 वीमेन टीम : - आयुषी गर्ग, यशस्वी कट्टा, कौशल्या चौधरी, सिद्दी शर्मा, रुद्राक्षी सिंह, दीक्षा सैनी, उषा परेरिया, डिंपल कँवर, चंद्रज्योत्सनाभाटी,शानू सेन, कल्पना रावत, मेघा सैनी, पार्वती, श्रेया जोशी, रिज़ा शेख, ज्योति चौधरी, कंचना हूडा, मैना सियोल, हैप्पी कुमारी, अनन्या वर्मा।

## जयपुर यूएसपीए बनी एसएमएस गोल्डवास कप की विजेता




जयपुर, 2 मार्च। जयपुर पोलो सीजन 2025 के अंतर्गत रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर एसएमएस गोल्ड वास कप (04 गोल) का फाइनल मैच खेला गया। टीम जयपुर यूएसपीए और एसएमएस पोलो अकेडमी के बीच हुए इस रोमांचक मुकालबे में टीम जयपुर यूएसपीए विजेता रही। जयपुर यूएसपीए ने आधे गोल के एडवांटेज के साथ एसएमएस पोलो अकेडमी को 6.5 - 4 के स्कोर से हराकर कप अपने नाम कर लिया। इस टूर्नामेंट के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (एमवीपी) का खिताब शुभम गुप्ता ने जीता।

इस अवसर पर जोधपुर, मारवाड़ के एचएच महाराजा गज सिंह द्वितीय मुख्य अतिथि और रॉयल जेम्स एंड आर्ट्स जयपुर से शांति चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। विजेता टीम जयपुर यूएसपीए की ओर से शुभम गुप्ता ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 3 गोल किए। टीम के लिए एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, विक्रमादित्य सिंह बरकाना और मयूर सिंह ने 1-1-1 गोल किया। वहीं, एसएमएस पोलो अकेडमी से विशाल सिंह राठौड़ ने 3 गोल और अनिरुद्ध मावाजी ने 1 गोल किया। टीम से लांस वाटसन और दिव्यमान सिंह दुजोद भी खेले।



*भजनलाल शर्मा ने रविवार को बांसवाड़ा के तलवाड़ा स्थित शक्ति पीठ त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में सपरिवार विधि-विधान से पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक श्रीचन्द कृपलानी, कैलाशचन्द्र मीणा, बांसवाड़ा जिला प्रमुख रेशम मालवीया, जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अगरवाला सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हैलिपैड पर उनका स्वागत किया।*

# प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया

## रविवार सुबह मोदी ने पशु बचाव संरक्षण एवं पुनर्वास केन्द्र वनतारा का दौरा किया

**■ तीन हज़ार एकड़ में फैला वनतारा रिलायन्स की रिफाइनरी के परिसर में है। वनतारा यात्रा के दौरान मुकेश अंबानी उनकी पत्नी नीता, पुत्र अनंत व पुत्रवधु राधिका भी साथ थे।**

जामनगर, 02 मार्च। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। दूसरे दिन रविवार 02 मार्च को मोदी ने सोमनाथ महादेव के दर्शन किए और जलाभिषेक के साथ-साथ मार्कण्डेय पूजा और ध्वज पूजा की।

सोमनाथ मंदिर में विद्वानों ने शास्त्रीय मंत्रों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया।

मंदिर में सोमनाथ संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का जाप किया। प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। ज्ञातव्य है कि सोमनाथ ट्रस्ट इस प्रसिद्ध धार्मिक स्थल का प्रबंधन करता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं।

शनिवार शाम जामनगर पहुंचे प्रधानमंत्री ने रविवार सुबह गुजरात के जामनगर जिले में पशु बचाव संरक्षण एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा किया। तीन हजार एकड़ में फैला वनतारा रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी परिसर में स्थित है। यह वन्यजीवों के कल्याण के लिए समर्पित बचाव केंद्र है और दुर्व्यवहार तथा शोषण से बचाए गए पशुओं को अभयारण्य पुनर्वास एवं चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है।

मोदी की वंतारा यात्रा के दौरान उनके साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी नीता अंबानी और उनके बेटे अनंत अंबानी और बहू राधिका भी थीं। वंतारा में 200 से अधिक रैस्क्यू किए गए हाथियों को रखा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सासन में रात्रि विश्राम के बाद पीएम मोदी सोमवार को जंगल सफारी का आनंद लेंगे। 'सिंह सदन' लौटने पर प्रधानमंत्री नैशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एन.बी.डब्ल्यू.एल.) के पदेन अध्यक्ष के रूप में इसकी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। एनबीडब्ल्यूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बैठक के बाद पीएम मोदी सासन में कुछ महिला वनकर्मियों से भी बातचीत करेंगे।

# 'राजस्थान सरकार प्रदेश के आस्था धामों का कायाकल्प करने का काम कर रही है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने श्रीजंबूखंड भैरवजी मंदिर के जीर्णोद्धार महोत्सव में भाग लिया व त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर में पूजा की

**■ मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए 6 हजार वरिष्ठ जनों को हवाई मार्ग से तथा 50 हजार को एसी ट्रेन से तीर्थ यात्रा कराई जायेगी।**

डूंगरपुर/जयपुर, 2 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, मंदिर सनातन संस्कृति की आत्मा हैं। प्राचीन समय से ही भारत भव्य और दिव्य मंदिरों की भूमि रहा है और इन मंदिरों के जरिए हमारी आध्यात्मिक कीर्ति दुनियाभर में फैली है।

शर्मा रविवार को डूंगरपुर के खेरमाल में श्री जाम्बुखंड भैरवजी मंदिर जीर्णोद्वार महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर की पूरी धरती भक्ति और अध्यात्म की पावन धरा है। वागड़ के प्रमुख तीर्थों में से एक स्वयंभू श्री जाम्बुखंड भैरव जी मंदिर यहां के निवासियों के लिए सदियों से आस्था और श्रद्धा का केंद्र रहा है तथा आज का यह पावन अवसर भारत की सनातन संस्कृति के उत्थान का ही एक हिस्सा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के 'विकास भी और विरासत भी' के इसी मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ा रही है तथा प्रदेश में आस्था धामों का कायाकल्प करने का काम कर रही है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में जनजातीय आस्था के केंद्र त्रिपुरा सुंदरी, मानगढ़ धाम, बेणेश्वर धाम, सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर, मातृकुंडिया आदि को शामिल कर जनजातीय पर्यटन सर्किट विकसित करने घोषणा की है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या, काठमांडू में पशुपतिनाथ और अन्य तीर्थस्थलों की यात्रा करवा रही है। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष के बजट में इस योजना के अन्तर्गत आगामी वर्ष में 6 हजार वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग से और 50 हजार वरिष्ठजनों को एसी ट्रेन से तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार गौतमेश्वर मंदिर, अरनोद प्रतापगढ़, करणी माताजी मंदिर एवं नीमच माताजी मंदिर उदयपुर जैसे बहुत से मंदिरों में विकास कार्य करवा रही है। पुष्कर (अजमेर) में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर और सरोवर परिक्रमा मार्ग एवं रणछोड़राय खेड तीर्थ (पचपदरा) जैसे अनेक तीर्थों का कायाकल्प कर रही है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासी संस्कृति के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जनजाति के नायकों की पहचान स्थापित करने के लिए उदयपुर में कालीबाई भील, बांसवाड़ा में बांसिया चरपोटा और डूंगरपुर में डूंगर-बरंडा स्मारक का निर्माण करवाया जा रहा है।

इस अवसर पर पीठाधीश्वर बेणेश्वर धाम साबला हरि मंदिर महंत श्री अच्युतानंद महाराज, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, विधायक शंकर डेचा, श्रीचंद कृपलानी, उदय लाल डांगी, शांता मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## खड़गे, राहुल, प्रियंका ने रमज़ान पर शुभकामनायें दीं

**■ कांग्रेस नेताओं ने देशवासियों की खुशहाली की कामना की।**

नयी दिल्ली, 02 फरवरी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रमज़ान पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है।

खरगे ने रविवार को कहा, रमज़ान शुरू हो गया है। हम सब भी प्रार्थना, क्षमा और दूसरों की सेवा की प्रतिबद्धता के लिए नये सिरे आशीर्वाद के रूप में इस पवित्र महीने को अपनायें। आइए हम अपने समुदायों में करुणा, शांति और सौहार्द फैलाने का प्रयास करें, रमज़ान मुबारक। गांधी ने कहा, "रमज़ान मुबारक। यह पवित्र महीना आपके जीवन को खुशियों से भर दे और आपके दिल को शांति प्रदान करे।"

वाड्रा ने कहा, रहमतों और बरकतों के पवित्र माह रमज़ान की आप सभी को दिली मुबारकबाद।

# चमोली के हिमस्खलन में फंसे 4 मजदूरों के शव निकाले गये

## चार मजदूरों की इलाज के दौरान मौत हो गई, बाकी 46 को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया

**■ सुरक्षित रेस्क्यू किये गये 46 श्रमिकों में से 44 का ज्योतिर्मठ स्थित सेना अस्पताल में इलाज चल रहा है।**

देहरादून, 02 मार्च। उत्तराखंड के चमोली में 28 फरवरी को आए एवलांच में फंसे 8 मजदूरों की मौत हो गई। इनमें 4 की रेस्क्यू के बाद इलाज के दौरान मृत्यु हुई, जबकि रविवार को 4 शव निकाले गए। छियालीस मजदूरों का सुरक्षित निकाला गया।

हादसे के दूसरे दिन शुक्रवार को 17 लोगों को निकाला गया था। शनिवार को 33 लोग निकाले गए थे। इन्हीं में से चार लोगों की मौत हुई थी। पहले लापता मजदूरों की संख्या 55 बताई गई थी, लेकिन शनिवार को पता चला कि एक मजदूर बिना बताए कैंप से अपने गांव चला गया था।

रेस्क्यू किए गए 46 मजदूरों को जोशीमठ के आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इनमें से दो की हालात गंभीर होने के बाद ऋषिकेश रेफर किया गया है। आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने आज शाम बताया कि खोज एवं बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर किए गए रेस्क्यू कार्य अब पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि मृत श्रमिकों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। प्रशासन मृतकों के शवों को उनके घर पहुंचाने की व्यवस्था कर रहा है।

विनोद कुमार सुमन ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो श्रमिकों का एम्स ऋषिकेश में उपचार किया जा रहा है। प्राप्त सूचना के अनुसार, उनकी स्थिति में सुधार है। सुमन ने बताया कि वृहद स्तर पर संचालित रेस्क्यू अभियान के दौरान, आज चार शव बरामद हुए हैं जबकि कल भी चार शव बरामद किए गए थे। इस तरह कुल आठ शव अब तक बरामद किए गए हैं।

सुमन ने बताया कि रेस्क्यू अभियान को गति देने के लिए आज जीपीआर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंची, जिसे एमआई-17 हैलीकाप्टर द्वारा घटना स्थल पर भेजा गया। इसके अलावा, एनडीआरएफ द्वारा थर्मल इमेजिंग कैमरा, विक्टिम लोकेटिंग कैमरा, एवलांच रॉड, डॉग स्क्वाड को घटना स्थल पर भेजा गया तथा इनके माध्यम से व्यापक स्तर पर रैस्क्यू अभियान संचालित किया गया। सुमन ने बताया, मृतकों में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के 8 श्रमिक शामिल हैं।

## कुख्यात "दस्यु सुन्दरी" कुसमा नाइन की मृत्यु

इटावा, 02 मार्च। एक समय चंबल घाटी की कुख्यात 'दस्यु सुंदरी' रही कुसमा नाइन की उपचार के दौरान मौत हो गई। इटावा जिला जेल के अधीक्षक कुलदीप सिंह ने रविवार को बताया कि इटावा जिला जेल में उम्रकैद की सजा काट रही महिला डाकू कुसमा नाइन एक फरवरी को टी.बी. रोग के चलते नाजुक हालत में इटावा मुख्यालय के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराई गई थी। वहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी भेज दिया गया था लेकिन सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों ने कुसमा नाइन को एसजीपीआई लखनऊ भेजा जहां उपचार के दौरान शनिवार दोपहर बाद उनकी मौत हो गई।

कुसमा नाइन के पार्थिव शव को उनके पैतृक गांव जालौन जिले के सिरसा कालर स्थित टिकरी गांव ले जाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। कुसमा इटावा जिला कारागार में करीब 20 साल से सजा काट रही थी।

# 'श्रीलंका में कैद मछुआरों व नौकाओं की रिहाई में केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करे'

## अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे मछुआरों ने तमिलनाडु के राज्यपाल रवि को ज्ञापन दिया

**■ रामेश्वरम में एक बैठक में भाग लेने आये राज्यपाल आर.एन. रवि ने प्रदर्शन कर रहे मछुआरों और उनके परिवार से मुलाकात की तथा सहानुभूति व्यक्त की।**

रामेश्वरम, 2 मार्च। तमिलनाडु के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी और श्रीलंका नौसेना द्वारा उनकी नौकाओं को जब्त करने की निंदा करते हुए 24 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल और धरना-प्रदर्शन पर बैठे रामेश्वरम के मशीनीकृत नाव मछुआरों ने रविवार को राज्यपाल आर.एन. रवि को एक याचिका सौंपी, जिसमें सभी कैद मछुआरों और उनकी नौकाओं की रिहाई के लिए केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप की मांग की गई।

यहां एक बैठक में भाग लेने आए रवि ने रामेश्वरम के थंगाचिमदम में धरना-प्रदर्शन कर रहे मछुआरों और उनके परिवारों से मुलाकात की और उनके साथ अपनी सहानुभूति एवं एकजुटता व्यक्त की। हड़ताल का आ ान करने वाले, फेडरेशन ऑफ ऑल मैकेनाइज्ड बोट्स फिशरमैन एसोसिएशन के नेताओं ने राज्यपाल को एक याचिका सौंपी, जिसकी एक प्रति मीडिया को जारी की गई। याचिका में उन्होंने कहा कि जब तक केन्द्र सरकार आश्वासन नहीं देती, तब तक मछुआरे हड़ताल जारी रखने का संकल्प ले चुके हैं क्योंकि श्रीलंका की नौसेना अवैध शिकार की आड़ में लगातार हमला कर रही है, उन्हें गिरफ्तार कर रही है और नौकाओं को जब्त कर रही है। मछुआरों की गिरफ्तारी में चिंताजनक वृद्धि होने के कारण मछुआरों की आजीविका खतरे में है। मछुआरों ने केन्द्र सरकार से यह आश्वासन मांगा है कि वे पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों के मछली पकड़ने के अधिकारों को श्रीलंका सरकार के समक्ष उठाएंगे और कोई स्थायी समाधान निकालेंगे।

राज्यपाल के दौरे के मद्देनजर पुलिस ने रामेश्वरम और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। श्रीलंका नौसेना द्वारा 23 फरवरी को रामेश्वरम से 32 मछुआरों को हिरासत में लेने के बाद फेडरेशन ऑफ ऑल मैकेनाइज्ड बोट्स फिशरमेन एसोसिएशन ने अनिश्चित-कालीन हड़ताल का आव्हान किया था।

# हरियाणा कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या का मामला उलझा

## हिमानी की मां ने शव लेने से इंकार किया, रोहतक पुलिस ने जांच के लिये एसआईटी गठित की

**■ हिमानी की मां ने कहा कि हिमानी का कद पार्टी में बढ़ रहा था। वह राहुल गांधी के साथ जा रही थी, हुड्डा परिवार की करीबी थी। इस वजह से लोग उससे जल रहे थे।**

रोहतक, 02 मार्च। कांग्रेस की महिला नेता हिमानी की हत्या को लेकर हरियाणा में सियासी पारा गरमा गया है। कांग्रेस नेता राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार को घेर रहे हैं। दूसरी ओर हिमानी की हत्या को लेकर उनकी मां ने पार्टी के कुछ लोगों पर शक जताया है। हिमानी की मां का कहना है कि जब तक हमे न्याय नहीं मिलता, अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। ऐसे में हिमानी का दाह संस्कार रुक गया है। हिमानी की मौत के मामले की जांच के लिए रोहतक पुलिस ने एक स्पेशल टीम (एसआईटी) का गठन किया है, जो पूरे मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। परिवार ने पोस्टमॉर्टम के लिए तो सहमति दे दी है, लेकिन शव लेने से इन्कार कर दिया है। हिमानी की मां सविता ने कहा, "अगर मेरी बेटी को न्याय नहीं मिला तो मैं उसका अंतिम संस्कार नहीं करूंगी।"

हिमानी की मां ने बताया, हमें थाने से फोन आया और बताया गया कि हमारी बेटी का शव सांपला बस स्टैंड पर मिला है। इस खबर से हमारा परिवार सदमे में है। मेरी बेटी आशा हुड्डा (भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी) के बहुत करीब थी।

हिमानी नरवाल की मां ने आरोप लगाते हुए कहा, "चुनाव और पार्टी ने मेरी बेटी की जान ले ली। इस वजह से उसने कुछ दुश्मन बना लिए थे। ये (दोषी) पार्टी से हो सकते हैं, उसके दोस्त भी हो सकते हैं।"

हिमानी की मां ने आगे कहा कि हिमानी का कद पार्टी में बढ़ रहा था। वह राहुल गांधी के साथ जा रही थी, वह हुड्डा परिवार की करीबी थी, इसी वजह से लोगों को दिक्कत हो रही थी, वे उससे जल रहे थे।

हिमानी नरवाल की हत्या मामले में सांपला के डीएसपी रजनीश कुमार ने बताया कि हिमानी रोहतक में अकेली रहती थी। उसकी मां और भाई दिल्ली में रहते थे। हिमानी एलएलबी की पढ़ाई कर रही थी। वो कई साल से कांग्रेस में थी।

हिमानी की मां ने यह भी बताया कि मेरे बड़े बेटे की 2011 में हत्या कर दी गई और हमें कभी न्याय नहीं मिला। इसलिए दूसरे बेटे को उसकी जान बचाने के लिए बीएसएफ कैंप ले गई। चुनाव के बाद वह पार्टी से थोड़ा निराश हो गई थी। हिमानी लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ी थी। बीते दिनों वह शादी के लिए भी राजी हो गई थी।"




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908